3 | राजधानी
जाम से निजात दिलाने को बनेंगे दो फ्लाईओवर

6 | अभिमत
भारत में बढ़ती उर्वरक सब्सिडी

9 | राष्ट्रीय
धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा चक्रवात असानी

10 | विदेश
रूस ने ओडेसा तट पर हमला किया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 182
नई दिल्ली, बुधवार, 11 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



बाहर काफी शोर होता है लेकिन मुझ पर उसका असर नहीं होता
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# श्रीलंका में और बिगड़े हालात

## पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने नौसेना के अड्डे में ली शरण

- राष्ट्रपति ने लोगों से हिंसा छोड़ने का अनुरोध किया, मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हुई
- रक्षा मंत्रालय ने हिंसा करने वालों को गोली मारने का दिया आदेश

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने मंगलवार को लोगों से साथी नागरिकों के खिलाफ हिंसा और बदले की कार्रवाई बंद करने का आग्रह किया और राष्ट्र के सामने आने वाले राजनीतिक व आर्थिक संकट को दूर करने का संकल्प व्यक्त किया। इससे पहले राष्ट्रपति के बड़ी भाई और पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को नौसेना के अड्डे पर भेज दिया गया।

उनके समर्थकों पर एक के बाद हो रहे हमलों के बाद उनकी सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। देश में हिंसा में कम से कम आठ लोगों की जान अब तक जा चुकी है। कोलंबो



कोलंबो में भड़की सरकार विरोधी हिंसा के बाद घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। वहीं देश का झंडा लहराते कुछ लोगा

और देश के अन्य हिस्सों में करीब 250 लोग हिंसा में घायल भी हुए हैं। सबसे खराब आर्थिक संकट पर लोगों के बढ़ते गुस्से के बीच सत्तारूढ़ राजपक्षे परिवार के पैतृक घर को भीड़ द्वारा जलाए जाने के बाद पूरे द्वीपीय राष्ट्र में कर्फ्यू लागू है। हालांकि महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया है, लेकिन इसके बावजूद सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और वे राष्ट्रपति गोटबाया का भी इस्तीफा मांग रहे हैं। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद श्रीलंका अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

यह संकट मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा की कमी के कारण पैदा हुआ, जिसका अर्थ है कि देश मुख्य खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा है। नौ अप्रैल से पूरे श्रीलंका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं, क्योंकि सरकार के पास आयात के लिए धनराशि खत्म हो गई है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। राष्ट्रपति राजपक्षे ने हिंसा भड़कने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे शांत रहें और हिंसा को रोकें, चाहे उनका राजनीतिक जुड़ाव कोई भी हो। संवैधानिक जनादेश के भीतर आम ( शेष पेज 8 )

### श्रीलंका के साथ पड़ोसी धर्म निभाएंगे, देंगे पूरा सहयोग: भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**श्रीलंका** में बढ़ती महंगाई, बिजली की कटौती सहित गंभीर आर्थिक संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं के बीच भारत ने मंगलवार को कहा कि श्रीलंका के करीबी पड़ोसी देश के रूप में भारत पड़ोस प्रथम की नीति को ध्यान में रखते हुए वहां लोकतंत्र, स्थिरता एवं आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाने का पूरा समर्थन करता है। श्रीलंका की मौजूदा स्थिति के बारे में सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत की पड़ोस प्रथम नीति को ध्यान में रखते हुए भारत ने इस वर्ष में ही इस कठिन स्थिति से बाहर निकलने में ( शेष पेज 8 )

# राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि राजद्रोह के संबंध में औपनिवेशिक युग के कानून पर किसी उपयुक्त मंच द्वारा पुनर्विचार किए जाने तक नागरिकों के हितों की सुरक्षा के मुद्दे पर वह अपने विचारों से अवगत कराए। उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर सहमति जताई कि इस प्रावधान पर पुनर्विचार केंद्र पर छोड़ दिया जाए जिसने इस संबंध में एक हलफनामा दायर किया है। हालांकि न्यायालय ने प्रावधान के लगातार दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की और यह सुझाव भी दिया कि दुरुपयोग को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी किए जा सकते हैं या कानून पर पुनर्विचार की कवायद पूरी होने तक इसे स्थगित रखने का फैसला किया जा सकता है।

न्यायालय को यह तय करना था कि राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई तीन या पांच-न्यायाधीशों की पीठ को करनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने सरकार के नए रुख पर गौर किया कि वह इसकी पुन: जांच और पुनर्विचारै करना चाहती है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र के हालिया हलफनामे का हवाला देते हुए कहा कि हमें लगता है कि राज्य ने



कहा है कि वे कुछ करना चाहते हैं...हमें अनुचित नहीं होना चाहिए। केंद्र के हलफनामे में कहा गया है कि उसका निर्णय औपनिवेशिक चीजों से छुटकारा पाने के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों के अनुरूप है और वह नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के सम्मान के पक्षधर रहे हैं। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, हमारे विशिष्ट सवाल दो मुद्दों को लेकर हैं।

पहला लंबित मामलों के बारे में और दूसरा, यह कि सरकार भविष्य के मामलों पर कैसे गौर करेगी। ए दो मुद्दे हैं। और कुछ नहीं। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह बुधवार को केंद्र के रुख से अवगत कराएं। बुधवार को पीठ कुछ आदेश पारित कर सकती है। कानून के संभावितै दुरुपयोगै का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि यहां तक कि अटॉर्नी जनरल ने भी कहा था कि हनुमान चालीसा का पाठ करने पर भी किस प्रकार यह कानून लागू किया गया था। पीठ ने कहा, हम इसे स्पष्ट कर रहे हैं। हम निर्देश चाहते हैं। हम आपको कल तक का समय देंगे। हमारे विशिष्ट प्रश्न हैं: एक लंबित मामलों के बारे में और दूसरा यह कि सरकार भविष्य के मामलों पर कैसे गौर करेगी।

विधि अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करना और उनकी जांच राज्यों द्वारा की जाती है तथा इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं होती तथा प्रावधान के किसी भी दुरुपयोग की स्थिति संवैधानिक अदालतों से संपर्क किया जा सकता है। इस पर पीठ ने कहा, हम सभी को अदालतों में जाने और महीनों जेल में रहने के लिए नहीं कह सकते। जब सरकार ने खुद दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है तो आप उनकी रक्षा कैसे करेंगे? हमें संतुलन कायम करना होगा। ऐसे भी लोग हैं जो जेल में हैं और लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं... कृपया इस पर अपना रुख स्पष्ट करें। पीठ ने केंद्र से सवाल किया कि कानून पर पुनर्विचार करने में सरकार को कितना समय लगेगा। इस पर, सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वह कोई सटीक समय नहीं बता सकते लेकिन प्रक्रिया शुरू की गई है।

# जल्द घर बैठे मिल सकेगी शराब

- दिल्ली सरकार के मंत्रियों के समूह ने की सिफारिश, छूट के ऑफर से भी पाबंदी हटाने का सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शराब** की होम डिलीवरी जल्द शुरू हो सकती है। दिल्ली सरकार के मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) ने इसकी सिफारिश की है। जीओएम ने यह विचार भी व्यक्त किया कि जब तक बाजार स्वस्थ तरीके से संचालित हो रहा है तब तक खुदरा शराब विक्रेताओं द्वारा मूल्य पर दी जा रही छूट को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं लगाई जानी चाहिए।

सरकार ने खुदरा दुकानों के बाहर भीड़ और कुछ कथित कदाचारों को देखते हुए हाल ही में शराब पर छूट को 25 प्रतिशत तक सीमित कर दिया था। अधिकारियों ने कहा कि आबकारी नीति 2022-23 के संबंध में होम डिलीवरी और जीओएम की अन्य सिफारिशों के प्रस्तावों को मंजूरी के लिए दिल्ली मंत्रिमंडल के सामने रखा



जाएगा। पिछले महीने हुई जीओएम की बैठक का हवाला देते हुए एक आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया है कि मंत्रियों के समूह ने सिफारिश की है कि दिल्ली में खुदरा शराब की दुकानों से शराब की होम डिलीवरी की अनुमति दी जा सकती है।

जीओएम का विचार है कि महामारी या आपातकालीन परिस्थिति में लगाए गए लॉकडाउन के दौरान शराब की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए होम डिलीवरी एक उपयुक्त विकल्प है। इसके अलावा शराब का समान वितरण सुनिश्चित करने, नकली शराब की खपत पर लगाम लगाने और अंतरराज्यीय तस्करी रोकने में भी यह कारगर है। आबकारी विभाग का प्रस्ताव है कि होम डिलीवरी सूची में शामिल बिचौलियों द्वारा की जा सकती है जो संबंधित खुदरा विक्रेता ( शेष पेज 8 )

# शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आजम खान को अंतरिम जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक आजम खान को मंगलवार को अंतरिम जमानत दे दी। आजम खान ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के लिए यह संपत्ति हड़पी थी। अदालत ने रामपुर के जिलाधिकारी को 30 जून, 2022 तक जौहर विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित शत्रु संपत्ति का कब्जा लेने और एक चहारदीवारी खड़ी करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपने निर्देश में कहा कि जमीन का कब्जा लेने की कवायद जिलाधिकारी रामपुर की संतुष्टि के मुताबिक पूरा होने पर आजम खान की अंतरिम जमानत, नियमित जमानत में तब्दील हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि 13.842 हेक्टेयर की विवादित जमीन इमामुद्दीन कुरैशी नाम के व्यक्ति की थी जो देश के बंटवारे के बाद पाकिस्तान चला गया और उसने भारत की नागरिकता छोड़कर पाकिस्तान की नागरिकता ले ली थी। अदालत ने ( शेष पेज 8 )

# यूपी में 30 हजार करोड़ के निवेश से बनेंगे छह धनवंतरि मेगा हेल्थ पार्क



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में शल्य चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगभग 30 हजार करोड़ रुपए के निवेश से छह धनवंतरि मेगा हेल्थ पार्क स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश में करीब 30 हजार करोड़ रुपए के निवेश से जल्द ही छह धन्वंतरि मेगा हेल्थ पार्क स्थापित किए जाएंगे।

ये पार्क सर्जिकल उपकरणों तथा दवाओं जैसी चिकित्सा सुविधाओं के उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाएंगे।उन्होंने बताया कि इसी के साथ महर्षि सुश्रुत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राज्य में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से हर स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली के लिए स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में सुधार भी किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की संख्या को दोगुनी करने के अलावा राज्य में ( शेष पेज 8 )

### अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश में मिलेगी नौकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने युवाओं में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं की नियुक्ति करने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद की मंगलवार को हुई बैठक में राज्य के 9 विभागों में 24 पदों पर पदक विजेता खिलाड़ियों को नियुक्ति देने का फैसला किया हैं। मंत्रिपरिषद ने 23 मई से उप्र विधानमंडल का सत्र आयोजित करने को भी अपनी सहमति दे दी है। उप्र के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी ऐसे खिलाड़ी जो अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीते हैं, उन्हें प्रदेश के नौ विभागों में 24 पदों पर राजपत्रित पदों पर तैनात किया जाएगा। खन्ना ने कहा कि इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित एक समिति इन खिलाड़ियों का चयन करेंगी। इससे राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि जिन नौ विभागों में ( शेष पेज 8 )

# विदेशी चंदा लेने वाले एनजीओ अधिकारियों पर सीबीआई छापे

- दिल्ली, चेन्नई समेत 40 स्थानों पर चला सर्च अभियान, दो करोड़ रुपये बरामद, 6 लोक सेवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों और बिचौलियों के खिलाफ विदेशी चंदा प्राप्त करने में कथित संलिप्तता के लिए विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन में बड़ा देशव्यापी छापेमारी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार देर शाम तक तलाशी में दो करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन मामले मिले और केंद्रीय गृह मंत्रालय के एफसीआरए डिवीजन से जुड़े छह लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघनों पर समन्वित अभियान ने दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, कोयंबटूर, मैसूर और राजस्थान के कुछ स्थानों में लगभग 40 स्थानों पर छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि छह सरकारी कर्मचारियों की गिरफ्तारी के अलावा एनजीओ के प्रतिनिधियों समेत कुछ अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में अब तक दो करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का खुलासा हुआ है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीबीआई केंद्रीय गृह मंत्रालय की जानकारी के आधार पर एफसीआरए के उल्लंघन के खिलाफ एक बड़ा देशव्यापी अभियान चला रही है, ताकि केंद्रीय गृह मंत्रालय के एफसीआरए डिवीजन के एनजीओ, बिचौलियों और लोक सेवकों के प्रतिनिधियों को रिश्वत के बदले एनजीओ को एफसीआरए मंजूरी की सुविधा में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया जा सके। अधिकारी ने आगे के विवरण और अधिक जानकारी को साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि चूंकि ऑपरेशन जारी है, इस स्तर पर अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,364 | ↓ 105 | |
| निफ्टी | 16,240 | ↓ 61 | |
| सोना | 50,983 | ↓ 115 | /10g |
| चांदी | 61,569 | ↑ 214 | /kg |

## क्विक न्यूज

### संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए नेपाल यात्रा पर जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** नेपाल के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने की मंशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर काठमांडू दौरे पर जाएंगे। 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वे पहली बार नेपाल जाएंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अपनी पत्नी आरजू देउबा के साथ एक से तीन अप्रैल तक भारत दौरे पर आए थे। जुलाई 2021 में पदभार ग्रहण करने के बाद वह पहले द्विपक्षीय दौरे पर भारत आए थे। नई दिल्ली में सरकारी कार्यों के अलावा देउबा वाराणसी भी गए थे। अपने नेपाली समकक्ष के न्योते पर प्रधानमंत्री गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबनी की भी यात्रा करेंगे। उनकी एक घंटे की यह यात्रा भगवान बुद्ध की जयंती के मौके पर बुद्ध पूर्णिमा के समय होगी।

# भाजपा नेता बग्गा की गिरफ्तारी पर छह जुलाई तक लगी रोक

**भाषा।** चंडीगढ़

**भाजपा** नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को कथित तौर पर भड़काऊबयान देने, दुश्मनी को बढ़ावा देने और आपराधिक धमकी देने के मामले में राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर मंगलवार को छह जुलाई तक रोक लगा दी। मामला सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति अनूप चितकारा की पीठ के समक्ष पेश किया गया था।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा है कि उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज पेश करने हैं और इस बीच, उन्होंने आश्वासन दिया कि याचिकाकर्ता (बग्गा) के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर अगली सुनवाई की अगली तारीख तक अमल नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा कि महाधिवक्ता द्वारा दी गई रियायतों को देखते हुए, इस मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी गिरफ्तारी के वारंट पर (मोहाली की) अदालत में होने वाली अगली सुनवाई तक अमल नहीं किया जाएगा। इसके अलावा याचिकाकर्ता के खिलाफ सुनवाई की अगली तारीख तक कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा।

दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल सत्यपाल जैन ने अदालत में मामले पर सुनवाई के बाद कहा कि बग्गा के खिलाफ छह जुलाई तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायमूर्ति अनूप चितकारा द्वारा पारित आदेश का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, इस दौरान (छह जुलाई तक) जांच जारी रहेगी, लेकिन (पंजाब पुलिस द्वारा) बग्गा का बयान अगर दर्ज करना होगा तो यह उनके (दिल्ली स्थित) आवास पर उनके वकीलों की मौजूदगी में किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने ( शेष पेज 8 )

# पं. शिवकुमार शर्मा के निधन से सूना हुआ 'संतूर'

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**संतूर** वाद्य को विश्व में ख्याति दिलाने वाले विख्यात संगीतकार पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन से आज संगीत सूना हो गया है। फिल्म चांदनी के 'लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है...' को संगीत देने पंडित शिव शर्मा के असमय जाने से संगीत प्रेमियों के आंसू थम नहीं रहे हैं। उनके सचिव दिनेश ने बताया कि मुंबई के पाली हिल स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ने के बाद मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे शर्मा ने अंतिम सांस ली। वह भारत के जाने-माने शास्त्रीय संगीतकारों में से एक थे, जिन्होंने फिल्मों में भी संगीत दिया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पंडित शिव कुमार शर्मा की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की जाएगी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र

- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत दुनिया भर से शोक संदेश, मुंबई में राजकीय सम्मान से दी जाएगी अंतिम विदाई

मोदी समेत दुनिया भर से लोग महान संगीतज्ञ के निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट में लिखा, उन्होंने जम्मू कश्मीर के पारंपरिक वाद्य यंत्र संतूर को लोकप्रिय बनाया। उन्होंने कहा, यह जानकर बेहद दुखी हूं कि अब उनका संतूर शांत हो गया। उनके परिवार, परिजनों एवं प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पंडित शिवकुमार शर्मा जी के निधन से हमारे सांस्कृतिक जगत की क्षति हुई है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर संतूर



को लोकप्रिय बनाया। उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रोत्साहित करता रहेगा। उनके साथ हुई बातचीत मुझे याद है। उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने ( शेष पेज 8 )

### आज होगा अंतिम संस्कार

शर्मा के सचिव ने कहा कि बुधवार को उनका पार्थिव शरीर पाली हिल वाले घर से पूर्वाह्न 10 बजे जुहू स्थित अभिजीत कोआपरेटिव सोसाइटी में ले जाया जाएगा जहां उसे दोपहर एक बजे तक जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा। दिवगंत संगीत मर्मज्ञ का अंतिम संस्कार विले पार्ले में पवन हंस अंत्येष्टि स्थल पर किया जाएगा।

### इन हस्तियों ने भी जताया शोक

पंडित शिव कुमार शर्मा के निधन पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, गजल गायक पंकज उधास, संगीतकार सलीम मर्चेंट, अभिनेत्री शबाना आजमी, भाजपा सांसद हेमा मालिनी, साहित्यकार अशोक वाजपेई, शास्त्रीय गायक पंडित विजय किचलू समेत हजारों लोगों ने उनको याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की।

### इन पुरस्कारों से सम्मानित

शिवकुमार शर्मा को 1986 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1991 में पद्मश्री तथा 2001 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### कश्मीर के लोक वाद्य को बनाया विश्व प्रसिद्ध

पद्म विभूषण से सम्मानित शर्मा का जन्म 1938 में जम्मू में हुआ था। माना जाता है कि वह पहले संगीतकार थे जिन्होंने संतूर पर भारतीय शास्त्रीय संगीत के सुर बिखेरे। संतूर जम्मू कश्मीर का एक लोक वाद्य यंत्र है।

# प्रॉपर्टी ट्रांसफर के लिए एक जून से आनलाइन सुविधा

## आवासीय श्रेणी के लिए लागू होगा नियम, क्रेता-विक्रेता और चालान का सत्यापन ओटीपी के आधार पर होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण में एक जून से संपत्ति हस्तांतरण ऑनलाइन होगा। आवासीय श्रेणी के लिए यह सुविधा लागू होगी। क्रेता-विक्रेता व चालान का सत्यापन ओटीपी के आधार पर होगा। प्राधिकरण ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को पत्र भेजकर ओटीपी से सत्यापन की सुविधा देने का आग्रह किया है। संपत्ति हस्तांतरण में होने वाले भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए यह कदम उठाया गया है।

यमुना प्राधिकरण ने सिटीजन चार्टर लागू किया है। इसके तहत प्राधिकरण की आवंटियों से संबंधित 17 सुविधाओं को आनलाइन किया जा रहा है। तय समय सीमा में आवंटियों को इनका लाभ मिलेगा। प्राधिकरण में प्रतिमाह औसतन पांच सौ संपत्ति हस्तांतरण प्रमाण पत्र जारी होते हैं। सिटीजन चार्टर के अंतर्गत प्राधिकरण संपत्ति हस्तांतरण की सुविधा एक जून से शुरू करने जा रहा है। सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। संपत्ति हस्तांतरण के लिए आवंटियों को प्राधिकरण कर्मचारी चक्कर लगवाते हैं। सुविधा शुल्क दिए बगैर संपत्ति हस्तांतरण प्रमाण पत्र जारी नहीं होता। इसलिए एक जून से संपत्ति हस्तांतरण की मौजूदा व्यवस्था समाप्त कर इसे पूरी तरह से आनलाइन कर दिया जाएगा। आनलाइन आवेदन करने के साथ बैंक में जमा शुल्क का चालान भी आनलाइन देना होगा।

सत्यापन के लिए क्रेता-विक्रेता को कार्यालय आने के बजाय आधार ओटीपी के तहत उनके डिजिटल हस्ताक्षर सत्यापित किए जाएंगे। चालान का सत्यापन भी बार कोड, क्यूआर कोड या होलोग्राम के जरिए होगा। इसके लिए प्राधिकरण बैंकों के साथ बैठक कर व्यवस्था बनाएगा। कर्मचारियों को संपत्ति हस्तांतरण पत्र तय समय सीमा में अपलोड करना होगा। जिसे आवेदक डाउन लोड कर सकेंगे।




## इटैहरा और छोटी मिलक में अवैध कब्जों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को इटैहरा और छोटी मिलक में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने दोनों जगहों से करीब 10 एकड़ जमीन पर बने अवैध कब्जे को ढहा दिया। दोनों जगहों पर खाली कराई गई जमीन की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी सचिन कुमार सिंह की अगुवाई में मंगलवार दोपहर डीजीएम केआर वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक एनके जैन और पूरी टीम पुलिस बल के साथ इटैहरा पहुंच गई। कॉलोनाइजर इटैहरा के खसरा नंबर 340 की एक हेक्टेयर से अधिक जमीन पर अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। बाउंड्री वॉल बना लिए थे। प्राधिकरण की टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक कार्रवाई कर जमीन को खाली करा लिया। ओएसडी सचिन कुमार सिंह ने वहां मौजूद लोगों को दोबारा कब्जाने की कोशिश करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्राधिकरण की टीम छोटी मिलक पहुंची। वहां रोड के किनारे खाली जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को ढहा दिया। प्राधिकरण की पूरी जमीन को खाली करा लिया। डीजीएम ने बताया कि इन दोनों जगहों की जमीनों पर किसानों के लिए छह फीसदी आवासीय भूखंडों का आवंटन हो।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर इस साल बनेंगे दो ट्रामा सेंटर

- हाईवे पर हादसों को देखते हुए लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में घायलों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दो ट्रामा सेंटर बनाए जाएंगे। जुलाई से इनका निर्माण शुरू हो जाएगा और एक साल में पूरा होगा। इसमें एक ट्रामा सेंटर निजी क्षेत्र और दूसरा सरकारी होगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों का ग्राफ काफी ऊंचा है। शुरुआत से ही एक्सप्रेसवे हादसों के कारण चर्चित हो गया था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के आदेश पर प्राधिकरण ने आइआइटी दिल्ली से एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा आडिट कराया था। उसके सुझाव पर क्रैश बीम बैरियर, रंबल स्ट्रिप, जागरूकता के लिए बोर्ड, कैमरों की संख्या आदि बढ़ाई गई है। इसके बावजूद हादसों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा है। शनिवार को भी एक्सप्रेसवे पर एक परिवार के सात लोगों की हादसे में मौत हो गई थी। हादसे के घायलों को उपचार के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। हादसों में मौत का आंकड़ा अधिक होने की वजह घायलों को उपचार मिलने में देरी भी है।

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे दो ट्रामा सेंटर बनाए जाएंगे। निजी क्षेत्र में बनने वाले ट्रामा सेंटर व अस्पताल के लिए प्राधिकरण ने सेक्टर 22 ई में फ्लोरिडा के डाक्टरों की संस्था को 25 एकड़ जमीन आवंटित की है। इसमें पांच सौ बिस्तर की सुविधा होगी। दूसरा ट्रामा सेंटर भी सेक्टर 22 ई में ही बनेगा। इसे स्वास्थ्य विभाग बनाएगा। इसमें दो सौ बिस्तर होंगे। यमुना प्राधिकरण ने स्वास्थ्य विभाग को निशुल्क जमीन आवंटित की है। जुलाई से ट्रामा सेंटर का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# नोएडा प्राधिकरण करोड़ों की लागत से छह गांवों में बनवा रहा खेल मैदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने गांवों में खेल की सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए खास पहल शुरू कर रखी है। जिसके चलते प्राधिकरण 6 गांव में खेल के मैदान तैयार करवा रहा है। ताकि बच्चों से लेकर बड़े भी खेल के प्रति जागरूक और खेलों में अपना करियर बना सकें। इन खेल मैदानों को प्राधिकरण 2.91 करोड़ रुपए की लागत से तैयार करवा रहा है।

खास बात यह है कि इसमें महिला और पुरुषों के लिए अलग.अलग खेलों के संसाधन होंगे। वहीं, निठारी में पिछले महीने 10 लाख रुपए की लागत से बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट को तैयार कर शुरू कर कर दिया गया। जिसका सभी ग्रामीण वासी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण बहलोलपुर गांव में कुश्ती के लिए मैदान तैयार करवा रहा है। इस मैदान का निर्माण कार्य एक करोड़ रुपए की लागत से होगा। इसे 6000 में बनाया जा रहा है।

इस कुश्ती के मैदान का निर्माण कार्य 30 मई से शुरू करने की संभावना जताई जा रही हैं। जिसे 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पृथला में खेल मैदान का कार्य 15 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। फ्लिहाल चारदीवारी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह खेल मैदान 21700 वर्ग मीटर में बनाया जा रहा है। इसका निर्माण में करीब 39 लाख रुपए की लागत आएगी।

इसका कार्य 24 मई को शुरू हुआ था, जिसे 27 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, याकूबपुर में वॉलीबॉल और बैडमिंटन के कोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है।

यह कोर्ट 4000 वर्ग मीटर में बनाया जा रहा है। जिसके निर्माण पर 39 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसका निर्माण कार्य 7 जनवरी को शुरू किया गया था। जिसे 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल 46 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

# सोच से कहीं ज्यादा मजबूत है ट्विन टावर : एजेंसी

- ध्वस्तीकरण में 3400 किलो से अधिक विस्फोटक लगेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सुपरटेक ट्विन टावर को तोड़ने में करीब 3400 किलो विस्फोटक लगेगा। फिलहाल, जिम्मेदार एजेंसी से यह आंकलन किया है।

ऐसा भी हो सकता है कि इससे ज्यादा विस्फोटक लग जाएं। इसके अलावा ट्विन टावर को तोड़ने वाली कंपनी ने यह भी कहा कि 22 मई को दोनों टावरों का ध्वस्तीकरण नहीं किया जा सकता। यह बात जब नोएडा प्राधिकरण के सामने आया तो अफसरों ने अतिरिक्त समय देने से इन्कार कर दिया है। एजेंसी का कहना है कि टावरों का स्ट्रक्चर काफी ज्यादा मजबूत है। ऐसे में समय अधिक लगने के साथ-साथ अधिक मात्रा में विस्फोटक और अन्य काम करने होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को सुनाते हुए कहा था कि 22 मई को ट्विन्स टावर ध्वस्त हो जाना चाहिए। इसको लेकर कार्य भी चल रहा है। एक अफ्रीकी एजेंसी ट्विन्स टावर को तोड़ने का काम कर रही है। अब एजेंसी ने बिल्डर ने कहा कि उसको पूरी तरीके से ट्विन्स टावर को तोड़ने के लिए 3 महीनों समय और चाहिए। इस पर सुपरटेक के चैयरमेन ने नोएडा अर्थॉरिटी से बातचीत की, लेकिन प्राधिकरण ने इस पर नाराजगी जाहिर की है।

इमारतों को ध्वस्त करने वाली कंपनी एक्सजीक्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और ध्वस्तीकरण विशेषज्ञ आनंद शर्मा ने बताया कि जिस समय विस्फोटक से दोनों टावरों को गिराया जाएगा, उस समय मलबे से करीब 60 मंजिल ऊंचा धूल का गुबार उठेगा। जिससे आसपास में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ जाएगा, लेकिन इमारतों को इससे बचाने के लिए वाटर जैट, फायर टेंडर और फव्वारों का इंतजाम किया जाएगा। इसको लेकर फायर विभाग ने एनओसी भी दे दी है। उन्होंने बताया कि धूल के गुबार का असर करीब 15 मिनट तक रहेगा। हालांकि, यह हवा की गति पर भी निर्भर करेगा कि धूल का प्रवाह हवा के साथ किस ओर होगा। टावर ध्वस्त होने से उठने वाली धूल का मुद्दा प्रदूषण के लिहाज से भी अहम होगा। इमारत को ध्वस्त करने के बाद मलबे के निस्तारण के लिए इसे डिमालिशन साइट तक पहुंचाने का कार्य ट्रकों से किया जाएगा। इससे भी वातावरण में पीएम-2.5 का बढ़ना तय माना जा रहा है। इसको लेकर पर्यावरणविदों चिंतित हैं। ट्विन्स टावर में 40 मंजिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार




जिला अस्पताल में बच्चे की कोरोना जांच करतीं स्वास्थ्यकर्मी।

### परिवार को बेसुध कर जेवर व नगदी की चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर थानाक्षेत्र में परिवार को बेसुध कर अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता के मुताबिक चोर घर में रखे करीब आठ लाख के जेवर और 50 हजार रुपये की नगदी चोरी करके ले गए। अकबरपुर बहरामपुर के संदीप गार्डन में रहने वाले मनीष कुमार तिवारी पेशे से अधिवक्ता हैं। 22 अप्रैल को उनकी शादी हुई थीए जबकि 29 अप्रैल को रिसेप्शन हुआ था। शादी के चलते उनकी बहन भी घर पर रुकी हुई थी। पत्नी के जेवर के अलावा बहन और मां के जेवर भी अलमारी के लॉकर में रखे हुए थे, जिनकी कीमत करीब आठ लाख रुपए थी। अधिवक्ता का कहना है कि तीन अप्रैल को चोरों ने धावा बोलकर जेवर और 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। अधिक्ता के मुताबिक चोरों ने मेन गेट की कुंडी हाथ देकर खोली और इसके बाद घटना को अंजाम दिया।

### गायब किशोरी का तीन दिनों बाद भी सुराग नहीं

नोएडा। नोएडा के छलेरा गांव में रहने वाली एक 13 वर्षीय लड़की बीते 7 मई से गायब है। इस मामले में लड़की के परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। यह मामले सेक्टर-39 थाना क्षेत्र का है। थाना सेक्टर-39 के थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि छलेरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवाते समय कहा कि उनकी 13 वर्षीय बेटी बीते 7 मई से घर से लापता है। पीड़ित पिता ने शिकायत करते हुए किसी पर भी अगवा करने का शक जाहिर नहीं किया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि लड़की किसी के साथ गई है।

### महिला ने किरायदार पर लगाए अश्लील हरकत के आरोप

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा.2 में एक बेहद शर्मनाक मामला देखने को मिला है। बीटा-दो में रहने वाली एक महिला ने घर में किराए पर रह रहे डॉक्टर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत बीटा.2 कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला द्वारा शिकायत में बताया गया कि वह बीटा.2 में रहती है। पीड़ित के तीन बच्चे हैं। पीड़ित ने अपने मकान के ऊपर के हिस्से में एक डॉक्टर को किराए पर रखा हुआ है। महिला ने बताया कि डॉक्टर उसके साथ अश्लील बातें और अश्लील हरकतें करता है। महिला के विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता है। डॉक्टर की हरकतों से परेशान होकर पूरे मामले की पुलिस से शिकायत की है।

### बख्तावरपुर में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**नोएडा।** बख्तावरपुर गांव में युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची सेक्टर.126 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सेक्टर.126 के बख्तावरपुर गांव में 40 वर्षीय पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ रहते थे। रात उन्होंने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद परिजनों ने जब शव को लटके देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सेक्टर.126 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीम को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# समृद्धि सोसाइटी: भाड़े के बदमाशों की नहीं हुई गिरफ्तारी

- निवासियों से हुई थी मारपीट, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित समृद्धि हाउसिंग सोसाइटी में बिल्डर ने निवासियों को पिटवाने के लिए भाड़े के गुंडे बुलाए थे। इस मामले में निवासियों ने अपनी जान का खतरा बताते हुए बिल्डर के खिलाफबिसरख कोतवाली में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत देते समय पुलिस ने आश्वासन दिया था कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी घटना को 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इस



मामले में डीसीपी ने एसीपी को जांच के आदेश दिए थे और वैधानिक कार्यवाही करने के भी आदेश दिए थे, लेकिन अभी तक बिल्डर के खिलाफमुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जिसके बाद निवासियों में पुलिस को लेकर भारी रोष दिखाई दे रहा है। दरअसल, समृद्धि बिल्डर ने अचानक डीजी यूनिट का चार्ज 17 रुपए से बढ़ाकर 30 रुपए कर दिया है। जिसके विरोध में निवासियों ने रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया था। निवासियों ने बताया कि जब वह प्रदर्शन कर रहे थे तो बिल्डर द्वारा बाहर से कुछ बाउंसर और गुंडे बुलाए गए थे। इनके हाथ में सरिया और लोहे की रॉड थी। कुछ वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि बिल्डर द्वारा बुलाए गए गुंडे निवासियों को मारने के लिए सरिया दिखा रहे हैं।

### डीसीपी ने दिए थे जांच के आदेश

इस मामले में एसीपी और एसएचओ को जांच के आदेश दिए थे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अब घटना को 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं पर अभी तक बिल्डर के खिलाफमुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

# स्कूटी से जा रहे सुपरवाइजर को बदमाशों ने मारी गोली

- हालत गंभीर, बाइक सवार हमलावारों की पुलिस कर रही पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के सेक्टर-94 के सुपरनोवा के पास एक युवक दो बदमाशों ने गोला मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा।

बदमाश गोली मारकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

बदरपुर निवासी ऋषिपाल 30 पुत्र प्रकाश शर्मा सेक्टर.126 में ग्लास बनाने की कंपनी सुपरवाइजर है। वह मंगलवार दोपहर को काम करके स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों ने गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। बाइक सवारों की पहचान नहीं हो पाई है। गोली युवक के कंधे पर लगी है। घायल हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने बालकनी से कूदकर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-50 स्थित महागुन सोसाइटी निवासी महिला ने मंगलवार को चौथी मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी। सेक्टर-49 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-50 स्थित महागुन सोसाइटी में 58 वर्षीय पदमा अपने परिवार के साथ चौथी मंजिल पर बने फ्लैट में रहती थी। वह मंगलवार सुबह अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे कूद गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# विदेशी युवक ने 15 भारतीय महिलाओं के साथ की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-36 और साइबर क्राइम पुलिस ने सोशल मीडिया पर लाखों की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

आरोपी मूलरूप से अफ्रीकी का निवासी है। आरोपी के लिए फर्जी महंगे गिफ्ट और डोनेशन भेजकर कस्टम क्लियरेंस के नाम पर ठगी करता था। यह अपराधी अब तक सोशल मीडिया पर 15 महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपए की ठगी कर चुका है। पुलिस ने बताया कि 2019 मे टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। जहां पर मानव बाल, अफ्रीकी फूड और रेडिमेड गारमेंट का दिल्ली मे व्यापार करने लगा। उसी समय एम वनिफो नामक अफ्रीकी के संपर्क में आया। आरोपी ऑनलाइन सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से दोस्ती कर उनको ठगी का करने लगा। साइबर थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया कि अपराधियों का एक संगठित गैंग है, जो भारतीय महिलाओ को फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजकर अपने झांसे में लेता था।

# नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर फिर जाम, सड़क धंसी

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का जो एजेंसी मरम्मत कार्य कर रही है। यहां पांचवी बार सड़क जमीन में धंस गई। जिसकी वजह से सुबह करीब 9:00 बजे से लेकर शाम तक जाम लगा रहा। हजारों वाहन इस जाम में जूझते रहे। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने यातायात को सामान्य करवाने का प्रयास किया, लेकिन ऑफिस डे होने के कारण नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शाम तक जाम लगा रहा था।

नोएडा एक्सप्रेसवे पर कोंडली-सफीपुर के बीच अंडरपास बन रहा है। अंडरपास के निर्माण के लिए इस समय बॉक्श पुशिंग का काम चल रहा है। सोमवार सुबह करीब 9:00 बजे ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर की लेन में अचानक सड़क धंस गई। सड़क धंसने से कुछ देर के लिए वाहनों को रोकना पड़ा। इस दौरान उस हिस्से की



बेरीकेडिंग कर ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया। इससे ग्रेटर नोएडा की ओर दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बड़ी बात यह है कि यहां सड़क पहली बार नहीं धंसी। बीते एक महीने में पांचवीं बार सड़क धंस गई है। सड़क धंसने के कारण संबंधित हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे यहां रोजाना वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ रहा है।

# जियोटेक प्रमोटर्स का ऑफिस सील, संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी

- यूपी रेरा ने करीब 3.12 करोड रुपए की 9 आरसी जारी कर रखी है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिला प्रशासन ने बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक और बिल्डर के कार्यालय को सील किया गया। दादरी तहसील की टीम ने जियोटेक प्रमोटर्स बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया है।

बिल्डर पर उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण यूपी रेरा की करोड़ों रुपए की आरसी निलंबित पड़ी है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी बिल्डर द्वारा अभी तक बकाया का भुगतान नहीं कराया गया है।



यूपी रेरा की टीम सील करने जाती हुई।

कार्यालय को सील करने के साथ-साथ तहसील टीम ने पैसे नहीं देने पर बिल्डर को संपत्ति सील करने की चेतावनी दी है।

एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि बिल्डर के खिलाफ यूपी रेरा ने करीब 3.12 करोड रुपए की 9 आरसी जारी कर रखी है। जिसका भुगतान बिल्डर द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। प्रशासन द्वारा बिल्डर को कई बार नोटिस भी दिए गए और संपत्ति को सील करने की चेतावनी भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद भी बिल्डर ने अभी तक बकाए का भुगतान नहीं किया है। जिसके चलते तहसील की टीम ने सोमवार को बिल्डर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कार्यालय को सील कर दिया। साथ ही बकाया का भुगतान नहीं करने पर संपत्ति को सील करने की चेतावनी भी दी। वहीं, कार्यालय पर सील होने का नोटिस भी चिपका दिया गया है। कार्यालय को सील करने से पहले सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा बकायदा बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते प्रशासन द्वारा कई बिल्डरों के कार्यालय को सील और संपत्ति को सील किया गया है।

वहीं, प्रशासन द्वारा बीते शुक्रवार को सनशाइन बिल्डर के कार्यालय को सील किया गया। बिल्डर पर यूपी रेरा का 2 करोड़ रुपए का बकाया है। जिसका भुगतान बिल्डर द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। बिल्डर ने भुगतान के लिए दो चेक दिए गए थे, जो बाउंस हो गए। जिसके बाद प्रशासन ने बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। वहीं, बकाए दार बिल्डरों को लेकर बीते शुक्रवार को शाम के समय अपर जिलाधिकारी व्रत और राज्य स्वर वंदिता श्रीवास्तव ने तीनों तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदार के साथ मिलकर बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे बिल्डरों को जो बकाया नहीं चुका रहे हैं उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए और उनके कार्यालय को सील कर उनकी संपत्ति को जप्त कर लिया जाए।

इसी के साथ उन्होंने कहा कि उनकी संपत्ति की नीलामी कराई जाए। वहीं, जिन बिल्डरों की संपत्ति पर जब्त किया जा चुका है, उनकी प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ वार्ता कर ई-नीलामी की तारीख की घोषणा कराई जाए। इसी के अलावा पिछले महीने प्रशासन द्वारा प्राधिकरण को 36 बिल्डरों की 125 संपत्ति की सूची दी गई थी। जिसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### ओएलएक्स पर फर्नीचर बेचना पड़ा भारी, गवां बैठा 84 हजार रुपए

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति के साथ देखने को मिला है। पीड़ित को ओएलएक्स पर पुराना फर्नीचर बेचना महंगा पड़ गया। साइबर ठगो ने पीड़ित को झांसा देते हुए खाते से 84 हजार रुपए निकाल लिए।

अनिल ने सूरजपुर कोतवाली पुलिस को बताया कि उसने कुछ दिन पहले पुराना फर्नीचर बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन पोस्ट किया था। जिसके बाद विकास कुमार नाम के व्यक्ति का फोन आया और पुराना फर्नीचर खरीदने की बात बोली। साइबर ठग ने यूपीआई के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करने के लिए बोला। जिसके लिए उसने क्यूआई कोड मांगा। इसके कुछ देर बाद ही खाते से दो बार में 84 हजार निकालन लिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जाम से निजात दिलाने को बनेंगे दो फ्लाईओवर

## डिप्टी सीएम की अध्यक्षता में लिया निर्णय, पंजाबी बाग व आनंद विहार में 724.36 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कैबिनेट मीटिंग के दौरान डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन।

दिल्ली की सड़कों से ट्रैफिक कम करने और यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा देने को संकल्पित केजरीवाल सरकार ने मंगलवार को 724.36 करोड़ रुपये की कॉरिडोर डेवलपमेंट और फ्लाईओवर निर्माण की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इसमें पहली परियोजना 352.32 करोड़ रुपये लागत से पंजाबी बाग फ्लाईओवर और राजा गार्डन फ्लाईओवर के बीच कॉरिडोर डेवलपमेंट व स्ट्रीट नेटवर्क कनेक्टिविटी है व दूसरी परियोजना 372.04 करोड़ रुपये लागत से आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर तक फ्लाईओवर निर्माण शामिल है।

आगामी डेढ़ साल में पूरी होने वाली दोनों परियोजनाओं पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि इन जगहों पर ट्रैफिक की समस्या को खत्म करने व वर्तमान सड़क की क्षमता को बढ़ाने के बढ़ाने में ये प्रोजेक्ट मददगार और गेम चेंजर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस दिल्ली की सड़कों से भीड़भाड़ कम करना और उन्हें बेहतर बनाना और लोगों को सड़कों के इस्तेमाल का बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि पंजाबी बाग फ्लाईओवर और राजा गार्डन फ्लाईओवर के बीच का ये कॉरिडोर रिंग रोड का हिस्सा है और यहां ट्रैफिक का लोड काफी ज्यादा है, जिससे यहां ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होती है। इस कोरिडोर के निर्माण से मौजूदा रोड का ट्रैफिक एलिवेटेड रोड पर शिफ्ट हो जाएगा।

इसके अलावा आनंद विहार में अंतरराज्यीय बस अड्डा व रेलवे स्टेशन होने व उत्तरी-पूर्वी दिल्ली से गाजियाबाद और नोएडा के यातायात के भार को देखते हुए नए आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर तक फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

### कॉरिडोर व स्ट्रीट नेटवर्क कनेक्टिविटी के बिंदु

1. ईएसआई हॉस्पिटल से पंजाबी बाग क्लब रोड तक 6 लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण
2. पंजाबी बाग क्लब रोड पर फ्लाईओवर को 6 लेन के साथ टू-वे किया जाएगा
3. मोती नगर के फ्लाईओवर को छह लेन के साथ टू-वे किया जाएगा
4. ईएसआई हॉस्पिटल के पास के सब-वे रैंप को कैरिज-वे के दोनों ओर सर्विस रोड की ओर स्थानांतरित किया जाएगा

### आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर के बीच फ्लाईओवर

1. 372 करोड़ रुपये की लागत से 6 लेन के फ्लाईओवर का निर्माण फ्लाईओवर से सीधी कनेक्टिविटी के लिए 2 अप- डाउन रैंप का निर्माण
2. फ्लाईओवर के साथ ही साइकिल लेन व मल्टी- यूटिलिटी जोन भी बनेगा
3. लोगों को मिलेगा 2 रेडलाइट से निजात।



# दमकल विभाग का होगा आधुनिकीकरण

- 300 करोड़ के निवेश से खरीदे जाएंगे उपकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली अग्निशमन सेवा को 300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण से उसके नियंत्रण कक्ष को अद्यतन करने से लेकर अग्निशमन कार्यों के लिए नवीनतम उच्च तकनीक वाले उपकरणों की खरीद शामिल है।

डीएफएस के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि विभाग को दिल्ली सरकार ने वर्ष 2022-23 के बजट में आधुनिकीकरण के लिए लगभग 332 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

यह पहली बार है कि दिल्ली सरकार द्वारा विभाग के आधुनिकीकरण और अग्निशमन कार्यों के लिए उच्च तकनीक वाले उपकरणों की खरीद के लिए इतना बड़ा बजट आवंटित किया गया है। बजट का उपयोग अग्नि नियंत्रण कक्ष का डिजिटलीकरण करके इसमें सुधार के लिए भी किया जाएगा।

विभाग उच्च प्रौद्योगिकी वाले कम से कम 15 उपकरण खरीदने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें दो 40-एम एरियल लैडर प्लेटफॉर्म (24 करोड़ रुपए की लागत वाले), तीन 70-एम एरियल लैडर प्लेटफॉर्म (कीमत 54 करोड़ रुपए वाले) और एक 90-एम एरियल लैडर प्लेटफॉर्म (कीमत 24 करोड़ रुपए) शामिल हैं।

इन उपकरणों का उपयोग खोज, बचाव और अग्निशमन कार्यों के लिए किया जाएगा। गर्ग ने कहा कि सेवाओं की दक्षता में सुधार और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे काम के बढ़ते बोझ से निपटने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अग्नि नियंत्रण कक्ष के पुनर्गठन का भी प्रस्ताव है ताकि प्रेषण में उच्चतम स्तर की सटीकता सुनिश्चित की जा सके।

# दिवंगत फोटोग्राफर दानिश को दूसरा पुलित्जर पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अफगानिस्तान में मारे गए फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी को दूसरा पुलित्जर पुरस्कार दिए जाने के बाद उनके पिता ने अपने पुत्र को याद करते हुए उन्हें बहादुर, दुनिया में दुख व दर्द के प्रति सहानुभूति रखने वाले एवं एक गंभीर पेशेवर और इसके साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता करने वाला बेटा बताया।

दानिश के पिता अख्तर सिद्दीकी ने कहा उन्हें अपने बेटे पर गर्व है लेकिन उसकी कमी खलती है।दानिश सिद्दीकी को दूसरी बार पुलित्जर पुरस्कार से नवाजा गया है। वर्ष 2018 में भी रॉयटर्स के साथ काम करते हुए उन्हें रोहिंग्या शरणार्थी संकट संबंधी तस्वीरों के लिए पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अफगानिस्तान तथा ईरान में युद्ध, और नेपाल में भूकंप जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं की तस्वीरें ली थीं।

# असोला अभयारण्य में हिरणों का स्थानांतरित करने का अभियान रुका

- अधिकारियों ने गर्मी के चलते लिया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भीषण गर्मी के कारण दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) से सांबर हिरणों के झुंड को राष्ट्रीय राजधानी के असोला भट्टी अभयारण्य में स्थानांतरित करने का अभियान रुक गया है।

दिल्ली के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में से एक डीजीसी ने वहां वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए पिछले साल दिल्ली वन एवं वन्यजीव विभाग से हिरणों को असोला अभयारण्य में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। दिल्ली गोल्फ क्लब के एक अधिकारी ने कहा कि यह ठीक से ज्ञात नहीं है कि हिरण शुरू से ही डीजीसी में मौजूद थे या फिर कोई उन्हें बाहर से लाकर यहां छोड़ गया।

समय बीतने के साथ डीजीसी में हिरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होती गई। हिरण गोल्फ कोर्स की घास पर दौड़कर उसे नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों के महीनों में जब भोजन दुर्लभ होता है तो वे घास खाना शुरू कर देते हैं, जिससे गोल्फ कोर्स के रखरखाव की लागत बढ़ जाती है।

# डॉ. एपीजे कलाम के नाम पर हो नया संसद भवन

- गरीबों के घरों पर नफरत का बुलडोजर चला रही भाजपा : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में बुलडोजर को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। कांग्रेस नेता इस मुद्दे पर भाजपा को घेरा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि अक्रिमण हटाने पर भाजपा दिल्ली नगर निगम पर दवाब बनाकर गरीब लोगों के घरों पर नफरत का बुलडोजर चला रही है।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कुमार ने महापुरुषों के नाम पर भवनों के नाम रखने की प्रवृति में भाजपा नए सेन्ट्रल विस्ता में बन रहे संसद भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर रखकर भाजपा उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि और सम्मान दे। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की।

नए संसद भवन में जितने भी द्वार होंगे उनके नाम भी ऋषि मुनियों और महापुरुषों के नाम पर रखें। कुमार ने कहा कि भाजपा अपने निगम में 15 साल की विफलताओं को छुपाने के लिए और मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नाम बदलने जैसा खोखला मुद्दा उठा रही है। गांवों और सड़कों के नाम बदलने की बजाय गांवों की सूरत बदलकर विकास की मिसाल साबित करें परंतु पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं किया तथा आपसी मदभेद में ही उलझी रही।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के गांव, अनाधिकृत कालोनियों, पुनर्वास कालोनियों, जे.जे. कालोनियां में खस्ता हालत, गंदगी और सड़कों पर से लोग परेशानी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा अवसर की राजनीति में विश्वास रखती है।

# रेल में छोटे बच्चों के साथ सफर होगा आसान

- भारतीय रेलवे ने की नीचे की बर्थ के साथ बेबी बर्थ की व्यवस्था नहीं देना होगा अतिरिक्त शुल्क



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मां के साथ छोटे बच्चे बगल में बिना किसी परेशानी के आराम से सो सकेंगे। इसके लिए भारतीय रेलवे ने महिलाओं के लिए नीचे वाली सीट के साथ बेबी बर्थ की व्यवस्था की है।

दिल्ली लखनऊ के बीच चलने वाली लखनऊ मेल में दो बर्थ के साथ इसकी शुरूआत की गई है। रेलवे इसके लिए कोई अतिरिक्त किराया नहीं वसूला। इस सुविधा के बाद दुधमुंहे बच्चे के साथ सफर करने वाली महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।

रेलवे ने ट्वीट कर बेबी बर्थ का फोटो भी शेयर किया है। जिसमें कहा है कि लखनऊ मेल के एसी थ्री में दो बर्थ के साथ बेबी बर्थ बनाया गया है। मदर्स डे पर यह व्यवस्था की गई है। जल्द ही अन्य ट्रेनों में भी बेबी बर्थ का विस्तार किया जा सकता है। रेलवे की ओर से अकेली सफर करने वाली महिला, गर्भवती व पांच साल के कम उम्र के बच्चे के साथ चलने वाली महिलाओं को नीचे की बर्थ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

ट्रेन के आरक्षित बर्थ की चौड़ाई कम होती है, जिसके कारण महिला को छोटे बच्चों के साथ सफर करना मुश्किल हो जाता है। रात में महिला यात्री सो नहीं पाती हैं, इसलिए महिला के लिए अब आरक्षित नीचे की बर्थ के साथ बच्चे के बर्थ की व्यवस्था की गई है। रेलवे बच्चे की बर्थ के लिए कोई अतिरिक्त किराया नहीं लेगा। आरक्षण टिकट लेने के समय पांच साल से कम उम्र के बच्चों के नाम का फार्म भरना होगा और बेबी बर्थ मिल जाएगा।

# कुतुबमीनार के बाहर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणपंथी समूह के सदस्यों ने मंगलवार को कुतुब मीनार परिसर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा स्मारक का नाम बदलकर विष्णु स्तम्भ किए जाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कम से कम 30 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और उन्हें एक थाने ले जाया गया। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को बाद में रिहा कर दिया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें इसलिए हिरासत में लिया गया क्योंकि वे बीच सड़क पर विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते थे, इससे यातायात अवरूद्ध हो गया और यात्रियों को असुविधा हो रही थीं।

यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भगवान गोयल ने दावा किया कि कुतुब मीनार विष्णु स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि लेकिन बाद में, कुतुबुद्दीन ऐबक ने इसका श्रेय लेने का प्रयास किया। परिसर में 27 मंदिर थे और जिन्हें ऐबक ने नष्ट कर दिया था। इसका प्रमाण उपलब्ध है क्योंकि कुतुब मीनार परिसर में हिंदू देवताओं की रखी हुई मूर्तियों को लोग देख सकते हैं।

# बुराड़ी की झील बनेगी पर्यटन स्थल, भूजल स्तर में भी होगा सुधार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बुराड़ी की दो झील बनेगी पर्यटक स्थल। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली को झीलों का शहर बनाने के विजन को साकार करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है।

इस परियोजना के तहत पहले चरण में 250 जलाशयों और 23 झीलों को फिर से विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जल मंत्री व दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने बुराड़ी में पुनर्जीवित की जा रही दो झीलों का मुआयना किया। परियोजनाओं के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को विभिन्न पहलुओं पर सुझाव दिए।

साथ ही उन्होंने दोनों झीलों को आसपास के लोगों के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में विकसित करने के आदेश दिए। ताकि यहां पर्यटक गर्मी से राहत के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठा सकें। सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली को झीलों का शहर बनाने के लिए कई झीलों और जलाशयों को मनोरंजक और सुरक्षित स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। झीलों व जलाशयों के पुनर्जीवित होने से बायोडायवर्सिटी में भी सुधार होगा और साथ ही आसपास के भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। एक तय भूजल स्तर पर उस पानी का इस्तेमाल पानी की मांग और आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए भी कर पाएगा।

सभी झीलों व जलाशयों को विकसित करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, ताकि इनके सुंदरीकरण के साथ ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने में भी मदद मिल सके।

### सत्य विहार-लक्ष्मी विहार झील का होगा विकास

सत्य विहार स्थित झील राजधानी में पुनर्जीवित होने वाली 23 झीलों में से एक है। इस झील का क्षेत्रफल 13371 वर्ग मीटर है। जहां पहले आसपास के लोग इस झील को ठोस कचरा डंपिंग साइट के रूप में इस्तेमाल करने लगे थे और आसपास की निकासी का गंदा पानी झील में गिर रहा था। ये झील कक्रीट के शहर में जन्नत सा अहसास कराएगी। साफ आबोहवा के साथ आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

वहीं लक्ष्मी विहार स्थित एक्सटेंशन कॉलोनी के पास विकसित की जा रही झील करीब 6500 वर्ग मीटर में फैली है। यहां से पहले आसपास के मोहल्लों का सीवर गुजरता था। अब झील को जीवंत करने के लिए सरकार की ओर से सीवेज वाटर का ट्रीटमेंट फ्लोटिंग राफ्टर्स तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है। झील में फ्लोटिंग राफ्टर लगाए गए है। इन फ्लोटिंग राफ्टर पर ऐसे पौधे लगे हैं, जो पानी से प्रदूषकों को प्राकृतिक तरीके से साफ करने में मदद करते हैं। यानि इनकी जड़ें फिल्टर की तरह काम करती हैं। ये पौधे न सिर्फ प्रदूषण को सोखने की क्षमता रखते हैं बल्कि जल व वायु प्रदूषण भी कम करते हैं।

# न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और मंगोलपुरी में चला नगर निगम का बुलडोजर

- अभियान रोकने पर आप विधायक हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अतिक्रमण के खिलाफ एमसीडी का पीला पंजा लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को न्यू फ्रेड्स कॉलोनी और मंगोलपुरी में पूरे लाव लश्कर के साथ एमसीडी की टीम पहुंची। इस दौरान दिल्ली पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री के जवान भी मौजूद रहे। तोड़फोड़ की कार्रवाई के समय स्थानीय लोगों ने हल्का-फुल्का विरोध प्रदर्शन भी किया। लेकिन पुलिस ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ इस स्थिति को संभाला।

वहीं अभियान को रोकने पहुंचे आप विधायक मुकेश अहलावत को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दक्षिणी निगम के साथ उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने भी मंगलवार को मंगोलपुरी के एक इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। एनडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक में सड़क और फुटपाथ पर करीब 500 मीटर क्षेत्र से अवैध निर्माण हटाया गया है। रेहड़ी-पटरी वालों और किराना विक्रेताओं ने अवैध अस्थाई खोखों का निर्माण किया था, जिन्हें नियमित अभियान के तहत हटा दिया गया। एसडीएमसी के मध्य जोन के अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में अतिक्रमण रोधी अभियान चला। निगम कर्मी बुलडोजर, ट्रक तथा अन्य उपकरणों की मदद से न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में बौद्ध धर्म मंदिर, गुरुद्वारा रोड और आसपास के क्षेत्रों से अवैध रूप से स्थापित खोखे, अस्थाई ढांचे, झोंपड़ियों या दुकानों को हटाना शुरू कर दिया है। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी एसडीएमसी के मध्य जोन में आता है। शाहीन बाग में एसडीएमसी के अभियान के खिलाफ लोगों ने व्यापक प्रदर्शन किया था और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ अभियान को बाधित करने के आरोप में एक मामला भी दर्ज किया गया है। वहीं, उच्चतम न्यायालय ने शाहीन बाग में अतिक्रमण रोधी अभियान के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया था और कहा था कि वह मामले में किसी राजनीतिक दल के कहने पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना : बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि हिमांशु भार्गव/अजय कुमार भार्गव/मेधा भार्गव (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजेएआई00002051900 तथा पता यूनिट नंबर डी-50-एसएफ, द्वितीय तल, पेडस्टल बिल्डिंग, सेक्टर-70 तथा 70 ए, ग्राम पालड़ा, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 06 मई, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि नेटिव बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 11 मई, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम देवी पत्नी श्री संजय शुक्ला ने मौजाः गौंची, जीवन नगर, भाग-II, तहसीलः बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित एक प्लॉट उत्तर पश्चिम की ओर का भाग एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 52 में से, एमयू नंबर 9(8-0), खेवत नंबर 42/45, प्लॉट नंबर 11, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 15.10.2008 (दस्तावेज संख्या 8681 एसआरओ-बल्लभगढ़ के माध्यम से मालिक थे और उनकी मृत्यु के बाद सुश्री सिंकी कुमारी पुत्री श्री संजय शुक्ला और श्री सौरव पुत्र श्री संजय शुक्ला राजस्व रिकॉर्ड यानी विरासत इंतेकाल नंबर 29751 के माध्यम से मालिक बने। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री विनोद सिंह यादव/उधारकर्ता उपरोक्त संपत्ति को सुश्री सिंकी कुमारी पुत्री श्री संजय शुक्ला और श्री सौरव पुत्र श्री संजय शुक्ला से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं। और एआरटी हाउसिंग फाइनेंस (इंडिया) लिमिटेड के साथ उक्त उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रख दिया है। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नीतू गुप्ता/आशु गुप्ता/ LBDEL00002371563 | फ्लैट नंबर 55 एलआईजी, तीसरी मंजिल, ब्लॉक- एफ3, सेक्टर जी2, पॉकेट 2, नरेला, दिल्ली/ 09 मई, 2022 | नवंबर 15, 2021 ₹ 9,99,147/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | संजय ब्राह्मी/आराधना ब्राह्मी/ LBDEL00001822909/ LBDEL00002437990/ LBDEL00001828305 | प्लॉट नंबर- 370, बी दूसरी मंजिल, विद आउट रूफ राइट, ब्लॉक- बी, भरौला, मंजलिस पार्क कॉलोनी, गली नंबर-4, दिल्ली/ 09 मई, 2022 | नवंबर 15, 2021 ₹ 22,32,792/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | चंदन कुमार गोस्वामी / सुदीप्त लक्ष्मी खाउंड/ LBGHZ00001436579 | फ्लैट नंबर टी-एक्स आई-504, 5वीं मंजिल, आम्रपाली ग्रैंड, प्लॉट नंबर- जीएच 09, जेटा 1, नोएडा/ 09 मई, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 30,20,716/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | प्रोजेन एसएएस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ संजय रावत/ सुशील कौशिक/ LBDEL00005232371 | प्लॉट नंबर 58, फर्स्ट फ्लोर, विदाउट रूफ राइट्स, ब्लॉक-बीक्यू, शालीमार बाग, दिल्ली/ 09 मई, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 2,07,86,058/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांकः मई 11, 2022
स्थानः दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़ा सूचना**

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) को डीएचएफएल तथा कर्जदार के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/संख्या (ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पिंकी जेम्स/निजू थॉमस/ (26600000699 एवं क्यूजैडडीईएल00005026254) | प्लॉट नंबर 58 एवं 59, फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, बैक साइड आरएचएस, मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर, दिल्ली- 110059/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 26,15,222/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 2. | गौरी शंकर सिंह/सीमा देवी/ (20000042652 एवं क्यूजैडएनओडी00005038939) | सम्पत्ति सं. आरजैड 236, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस गली नंबर 19, खसरा नंबर 529, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली- 110019/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 19,90,974/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 3. | चाको जॉन वर्गीज/अन्नाम्मा वर्गीज/ (26600000778 एवं क्यूजैडडीईएल00005018662) | प्लॉट नंबर डी-28, एसएफ, फ्रंट (एल.एच.एस.) खसरा नंबर 962 से 964, ग्राम नवादा, ओम विहार, उत्तम नगर, दिल्ली- 110059/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 12,98,324/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 4. | प्रमोद कुमार पात्रो/नमिता पात्रो/ (26600000908 एवं क्यूजैडडीईएल00005019398) | एफ 107 एवं 108, प्रथम तल, बैक साइड आरएचएस, प्राइवेट नंबर 6, खसरा नंबर 604, 605, 606, ब्लॉक -एफ, ग्राम नवादा, मोहन गार्डन एक्सटेंशन, उत्तम नगर, दिल्ली- 110059/ 05-05-2022 | 31-12-2021 रु. 10,62,191/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 5. | वर्मा अभय राजकुमार/मधु आर सोनी/ (24900001339 एवं क्यूजैडजेएनके00005025153) | पी. नंबर 108, टी.एफ. बैक साइड छत के अधिकार के साथ, खसरा नंबर 20/21/1, ग्राम मटियाला, गली नंबर 07, जैन कालोनी पार्ट 3, टी एक्सटेंशन दिल्ली/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 9,87,023/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 6. | कानंद कुमार वर्के/सारिका कानंद वर्के/ (26600000741 एवं क्यूजैडडीईएल00004999615) | सम्पत्ति सं. ई-16, प्रथम तल, प्राइवेट नंबर 103, उत्तर पश्चिमी भाग, पूरन नगर, खसरा नबर 69/22/1 एवं 19/2, पालम दिल्ली/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 6,97,967/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 7. | राजीव रंजन कुमार/अस्मिता कुमारी/ (26600001246 एवं क्यूजैडडीईएल00004998562) | प्लॉट नंबर बी-29, द्वितीय तल, फ्रंट साइड, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 12,16,561/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 8. | गुलाब सिंह/कंचन सिंह/ (9600001932 एवं क्यूजैडडीईएल00005039346) | प्लॉट नंबर आरजैड-एच-206, प्रथम तल (बैक साइड), छत का अधिकार नहीं, खसरा नंबर 62/20/2, ग्राम पालम आबादी, गली नंबर 7, राज नगर पार्ट-2, पालम कालोनी, नई दिल्ली/ 05-05-2022 | 31-12-2021 रु. 12,77,225/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 9. | काशिफ/आयशा परवीन/ (25500001725 एवं क्यूजैडपीटीयू00004999375) | प्लॉट नंबर 2566, द्वितीय तल, खसरा नंबर 412, ग्राम खामपुर राया मंदिर वाली, शादीपुर, नई दिल्ली/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 24,37,917/- | दिल्ली /एनसी आर |
| 10. | संदीप शर्मा/चेतना शर्मा/ (13100001763 एवं क्यूजैडएनओडी00005008102) | प्लॉट नंबर 83-ए, प्रथम तल, फ्रंट साइड, खसरा नंबर 109/14, गली नंबर 19, भारत विहार, राजा पुरी, ग्राम पालम, उत्तम दिल्ली/ 05-05-2022 | 27-09-2021 रु. 8,41,762/- | दिल्ली /एनसी आर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 11 मई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने गोद लिया बोहड़ा कलां गांव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार में आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अनुराग रस्तोगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की नीतियां बनाई गई है। प्रदेश में आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्ति इनमें से किसी भी एक योजना का लाभ उठाकर स्वयं को गरीबी रेखा से ऊपर ला सकते हैं। वे मंगलवार को ग्राम संरक्षक योजना के तहत स्वयं द्वारा गोद लिए गांव बोहड़ा कलां में विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे।

ग्रामीणों द्वारा अनुराग रस्तोगी का फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। एसीएस ने अपने संबोधन में ग्राम संरक्षक योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने गांवों में विकास गतिविधियों की निगरानी के लिए ग्राम संरक्षक योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मंत्र का पालन करते हुए इस योजना का शुभारंभ किया है। प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के अलावा लोगों की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। योजना के तहत प्रदेश के सभी क्लास वन अधिकारियों को स्वयं द्वारा गोद लिए गांव में विकास के लिए कार्यान्वित परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही गांव में विकास से जुड़ी परियोजना में आ रही बाधाओं को भी दूर करना होगा।


गुरुग्राम के गांव बोहड़ा कलां को गोद लेने के बाद गांव का दौरा करते आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी।

एसीएस अनुराग रस्तोगी ने कहा कि बहोड़ा कलां गांव को गोद लेने के उपरांत मंगलवार को उनका यह पहला दौरा है, जिसके तहत वे अपने स्तर पर गांव में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से गांव में चल रही विकास परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसकी वे समय समय पर समीक्षा करने के साथ ही प्रत्येक महीने गांव का दौरा कर धरातल पर किए जा रहे विकास कार्यों का भी जायजा लेंगे।

**एसीएस ने लोगों के बीच बैठकर सुनीं उनकी समस्याएं :** एसीएस अनुराग रस्तोगी ने कहा कि अंत्योदय के भाव के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार के इस फ्लैगशिप कार्यक्रम में किसी प्रकार की औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वयं इस विचार का अनुसरण करते हुए मंच से उतरकर लोगों के बीच बैठकर उनकी व्यक्तिगत समस्याएं सुनने के साथ ही जिला प्रशासन के संबधित अधिकारियों को मौके पर उनके निवारण के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने गांव के प्राथमिक विद्यालय में स्थित पार्क में ग्रामवासियों के लिए ओपन जिम स्थापित करवाने के भी निर्देश दिए। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने एसीएस को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे जल्द ही इस दिशा में कार्यवाही करते हुए डी प्लान के तहत इस कार्य को शुरू करवाएंगे।

# गुरुग्राम नगर निगम चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता


गुरुग्राम में आप कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने आप के नगर निगम के वार्ड प्रभारियों व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों का आह्वान किया है कि निगम चुनावों का प्रदर्शन पंजाब में मिले विधानसभा चुनाव परिणामों से बेहतर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं हैं इसलिए वार्ड प्रभारी एवं संयोजक अपनी टीमें बनाकर जन संपर्क में जुट जाएं।

पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी नेता उमेश अग्रवाल के शीतला माता रोड स्थित कार्यालय में नगर निगम के वार्ड प्रभारियों एवं संयोजकों की बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच लोगों की टीमें बनाकर लोगों को अपने साथ जोड़ते चलें। सदस्य बनने के साथ-साथ टीम बड़ी करें। उन्होंने कहा कि इसी तरह का प्रयोग फरीदाबाद में किया गया है जहां बेहद उत्साहजनक परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ने को आतुर हैं जरूरत है उनसे संपर्क साधने की। वार्ड संयोजक एवं वार्ड प्रभारियों को लोगों की इसी अपेक्षा को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर निगम चुनाव में परिणाम निश्चय ही पंजाब विधानसभा चुनावों से बेहतर होंगे। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कोई उनकी सुनने वाला सामने आए। लोगों की एकमात्र उम्मीद अब आम आदमी पाटीज़ से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दर्जनों लोग उनसे आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब होगा आरडी सिटी का समग्र विकास : कुलदीप बोहरा


पार्षद कुलदीप बोहरा।

**गुरुग्राम।** आरडी सिटी को नगर निगम में शामिल करने पर पार्षद कुलदीप बोहरा व स्थानीय निवासियों ने प्रशासन व सरकार का आभार जताया है। कुलदीप बोहरा ने कहा कि अब आरडी सिटी का समग्र विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि 9 लाइसेंसी कालोनियों को नगर निगम में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह घोषणा की थी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की तरफ से अब 9 लाइसेंसी कालोनियों को निगम द्वारा टेक ओवर करने का आदेश जारी हुआ है। अब ये कालोनियां नगर निगम के क्षेत्राधिकार में होगी। इन्हीं कॉलोनियों में आरडी सिटी भी शामिल है, जो उनके वार्ड-31 में लगती है। पार्षद कुलदीप बोहरा ने आरडी सिटी को निगम में शामिल करने के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। उन्होंने कई बार निगम के सदन की बैठक में जोर-शोर से मांग उठाई थी, जिसे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक केएम पांडुरंग की तरफ से आदेश जारी करके निगम में शामिल करने के आदेश जारी किए हैं। कुलदीप बोहरा और आरडी सिटी निवासियों ने जिला प्रशासन में सरकार का आभार प्रकट किया है। इन कालोनियों में नगर निगम की तरफ से कुल लगभग 92.04 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है। कालोनियों में अब विकास कार्यों के रास्ते खुल गए हैं। यहां समस्याओं से परेशान लोग इन कालोनियों में लोग सालों से रख-रखाव शुल्क तो दे रहे हैं, लेकिन उसके अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल रही। कालोनियों में मांग के हिसाब से पानी नहीं है, सालों से सीवरों की सफाई नहीं हुई।

### पालतू कुत्ते के काटने पर 3 लाख 80 हजार रुपये देने के आदेश

**गुरुग्राम।** यहां डीएलएफ फेस-5 स्थित मैंगोलियास आवासीय सोसायटी निवासी एक लड़की को सोसायटी में कुत्ते द्वारा काटे जाने के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय उपभोक्ता फोरम ने दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता फोरम ने सोसायटी प्रबंधन को आदेश दिए हैं कि वह पीड़िता को 3 लाख 80 हजार रुपये 9 फीसदी ब्याज के साथ 20 हजार रुपये अदालती खर्च के भी दे। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष संदीप जिंदल, पदेन सदस्य उपासना बागला व रिषीदत्त कौशिक ने इस मामले की सुनवाई करके निर्णय दिया। जानकारी के अनुसार मैंगोलियाज सोसायटी में रहने वाले पंकज अग्रवाल ने 21 सितम्बर 2020 को उपभोक्ता फोरम में शिकायत दी थी कि इसी वर्ष की 25 फरवरी को उसकी 9 वर्षीय पुत्री सोसायटी में लगी लिफ्ट से 22वीं मंजिल पर अपने अंकल के पास जा रही थी। जब वह 10वीं मंजिल पर पहुंची तो सोसायटी में ही रहने वाले राकेश कपूर का नौकर बिना चेन बांधे कुत्ते को लेकर लिफ्ट में सवार हो गया और वह उसकी पुत्री पर झपट पड़ा। पालतू कुत्ते ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पुत्री का उपचार क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कर कराया। जब उसने इसकी शिकायत सोसायटी प्रबंधन, एस्टेट मैनेजर व पालतू कुत्ते के मालिक राकेश कपूर से की तो उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। जिस पर पीड़िता के पिता को उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने सोसायटी के सुरक्षा एजेंसी, सिक्योरिटी मैनेजर, एस्टेट मैनेजर, सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव व राकेश कपूर के खिलाफ फोरम में शिकायत दर्ज कराई। सभी आरोपियों ने अपने अधिवक्ताओं को इस मामले की सुनवाई के लिए अधिकृत किया था। फोरम ने सभी अधिवक्ताओं की दलीलों को ध्यान से सुना और पाया कि सोसायटी में सुरक्षा के समुचित प्रबंध नहीं हैं। जबकि सोसायटी में रहने वाले सदस्य प्रतिमाह सवा लाख से भी अधिक सिक्योरिटी व मैंटीनेंस चार्जेस का भुगतान करते हैं। शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने दलील दी कि सोसायटी में निवास करने वाले सदस्यों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सोसायटी के पदाधिकारियों की है। कंज्यूमर फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया।

### बौद्धिक संपदा अधिकार विषय को लेकर हुआ वेबिनार

**फरीदाबाद।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 10 मई को भारत सरकार के राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन एवं डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय को लेकर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्देश्य भारत में एक गतिशील, उत्साहपूर्ण तथा संतुलित बौद्धिक संपदा अधिकार व्यवस्था को प्रोत्साहित करना रहा ताकि रचनात्मकता तथा अभिनवीकरण को पोषित किया जा सके, जिससे उद्यमिता प्रोत्साहित हो तथा सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में बढ़ोतरी हो और महत्वपूर्ण सामाजिक, आर्थिक तथा प्रौद्योगिकीय महत्व के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ-साथ चिकित्सा व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा तथा पर्यावरणीय संरक्षण तक पहुंच को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। इस विषय मे जागरूकता को लेकर ही शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए इस वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार की मुख्य वक्ता मैडम वर्षा पेटेंट और डिजाइन परीक्षक आईपीओ, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार रहीं।

### कण्डमनेशन बोर्ड की बैठक 24 मई को

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में सरकारी कण्डम वाहनो/सामान को कण्डम घोषित करने व रिजर्व प्राईज निर्धारित करने के लिए कण्डमनेशन बोर्ड की बैठक 24.05.2022 को प्रात: 12 बजे कमरा न0 208 लघु सचिवालय सैक्टर -12 फरीदाबाद में होनी निश्चित हुई है। इस बैठक सभी विभागों के जिला अधिकारी निश्चित समय पर सम्बंधित अधिकारी /प्रतिनिधि को कण्डम होने वाले/सरकारी वाहन /सामान की इन्सपैक्शन रिर्पोट की आगामी 06 जून को प्रतिया सहित इस कार्यालय में भेजे। ताकि कण्डम होने वसले वाहन / सामान की रिर्जव कीमत निर्धारित की जा सके।

# प्रदेश मीडिया सह-संयोजक बने हिमांशु गंभीर

## पर्यावरण संरक्षण प्रमुख नवीन गोयल समेत कई नेताओं कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**गुरुग्राम।** पिछले 8 साल से भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय हिमांशु गंभीर एडवोकेट को भाजपा लीगल सेल का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति सैल के प्रदेश संयोजक रणवीर सिंह ढाका ने दी है।

हिमांशु गंभीर को इस दायित्व के लिए रेल सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा के सदस्य बाली पंडित, जिला-सह संयोजक ईशु वाल्मीकि, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा भाजपा गुरुग्राम जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, कमल शर्मा, राजेश बंसल, मोहित वत्स, डिम्पल राठी, कमांडर उदयवीर यादव, धर्मेंद्र शर्मा, हनीष केडिया, अजय राज, विहिप अध्यक्ष लोकेश नारंग, रिषी अग्रवाल, सुधीर कलसन, विजयपाल यादव, मनीष सौदा, श्रीराम वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक पंकज पाठक, योगेश शर्मा आदि ने बधाई दी है।


हिमांशु गंभीर।

# प्रदेश के सभी सरकारी भवनों पर लगेंगे सोलर पावर प्लांट : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने लघु सचिवालय में 1 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने यहां लघु सचिवालय में लगाए गए 100 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट तथा नवनिर्मित कान्फ्रेंस हॉल का मंगलवार को उद्घाटन किया।

सीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सोलर पावर प्लांट प्रदेश में सभी सरकारी भवनों पर लगवाएं। इस अवसर पर उनके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डा. हनीफ कुरैशी भी थे।


लघु सचिवालय में परियोजना का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

लघु सचिवालय में प्रथम तल पर उपायुक्त कार्यालय के सामने कांफ्रेंस हॉल का निर्माण किया गया है, जो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करने में सहायक होगा। इस हॉल में 86 व्यक्ति एक साथ बैठक में भाग ले सकते हैं। इसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए 6 अलग-अलग स्क्रीन लगाई गई हैं। यह हॉल इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ ही वातानुकूलित सुविधा से लैस है। इसके अलावा कांफ्रेंस हॉल के साथ में वेटिंग रूम भी अलग से बनाया गया है। लघु सचिवालय में लगाए गए सोलर पावर प्लांट के लिए जिला प्रशासन व नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग द्वारा अधिकृत कंपनी मैसर्ज अल्टीमेट सन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के बीच 25 वर्ष का समझौता किया गया है। यह प्लांट प्रदेश में किसी भी सरकारी भवन पर रेस्को मोड में लगाया गया पहला प्लांट है। रेस्को मोड से तात्पर्य यह है कि प्लांट को लगाने तथा रख-रखाव संबंधी सारा खर्चा कंपनी द्वारा वहन किया जा रहा है और कंपनी लघु सचिवालय को चार रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली उपलब्ध करवाएगी।

## अनुसूचित जाति के युवाओं को नि:शुल्क मिलेगा फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों से जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों को नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आगामी 16 मई से 20 मई 2022 तक सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण होंगे। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में सोसायटी काम कर रही है। आगामी पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर सेक्टर-15 पार्ट-2 गुरुग्राम, उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पटौदी और सामान्य अस्पताल सोहना के कांफ्रेंस रूम में कराया जा सकता है।

# युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोपी दबोचा

**गुरुग्राम।** सोमवार को फरूखनगर क्षेत्र में रहने वाली एक युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ फरूखनगर थाना में केस दर्ज किया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने एक तरफा प्रेम में इस घटना को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार फरूखनगर में 24 वर्षीय युवती घर की छत पर बने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े पांच बजे पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से फरार हो गया। जब परिजनों को घटना का पता चला तो वे ऊपर भागे और लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कमरे से युवती का मोबाइल फोन भी गायब था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू की। अपराध शाखा प्रभारी उप-निरीक्षक अमित कुमार की टीम ने इस मामले में जयपाल उर्फ बिल्लू (22) को मंगलवार को गुरुग्राम जिला के गांव धनकोट से काबू कर लिया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कहा कि लड़की की शादी 11 मई 2022 को को होनी तय थी। वह उससे एकतरफा प्रेम करता था। वह नहीं चाहता था कि लड़की की शादी कहीं और हो। इसलिए उसने लड़की को जलाने की योजना बनाई। उसने 9 मई की सुबह मौका पाकर लड़की के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।


खंड फरूखनगर में युवती को जलाने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# टोल विवाद में 29 को होने वाली महापंचायत की तैयारियां शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**टोल** विवाद में 29 मई को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए टोल संघर्ष समिति गुरुवार को कमेटियों का गठन करके जिम्मेदारी सौंपेगी। नव गठित होने वाली कमेटियों को क्षेत्रीय गांवों से लेकर शहरी और फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरुग्राम तथा रेवाड़ी जिला के दौरों की शुरुआत करेगी।

गुरुग्राम-सोहना एलीवेटेड मार्ग पर घामडौज टोल पर क्षेत्र के करीब 20 गांव समेत सोहना शहरवासियों फ्र ी किए जाने की मांग को लेकर 29 मई को आरपार की महापंचायत होगी। इस महापंचायत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के नागरिक टोल कंपनी से आर पार की लड़ाई लड़ने की तैयारी करने लगी है। जिसके लिए गुरुवार को 20 से 25 सब कमेटियां बनाई जाएंगी। जिन्हें गांव-गांव से लेकर सोहना व बादशाहपुर शहरी क्षेत्र और जिला स्तर पर दौरे करने का कार्य सौंपा जाएगा। सब कमेटियों के सदस्य महापंचायत में आने के लिए आम नागरिक से लेकर क्षेत्र के नेताओं को न्यौता देगी। क्षेत्रीय नेता चाहे सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष पार्टी का क्यों ना हो।

> “**महापंचायत** को मजबूत बनाने के लिए संघर्ष करने वाला नागरिक तन, मन और धन से आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस बार महापंचायत में दूर बैठने वाले सत्ता या विपक्ष नेता की नहीं सुनी जाएगी।
>
> **सतबीर पहलवान**
> **(वरिष्ठ कार्यकर्ता)**

### महापंचायत में न आने वाले नेता का बहिष्कार

**पूर्व** में हुई टोल संघर्ष समिति की बैठक में इस बात का ऐलान कर दिया था कि महापंचायत में आने के लिए क्षेत्रीय नेताओं के न पहुंचने पर उसका बहिष्कार किया जाएगा। चाहे उसने जिला परिषद का चुनाव लड़ा हो या विधानसभा व लोक सभा का।

# क्लिनिकल स्टडी से यह बात साबित हुई कि मन्ना आईस्ट्रॉन्ग अब एनीमिया की कमी को 90 दिनों में दूर करने में है सक्षम

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

**मन्ना** आईस्ट्रॉन्ग, सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महिलाओं की सेहत के लिए विशेष रूप से तैयार आयरन फोर्टिफाइड ड्रिंक है जो मन्ना के नाम से लोकप्रिय है। ब्रांड ने अब एक क्लिनिकल स्टडी के नतीजों की घोषणा की है, जो साबित करता है कि आईस्ट्रॉन्ग महिलाओं में एनीमिया की कमी को दूर करने में बेहद मददगार है।

महिलाओं की सेहत के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए इस आयरन फोर्टिफाइड ड्रिंक को खास तौर पर एनीमिया की कमी को दूर करने की बात को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था। अलग-अलग 8 अनाजों से तैयार किए गए इस मल्टीग्रेन ड्रिंक में 3 सुपर ग्रेन- जाने ऐमारैंथ, क्विनोआ और ब्लैक राइस भी शामिल हैं, और यह 2 खुराक में ही 100 फीसद आरडीए आयरन, विटामिन सी, विटामिन बी9 और बी12 प्रदान करता है। दूध के प्रोटीन के गुणों के साथ-साथ इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन एवं डायटरी फाइबर भी मौजूद हैं। मन्ना आईस्ट्रांग ने देश के सबसे प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थानों में से एक में




पंजीकृत (CTRI/2021/07/034881) रेंडमाइज्ड कंट्रोल्ड क्लिनिकल ट्रायल (90 दिन) की प्रक्रिया को पूरा किया, तथा इस शोध को फॉर्च्यून जर्नल्स में प्रकाशित किया गया।

संस्थान ने क्लीनिकल तरीके महिलाओं में एनीमिया को दूर करने में मन्ना आईस्ट्रॉन्ग के प्रभाव का अध्ययन किया, जिसके बाद परीक्षण में शामिल महिलाओं को प्रति दिन मन्ना आईस्ट्रॉन्ग की दो खुराक दिए जाने के बाद हीमोग्लोबिन के स्तर में 20 फीसद, सीरम आयरन के स्तर में 35 फीसद, सीरम फेरिटिन के स्तर में 16 फीसद की शानदार वृद्धि के साथ-साथ शारीरिक क्षमता में 2 गुना बढ़ोतरी देखी गई, तथा एनीमिया से संबंधित लक्षणों में कमी नजर आई। क्लिनिकल स्टडी के नतीजों के बारे में बात करते हुए एस. मुरुगन, सीईओ, सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, मन्ना आईस्ट्रॉन्ग के निर्माण की कहानी अपने आप में बड़ी दिलचस्प है। जब हमने महिलाओं के हेल्थ ड्रिंक क्षेत्र पर गंभीरता से विचार किया, तो संयोग से हमारा ध्यान आयरन की कमी की ओर गया जो भारत में महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। देश में हर 2 में से 1 महिला में आयरन की कमी होती है। सेहत की जरूरतों के अनुरूप खाद्य उत्पादों को ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराना और समुदाय के स्वास्थ्य को बनाना हमारी कंपनी का सिद्धांत है, और इसी सिद्धांत के अनुरूप एसएचएफपीएल (SHFPL) की टीम ने आईस्ट्रॉन्ग का विचार पेश किया। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि आईस्ट्रॉन्ग की हर दो खुराक में आयरन, विटामिन बी9, बी12 और विटामिन सी का 100 फीसद आर.डी.ए. मौजूद हो। ये सभी आयरन के शरीर में अच्छी तरह घुलने-मिलने तथा स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं।

# अभिभावक बच्चों के शिक्षा दिलाने में लापरवाही न बरतें : जिला शिक्षाधिकारी

**सोहना।** अभिभावक विद्यार्थियों को टेंट में बैठाकर अपने स्तर पर पढ़ाई न करके स्कूल में शिक्षा प्राप्ती के लिए भेजे। अपने गांव के आस पास लगते स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूल भेजने का काम करें।

दमदमा में स्कूल अपग्रेड की मांग को लेकर सार्वजनिक स्थान पर टेंट लगाकर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बीच में जिला शिक्षा अधिकारी इंदु बोकन सोमवार को टेंट के नीचे बैठकर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच में पहुंची। जानकारी के अनुसार इंदु बोकन ने करीब दो घंटा टेंट में ही बैठकर पहले छात्र-छात्राओं से फिर अभिभावकों से बातें की। इस दौरान 2 मई को छात्र-छात्राओं के साथ पढ़ाई को लेकर बातें की। उसके बाद अभिभावकों से वार्ता की।

जिला शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को अपने बच्चों को अभयपुर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में न सही। अपने गांव के आस-पास लगता गांव खेड़ला, गढ़ीबाजीदपुर, दौला, रिठौज व सोहना के राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्ति के लिए भेजे। जिससे बच्चों की मानसिकता और सही शिक्षा प्राप्त कर सके।

> “**पिछले** आठ दिन से कक्षाओं से गैरहाजिर चल रहे विद्यार्थियों की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। जैसे ही उच्चाधिकारियों के आदेश आने पर ही अमल में लाया जाएगा।
>
> **रेखा मलिक**
> **(स्कूल प्रधानाचार्य अभयपुर)**

### 198 विद्यार्थी आते हैं दमदमा से अभयपुर

**अभयपुर** के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दमदमा से कक्षा 9, 10 और 12वीं में शिक्षा प्राप्ति के लिए 198 छात्र-छात्राएं आ रहे है। 2 मई को हुआ स्कूल में विवाद के बाद से दमदमा से एक भी बच्चा स्कूल में नहीं आ रहे हैं। जिन्हें स्कूल आने के लिए स्कूल प्रधानाचार्य रेखा मलिक भी छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर चुकी हैं।

# परिवार पहचान पत्र कार्य का जल्द से जल्द पूर्ण करें : एसडीएम

## एसडीएम ने कहा परिवार पहचान पत्र का ऑन लाइन पर कार्य धीमा और पूर्ण नहीं हो रहा है

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** ने अधिकारियों को परिवार पहचान पत्र के कार्य को गति देकर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि आम लोगों को इसका सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

मंगलवार को एसडीएम सोहना जितेन्द्र गर्ग ने अपने कार्यालय में परिवार पहचान पत्र को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें तहसीलदार, बीडीपीओ परमेन्द्र सिंह, नगर परिषद से कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह समेत सभी पटवारी मौजूद थे। एसडीएम ने बैठक में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों को परिवार पहचान पत्र से संबंधित आयकर प्रमाण पत्र, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतने को कहा। एसडीएम ने कहा कि परिवार पहचान पत्र का ऑन लाइन पर कार्य धीमा और पूर्ण नहीं हो रहा है। इस कार्य को अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से देखे। ताकि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से नागरिकों को राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाओं को लाभ समय पर मिल सके। एसडीएम ने कहा कि कार्य में जहा पर जो कमियां है। उन्हे देख व जांच कर पूरा करे। कार्य को खंड स्तर पर जल्द ही पूरा करके निपटान करे।


मंगलवार को परिवार पहचान पत्र संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

# बीके: अधूरी सड़कों का वीकेंड पर होगा काम शुरू

कविता। फरीदाबाद

**200 बैड** के सिविल अस्पताल में ओपीडी, अपातकालीन और अन्य वार्डों में करीब 3000 मरीज रोज आते हैं। अस्पताल में कोविड-19 अस्थाई अस्पताल, दो ऑक्सीजन प्लांट और कोरोना जांच प्रयोगशालाओं भी है। इन दिनों अस्पताल भवन की मरम्मत हो रही है। वहीं अस्पताल की सड़कों का काम अधूरा पड़ा है। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि यहां खड़ी गाड़ियों के कारण कार्य रूक गया था। वीकेंड में सड़कों का कार्य पूरा किया जाएगा। वहीं अस्पताल में बन रही सड़कों पर अनशनकारी

### काम में बाधा बन गई थी बीके अस्पताल परिसर में खड़ी गाड़िया : डॉ. यादव

### 61 लाख की लागत से बन रही सड़क पर में लग रहा घटिया मैटेरियल : बाबा रामकेवल

बाबा रामकेवल ने सवाल खड़ा कर दिया है। उनका कहना है कि 10 दिनों के भीतर ही सड़क का


ओपीड़ी के बाहर उखड़ कर रोड़ी नई बनी सड़क के बाहर आती हुई

मैटेरियल उखड़ने लगा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों पर घटिया मैटेरियल लगाया गया है। पीडब्ल्यूडी के जेई संजीव ने बताया कि सड़क पर फाइनल लेयर बाकी है, जल्दी ही पूरा किया जाएगा। मैटेरियल एकदम ठीक है। काम पूरा न होने के कारण दिक्कते आ रही है।

**वीकेंड में काम :** पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि बीके अस्पताल में सड़कों को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत वीकेंड में यहां खड़ी गाड़ियों को हटवा कर सड़कों का फाइनल कार्य शुरू किया जाएगा। ताकि मरीजों को अपने जाने में परेशानी न हो।

**इतना बजट :** पीडब्ल्यूडी के जेई संजीव ने बताया कि अस्पताल में सड़कों का काम 61 लाख रुपये में किया जा रहा है। जिसमें तारकोल के अलावा इंटरलॉकिंग टाइलों की सड़के बन रही है। सड़कों को बनाने का काम बेहतर किया जा रहा है। सड़कों पर फाइनल टच वीकेंड में दिया जाएगा। तारकोल की सड़क पर एक कोट ओर चढ़ाई जाएगी।

**लगाया आरोप :** अनशनकारी बाबा रामकेवल ने बीके में बन रही सड़कों को देखकर आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाया जा रहा मैटेरियल पूरी तरह से खराब है। तारकोल की सड़क से दस दिनों बाद ही रोड़ी अलग होकर निकलने लगी है। वहीं इंटरलॉकिंग टाइल भी हल्की है। वहीं इनके साइड में बाउंड्री वॉल भी नहीं लगाई गई हैं। उनका कहना है कि इसकी जांच करवाई जाए तो यहां लगे सस्ते मैटेरियल का राज खुल जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंद छात्राओं को वितरित की साईकिल



**फरीदाबाद।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आज इनर व्हील क्लब ऑफ़ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन संस्था द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को साईकिल वितरित की गई। इस मौके पर संस्था की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अनीता जैन, प्रेजिडेंट मंजू जैन, एसोसिएशन प्रेजिडेंट सरोज कटियार, सचिव मनीता सिंगला, निशा जैन, सुनीता एवं अन्य सदस्यों ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानचार्या मीनू वर्मा ने इस मौके पर कहा कि बहुतकनीकी संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की मदद के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जरूरमंद छात्राओं को साईकिल वितरण करना एक नेक कार्य है जिसके लिए संस्थान उनका आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर संस्थान के प्रांगण में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रीति भंडारी, सुमन मुंजाल, पदम सिंह, बिजेन्दर कुमार, रीना कपूर, राजेश कुमार, सोनिया, छवि डागर, संदीप कुमार व अन्य मौजूद थे।

### पुलिस कर्मी को झूठे मामले में फंसाने का केस दर्ज

**फरीदाबाद।** झूठे मामलों में शिकायत देकर पुलिस को गुमराह करने तथा पुलिस का समय बर्बाद करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ, पुलिस आयुक्त द्वारा कार्रवाई करने के दिए गऐ दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम ने, योजना के तहत आरोपी द्वारा अपने भाई व सरकारी कर्मचारी को फंसाने के नीयत से दी गई झूठी शिकायत में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम चंद्रशेखर है। जो बल्लभगढ़ सेक्टर 76 एरिया का रहने वाला है और जितेंद्र का दोस्त है। जितेन्द्र मिर्जापुर का रहने वाला है। जितेंद्र का उसके भाई अशोक के साथ एक प्लॉट को लेकर प्रॉपर्टी विवाद चल रहा है जो माननीय अदालत में विचाराधीन है। जितेंद्र का भाई अशोक हरियाणा पुलिस में हवलदार है जो गुड़गांव में कार्यरत है। जितेंद्र ने अपने भाई अशोक और उसकी पत्नी को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए योजना बनाई। जिसके तहत जितेंद्र ने अपने दोस्त आरोपी चंद्रशेखर को अपने घर बुलाया और उसके पश्चात दिनांक 01 मई 2022 को जितेंद्र ने जानबूझकर अपने भाई हवलदार अशोक के साथ झगड़ा किया। जिसमें आरोपी चंद्रशेखर ने बीच-बचाव करने का नाटक किया और इसी बीचबचाव के दौरान आरोपी ने जानबूझकर अपने सिर में चोट मार ली और हवलदार अशोक पर इल्जाम लगा दिया कि अशोक ने फावड़े से उसके सिर पर हमला किया था। आरोपी का दोस्त जितेंद्र उसे लेकर अस्पताल गया और वहां पर उसकी मेडिकल रिपोर्ट करवाकर चंद्रशेखर ने अशोक के खिलाफ थाने में शिकायत दे दी। आरोपी ने बताया कि अशोक ने उसके सिर में फावड़ा मारा था। अशोक की पत्नी ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसने पुलिस में शिकायत दी तो वह उस पर छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा करवा देगी। पुलिस जब इस मामले में जांच कर रही थी तो पुलिस द्वारा अशोक के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का दबाव बनाने के लिए 09 मई को आरोपी जानबूझकर पुलिस आयुक्त के सामने पेश हो गया कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को बैठाकर गहनता से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया।

### डीडी स्पोर्ट्स क्लब ने 32 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** विक्ट्री क्रिकेट मैदान फरीदाबाद में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच डीडी स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब और विक्ट्री क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में डीडी स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब ने विक्ट्री क्रिकेट क्लब को 32 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 25-25 ओवर का था और विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डीडी स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 25 ओवर में 6 विकेट पर 233 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए विनय ने 134 रन, अंकित फागना ने 19 रन, यश कौशिक ने 18 रन, हरीश भड़ाना ने 16 रन बनाए। विक्ट्री क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए रोहित राणा ने 2 विकेट, सन्नी और दिवेश व सतवीर ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने 23.5 ओवर में 10 विकेट में 201 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए नवल किशोर ने 109 रन, ध्रुव ने 24 रन, दिवेश ने 21 रन बनाए। डीडी स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए आदित्य तोमर ने 4 विकेट, हरीश भड़ाना और ललित भड़ाना ने 2-2 विकेट, करण और विनय ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विनय को दिया गया।

### रेडक्रास सोसायटी को मिला एक लाख रुपये पुरस्कार

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हरियाणा के राज्यपाल एवं प्रदेश रेडक्रास के अध्यक्ष बंडारू दत्तात्रेय ने रेडक्रॉस के कार्यों में प्रदेश भर में प्रथम आने पर फरीदाबाद जिला रेडक्रास सोसायटी को एक लाख रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। राज्यपाल से यह पुरस्कार जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने प्राप्त किया। इस मौके पर जिला रेडक्रास सोसायटी के उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी व रोटरी के सहायक गवर्नर और रेडक्रास कार्यसमिति के कार्यकारी सदस्य रोटेरियन जगदीश सहदेव ने राज्यपाल को स्मृति चिंह भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल के हाथों पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सचिव विकास कुमार ने कहा कि जिला रेडक्रास सोसायटी समाजसेवा के हर क्षेत्र में बढ़चढ़ कर भाग लेती है और लोगों की दुख-तकलीफ को दूर करने में सदैव आगे बढक़र कार्य करने में विश्वास रखती है। जिला समिति ने कोरोना काल में लोगों की भलाई के लिए अनेक प्रकार के कार्य किए जिनमें सूखा राशन का वितरण, फेस मास्क व सेनेटाइजर के साथ वैक्सीनेशन लगवाने व ऑक्सीजन उपलब्ध करवाने के अहम कार्य भी शामिल रहे। वहीं इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता की भलाई का कार्य कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति रेडक्रॉस के मिशन को आगे बढ़ाते हुए मानवता के कल्याण के लिए कार्य करें। मानव सेवा ही भगवान की सेवा है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में रेडक्रॉस की कार्य प्रक्रिया का भी डिजिटलाइजेशन किया जाना चाहिए।

### पीड़िता बोली: पुलिस की अनदेखी से नहीं मिल रहा न्याय

**फरीदाबाद।** एक महिला ने अपने पति व बेटी से परेशान होकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को शिकायत की है, लेकिन इससे पहले महिला राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मानव अधिकार आयोग, मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को लिखित शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन अभी महिला को न्याय नहीं मिला है। सैनिक कॉलोनी निवासी शांति बिजलवान का आरोप है कि पुलिस की अनदेखी के कारण उसे न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस उसके पति और बेटी की मदद कर रही है, जबकि वह न्याय पाने के लिए दर-दर की ठोकर खा रही है। शांति का कहना है कि पति उसे हमेशा परेशान करते हैं। उन्होंने हमेशा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। मारपीट कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। बच्चे और रिश्तेदारों के सामने अपमानित करते हैं और बार-बार घरेलू हिंसा का शिकार बनाया। आरोप है कि मेरी संपत्ति को हड़पने के लिए यह सब किया जा रहा है। शांति की मांग है कि एसीपी रेंक के अधिकारी से जांच कराई जाए।

# पिछड़ा वर्ग के 532 व्यक्तियों को 352 करोड़ रुपये के दिए ऋण : आर्य

### जिला फरीदाबाद में 13 लोगों 13 लाख रुपये की धनराशि के दिए ऋण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** पिछडा वर्ग कल्याण निगम प्रबंध निदेशक जयबीर आर्य ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में जो मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना शुरू की है। इसका मुख्य उद्देश्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं/परियोजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ताकि वह राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सक्षम हो सकें। समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर सके।

मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम के अन्य विभागों से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।



पिछडा कल्याण निगम के प्रबंध निदेशक जयबीर आर्य ऋण पत्र वितरण करते हुए।

अब तक निगम द्वारा प्रदेश में 532 व्यक्तियों को 352 करोड़ रुपये की धनराशि के ऋण वितरण कर चुका है। हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम के प्रबंध निदेशक जयवीर आर्य ने आज मंगलवार को 13 दिव्यांग लाभार्थियों को 13 लाख रुपये की धनराशि के ऋण स्वीकृति पत्र लघु सचिवालय कमरा नंबर 603 सेक्टर 12 फरीदाबाद में वितरित कर रहे थे।

निगम के प्रबंध निदेशक जयबीर आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यागजन जिस कार्य के लिए ऋण ले रहे हैं। उसे उसी कार्य में लगाएं ताकि उस कार्य से आपके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। जिससे निगम के लिए ऋण की किस्तों की अदायगी समय पर कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जो लाभार्थी नियमानुसार किस्त समय पर भरेगा उसे ब्याज दर में 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। निर्धारित समय पर ऋण भरने करने के उपरांत दोबारा अपने कारोबार को बढ़ाने हेतु ऋण भी ले सकेंगे।

निगम के प्रबंध निदेशक ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है यदि व्यक्ति के पास दूरदृष्टि सच्ची लगन और कड़ी मेहनत हो तो वह असंभव कार्य को संभव बना लेता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि हरियाणा की दीपा मलिक ने पैरा ओलंपिक 2016 में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता किसी प्रकार की रुकावट नहीं है। प्रबंध निदेशक जयबीर आर्य ने अपने संबोधन में यह भी अनुरोध किया कि आप ऋण लेने के लिए किसी दलाल व बिचौलिए के चंगुल में ना फंसे और ऋण के एवज में किसी को कोई पैसा ना दें। यदि आप से कोई भी व्यक्ति ऋण दिलाने की एवज में पैसों की मांग करता है। तो उसकी सूचना तुरंत मुझे संबंधित जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक व जिला प्रबंधक को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। सीटीएम नसीब कुमार ने निगम के प्रबंध निदेशक जयबीर आर्य का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। जिला प्रबंधक नन्द किशोर ने पिछडा वर्ग कल्याण निगम की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

ऋण वितरण समारोह में सीटीएम नसीब कुमार, डीआरओ बिजेन्दर राणा,खादी ग्रामोउद्योग अधिकारी अनिल दलाल, वंदना, देवेंद्र सिंह, महावीर, राहुल, शीशपाल, विजय कुमार, प्रेम चंद, विनय, खुशी राम,राजपाल, नेम चंद, राजेश, बिंदु भाटिया, जसवीर सिंह व् अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बीयर की बोतल से हत्या करने वाला चौथा आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी योगिन्द्र की टीम ने एक महीने पहले के हत्या के मुकदमे में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सागर उर्फ बच्चा है जो फरीदाबाद की भारत कॉलोनी का निवासी है। मृतक लड़का 18 वर्षीय हिमांशु स्थाई रुप से मध्य प्रदेश के बसैया जिले के गांव खेड़ा का रहने वाला है। जो फिलहाल फरीदाबाद के बजीरपुर रोड के पास रहता था। हिमांशु कार वॉशिंग का काम करता था। वह 9 अप्रैल 2022 को शाम के समय किसी काम से मार्केट में गया था। परशुराम चौक पर सामान लेते समय हिमांशु की आरोपी बादल से किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। आरोपी बादल ने शराब पी रहे अपने साथियों को फोन कर बुला लिया और हिमांशु को अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और बीयर की बोतल सिर में मारी जिसे हिमांशु बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए थे। हिमांशु को पास के जनक



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक सागर।

अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसे वहां से सर्वोदय अस्पताल में रेफर कर दिया जहां से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। हिमांशु का इलाज करके दवाई देकर घर भेज दिया गया। इसके पश्चात हिमांशु की 17 अप्रैल को अचानक तबियत खराब हो गई थी। जिसे अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई थी।

मृतक हिमांशु के पिता की शिकायत पर 17 अप्रैल को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर मामले में शामिल आरोपी बादल, गुलशन उर्फ गुलू और मोनू उर्फ कलवा को खेडी पुल सब्जी मंडी से गिरफ्तार कर लिया था। आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने 08 अप्रैल को मामले में शामिल चौथे आरोपी सागर को भी गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना योद्धाओं के पक्ष में आंदोलन का ऐलान


स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सुभाष लांबा के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने चेतावनी दी है कि अगर नौकरी से निकाले गए 2212 कोराना योद्धाओं को वापस ड्यूटी पर नहीं लिया तो 12 मई को प्रदेश भर में सिविल सर्जन कार्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोविड में फरिश्ते बनकर जान जोखिम में डालकर नागरिकों की जान बचाने वाले स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों तक को सरकार ने नही बख्शा है।

उन्होंने कहा कि इन प्रदशनों के बावजूद भी स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 28 मई को नौकरी पर वापस लेने के आदेशों की पालना करते हुए विभाग ने वापस ड्यूटी पर नहीं लिया तो 17 मई को स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं पंचकूला कार्यलय पर प्रदर्शन किया जाएगा और वहीं से आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने यह चेतावनी मंगलवार को बीके अस्पताल में नौकरी से निकाले स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दी। उल्लेखनीय है कि नौकरी से निकाले गए 2212 कर्मचारियों में 43 बीके अस्पताल के कर्मचारी शामिल हैं।

# कागज उत्पादन बढ़ाने की हैं अपार संभावनाएं : डॉ भागवत कराड

### इंडिया एक्पो सेंटर में आईएआरपीएमए द्वारा आयोजित तीन दिपसीय पेपरेक्स' का उद्घाटन

पायनियर साचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्रेटर** नोएडा स्थित इंडिया एक्पो सेंटर में आज तीन दिवसीय पेपरेक्स का उद्घाटन हुआ। इंडिया एग्रो एंड रिसाइकिल्ड पेपर मेनुफेकचरर्स एसोसियेशन-आईएआरपीएमए द्वारा आयोजित किया जाने वाला पेपरेक्स इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं इग्जीबिशन दुनिया में पेपर सेक्टर के बड़े कॉन्फ्रेंस में शुमार है। उद्घाटन केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए डॉ कराड ने कागज उद्योग के लिए कच्चे माल के रूप में कृषि अवशेषों के नवाचार और बिजली की आवश्यकताओं को पूरा




करने के लिए अक्षय ऊर्जा के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत में कागज की खपत को बढ़ावा देने की जरूरत है। बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और भारत को कागज विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश में कागज उत्पादन को 7-8 गुना बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर आईएआरपीएमए के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहा, ''कागज उद्योग ने दो साल में मांग में कमी का खामियाजा उठाया है क्योंकि शैक्षणिक संस्थान और कार्यालय काफी समय से बंद थे। अब मांग तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, कच्चे माल की उपलब्धता और इसकी कीमत चिंता का विषय बनकर उभरी है। वेस्ट कागज आधारित उद्योगों को 20 मिलियन टन से अधिक वेस्ट कागज की आवश्यकता होती है, लेकिन घरेलू स्तर पर केवल 12 मिलियन टन ही उपलब्ध हैं। प्रमोद अग्रवाल ने देश में वेस्ट कागज की उपलब्धता को बढ़ाने की जरूरत की बात पर जोर दिया। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) के अध्यक्ष, एएस मेहता ने कहा, ''कागज की खपत का सीधा संबंध अर्थव्यवस्था की वृद्धि से है।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन अनिवार्य : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्शीनेशन अभियान के तहत आज मंगलवार को समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें 35945 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 3987272 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है ।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे डॉ मान सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत आज जिला के वैक्सीनेशन सेंटर्स में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1362498 लोगों को पहली और 1105797 लोगों को दूसरी और 3329 लोगों को बूस्टर डोज दी गई।

# रेलवे डाल-डाल, नियम तोड़ने वाले पात-पात

### लोगों ने रेलवे की दीवार के नीचे गड्ढा कर बनाया चोर रास्ता

विवेक सिंह। फरीदाबाद

**जिले** में रेलवे की तरफ से रेलवे लाईनों के निकट कई स्थानों पर सीमेंटेड स्लैब की दीवार खड़ी की थी। इससे लोगों का यहां से आना-जाना बंद हो गया था। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से मरने और घायल होने के ग्राफ में कमी आई थी। लेकिन लोगों ने दीवार के नीचे मिट्टी हटाकर पटरियों पर निकलने का रास्ता बना लिया है। मंगलवार को लोगों को इस रास्ते से पटरियों पर जाते हुए देखा गया, लेकिन रेलवे प्रशासन सोया हुआ है।

दिल्ली-पलवल रेलमार्ग से हर रोज करीब 300 से अधिक मालगाड़ी, ईएमयू, सुपरफास्ट व राजधानी ट्रेन आवागमन करती हैं।


दीवार के नीचे की मिट्टी खोदकर बनाए गए रास्ते से निकलता व्यक्ति।

इससे अक्सर रेलवे लाइन पार करते वक्त लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो जाती थी। ऐसे में रेलवे को लावारिस लोगों के दाह संस्कार में हर साल काफी रुपये खर्च करने पड़ते थे। कई बार ऐसा होता है कि शव इंजन में फंस जाते थे और ट्रेनों को रोकना पड़ता था। ऐसी घटना में तो रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान झेलना पड़ता था। लाइन किनारे सीमेंटेड स्लैब खड़े किए जाने से ट्रेनों के संचालन में सुधार हुआ। रेलवे को राजस्व की बचत हुई। सीमेंटेड स्लैब खड़े करने पर दुर्घटनाओं में कमी आई। लेकिन एक बार फिर रेलवे के आसपास रहने वालों ने चोर रास्ते बना दिए हैं। जिससे मृतकों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर दिन औसतन 40 लोगों की मौत रेल की पटरी पार करने के दौरान होती है। इसके बावजूद ना ही लोग अपने अच्छे नागरिक होने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं और नाहीं प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई हो रही है। यही वजह है कि लोग इंडियन रेलवे एक्ट की धारा 47 का खुलेआम उल्लघंन कर रहे हैं। जिसके तहत रेल लाइन पार करने पर छह महीने की कैद और एक हज़ार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। अगर समय रहते इस गड्ढे को नहीं भरा गया तो आने वाले समय में और लोगों को इस शॉर्टकट की जानकारी मिल जाएगी। वे भी फ्लाईओवर से जाने की बजाय नीचे से जाने को तरजीह देंगे। गड्ढे के रास्ते दीवार पार कर रहे सुरेश कुमार का कहना था कि यह रास्ता छोटा है। इसलिए वह यहीं से आना-जाना करते हैं। कानून के उल्लघंन वाले सवाल पर वह बिना जवाब दिए चलते बने।

# डिवार्मिंग सप्ताह को लेकर बैठक आयोजित


सेक्टर-12 में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिला में 23 से 29 मई तक आयोजित होगा। डीवार्मिंग सप्ताह को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल कर पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी जितेन्द्र यादव जिला परिवार नियोजन की बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि डीवार्मिंग सप्ताह के दौरान 1-19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी।

इस अभियान के तहत जिले के आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कोविड-19 के सभी सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए घर-घर जाकर 1-19 वर्ष सभी बच्चों को निशुल्क कृमि मुक्ति दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 11 मई, 2022



## विधवाओं की पीड़ा

### एक समाधान

**महाराष्ट्र** के एक सुदूर गांव ने बताया है कि विधवाओं के खिलाफ ब्राह्मणवादी सामाजिक उत्पीड़न कैसे समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए उसने केवल एक सामूहिक व सचेतन निर्णय लिया। कोल्हापुर जिले के हेरवाड गांव ने उन प्रतिगामी परंपराओं पर प्रतिबंध लगा दिया है जिनके चलते अपने पति की मृत्यु के बाद महिलाओं को विधवा की तरह व्यवहार करना पड़ता है। अपने पति को खो देने वाली महिलाओं को अब चूड़ी तोड़ने, 'कुमकुम' या सिंदूर पोंछने तथा हिंदू विवाह के प्रतीक 'मंगलसूत्र' को हटाने जैसी औपचारिक परंपराओं का पालन नहीं करना पड़ता है। अब तक इन प्राचीन परंपराओं को खासकर ब्राह्मण परिवारों में कठोरता से लागू किया जाता था और बाद में इनको अन्य जातियों ने भी स्वीकार कर लिया था ताकि अन्य महिलाओं से विधवाओं की पहचान अलग हो सके। विधवाओं को उनके परिवारों द्वारा विवाह जैसे उत्सवों में भाग लेने से हतोत्साहित किया जाता था जहां उनकी उपस्थिति के अशुभ माना जाता था। आज भी देश के बहुत से हिंदू परिवार इन परंपराओं का पालन करते हैं, हालांकि सामाजिक सुधार की लहरें इनमें व्यापक परिवर्तन ला रही हैं। हेरवाड में परिवर्तन की यह इच्छा कोविड-19 में एक दर्जन से अधिक पुरुषों की मृत्यु के बाद पैदा हुई। ऐसे में ग्रामीण परंपरागत रस्मे निभा कर नई विधवाओं की तकलीफ और नहीं बढ़ाना चाहते थे। आखिरकार उन्होंने प्रस्ताव पास किया और अब वे विधवा परंपराओं पर प्रतिबंध के पक्ष में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस छोटे से गांव का यह प्रयास क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तनों के साथ जुड़ गया है जिनमें 'सती' पृथा का अंत तथा विधवा को पुन: विवाह की अनुमति शामिल हैं। समाज के प्रगतिशील तबकों, राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार को हेरवाड गांव द्वारा उठाए गए कदम को आगे बढ़ाना चाहिए।



महत्वपूर्ण बात है कि यह गांव कोल्हापुर जिले में आता है जिसे महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार की राजधानी माना जाता है। पंचायत का प्रस्ताव कोल्हापुर राज्य के पूर्व शासक छत्रपति साहू जी महाराज की पुण्यतिथि पर पास किया गया। साहू जी को उन सामाजिक सुधारों को शुरू करने का श्रेय दिया जाता है जिनसे धर्म, संस्कृति व समाज पर ब्राह्मणवादी जकड़ कमजोर हुई। उन्होंने पिछड़ी जातियों को सभी खाली पदों में 50 प्रतिशत स्थान देकर आरक्षण की शुरुआत की थी तथा देवदासी पृथा व बाल विवाहों पर प्रतिबंध लगा कर विधवा पुनर्विवाह व अंतर-जातीय विवाहों को कानूनी रूप से वैध ठहराया था। इसके परिणामस्वरूप राज्य में महिला अधिकारों तथा दलितों की स्थिति में सुधार से उल्लेखनीय सामाजिक परिवर्तन आया। सड़कों के विकास तथा तेज शहरीकरण ने नए विचारों को गांवों तक पहुंचना संभव बनाया है जिससे सदियों पुरानी सामाजिक ऊंचनीच कमजोर पड़ रही है। अधिकांश ग्रामीण महाराष्ट्र अब अर्ध-शहरी हो गया है। शहरों में विस्थापन से बड़े पैमाने पर भूमि का बंटवारा हुआ जिसके चलते परंपरागत कृषि व्यवहार प्रभावित हो रहे हैं। सेवा क्षेत्र ने ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर प्रवेश किया है। महिलाओं की शिक्षा, कामकाज तथा उद्यमिता में प्रवेश से पुरानी परंपराओं की जकड़ कमजोर हुई क्योंकि इनके कारण महिलायें अपना ज्यादातर समय घर के बाहर बिताती हैं। लेकिन महिलाओं का पूर्ण उत्थान अब भी बहुत दूर का सपना बना हुआ है। भारत की बहुसंख्य विधवायें अभी अपने कानूनी अधिकारों के बारे में अनजान हैं। घरों तक सीमित, अधिकांशत: अशिक्षित तथा पितृसत्ता के बोझ से दबी महिलाओं को पुनर्विवाह के बाद अपनी विरासत, गुजारा भत्ता, दत्तक ग्रहण व संपत्ति पर अधिकारों की कोई जानकारी नहीं है। अधिक आयु वाली विधवाओं के साथ उनके परिवारों में दुर्व्यवहार होता है या उनको वृद्धाश्रमों में छोड़ दिया जाता है। आर्थिक स्वतंत्रता न मिलने के कारण विधवा महिलायें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं और वे उनको लागू कराने में विफल रहती हैं।

# भारत में बढ़ती उर्वरक सब्सिडी

उर्वरक सब्सिडी 2019-20 में पहले से ही बहुत अधिक 83,000 करोड़ थी जो 2022-23 में 2,00,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती है।



**उत्तम गुप्ता**
(नीति विश्लेषक)



उर्वरक सब्सिडी पिछले तीन साल में बहुत तेजी से बढ़ी है। यह उर्वरक निर्माताओं या आयातकों को दी जाती है ताकि कम न्यूनतम खुदरा मूल्य-एमआरपी पर केन्द्र सरकार के आदेश से किसानों को खाद दी जा सके। इसके उत्पादन, आयात या वितरण में आने वाले अतिरिक्त खर्च का भुगतान केन्द्र सरकार करती है। उर्वरक सब्सिडी पहले ही बहुत अधिक, यानी 2019-20 में 83,000 करोड़ रुपये थी जो 2020-21 में बढ़ कर 1,38,000 करोड़ तथा 2021-22 में 1,62,000 हो गई। इसके 2022-23 में 2,00,000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर सकती है। सवाल है कि क्या उर्वरक सब्सिडी पर लगाम लगाने का कोई तरीका है? सब्सिडी भुगतान उर्वरकों की दो प्रमुख श्रेणियों में दिया जाता है-1. यूरिया तथा 2. फास्फेट या 'पी' और पोटाश या 'के' उर्वरक है जिसे गैर-यूरिया उर्वरक भी कहा जाता है। भुगतान की मात्रा निर्धारित करने के लिए प्रयोग की मात्रा के साथ हमें दो अन्य तत्वों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है-1.एमआरपी तथा 2. सप्लाई पर आने वाला खर्च। यूरिया के मामले में सरकार एमआरपी पर 'अनिवार्य' नियंत्रण करती है तथा निर्माताओं को सब्सिडी से अधिक लागत को नई मूल्य योजना-एनपीएस के आधार पर 'गैर-विशिष्ट' आधार पर वहन करती है। जहां तक गैर-यूरिया उर्वरकों का सवाल है, यह सभी निर्माताओं व निर्यातकों के लिए पोषण आधारित योजना-एनबीएस के आधार पर पोषक आधारित सब्सिडी देती है। दो श्रेणियों के लिए मूल नीतिगत अंतर है। यूरिया के मामले में किसानों को निश्चित एमआरपी पर सप्लाई की जाती है और निर्माताओं या आयातकों को मुआवजा सप्लाई की लागत बढ़ने पर दिया जाता है, जबकि गैर-यूरिया उर्वरकों के निर्माताओं या आयातकों के मामले में निश्चित सब्सिडी दी जाती है। इससे वे कीमत बढ़ने पर एमआरपी बढ़ा सकते हैं।

इस कारण पीएंडके उर्वरकों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है, जबकि यूरिया की एमआरपी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप मूल्य अनुपात में असंतुलन आया है। उदाहरणार्थ, 2020-21 में व्यापक प्रयोग वाले 'पी' उर्वरक या डीएपी की कीमत यूरिया से चार गुना अधिक है। इसके कारण उर्वरक प्रयोग में असंतुलन लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके नतीजे फसल उत्पादकता, मृदा स्वास्थ्य, पर्यावरण, आदि पर नकारात्मक आए हैं। सरकार ने इस नीति के साथ 2021-22 की शुरुआत की जो गैर-यूरिया उर्वरकों के खिलाफ नीतिगत पूर्वाग्रह है। इसके चलते जहां गैर-यूरिया उर्वरकों पर सब्सिडी 21,000 करोड़ रुपये है, जबकि यूरिया पर यह 59,000 करोड़ है। लेकिन पीएंडके उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि के कारण मोदी सरकार को अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन पर मजबूर होना पड़ा है। पिछले साल डीएपी की कीमत दो गुनी से अधिक हो गई है, जबकि यूरिया तथा म्यूरेट आफ पोटाश या एमओपी की कीमतें तीन गुना अधिक हो गई हैं। एमआरपी को 2020-21 के स्तर पर बनाए रखने के लिए मई, 2021 में सरकार ने डीएपी पर सब्सिडी 10,000 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 24,000 प्रति टन कर दी। अक्टूबर, 2021 में इसे और बढ़ा कर 32,760 रुपये प्रति टन किया गया। इसके परिणामस्वरूप गैर-यूरिया उर्वरकों पर वास्तविक सब्सिडी भुगतान 57,000 करोड़ था जो संशोधित बजट अनुमान से 36,000 करोड़ रुपये अधिक था। आयातित यूरिया व प्राकृतिक गैस की कीमतें बढ़ने के कारण यूरिया पर सब्सिडी भुगतान 1,05,000 करोड़ था जो बजट अनुमान से 46,000 करोड़ रुपये अधिक था। कुल मिला कर सरकार ने उर्वरक सब्सिडी पर 1,62,000 करोड़ रुपये खर्च किए। 2022-23 में कीमतें घटने की उम्मीद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उर्वरक सब्सिडी पर आबंटन घटा कर 1,05,000 करोड़ कर दिया जिसमें यूरिया पर 60,000 करोड़ तथा गैर-यूरिया पर 45,000 करोड़ रुपये था। लेकिन यूक्रेन संकट के कारण ये आंकड़े बेकार हो गए। युद्ध के गंभीर प्रभावों के कारण मूल्यों में 2021-22 के स्तर से और बढ़ने तथा पूरे साल ज्यादा बने रहने की आशंका है। इस पृष्ठभूमि में सरकार ने डीएपी पर सब्सिडी अन्य पीएंडके उर्वरकों की तरह बढ़ा कर 50,000 प्रति टन कर दी है। इसके परिणामस्वरूप केवल खरीफ 2022 में खर्च 61,000 करोड़ रुपये था। पूरे वर्ष के लिए यह सीमा 1,00,000 करोड़ से अधिक हो सकती है। इसके साथ ही यूरिया पर सब्सिडी बजट अनुमान की तुलना में बहुत अधिक हो सकती है। इसे देखते हुए उर्वरक सब्सिडी 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

भारत पर इसका प्रभाव इसलिए क्योंकि अतीत में आयात पर निर्भरता घटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वर्तमान समय में फास्फेट 90 प्रतिशत, पोटाश 100 प्रतिशत, यूरिया 33 प्रतिशत तथा गैस 50 प्रतिशत आयात होती है। इस पर निर्भरता घटाने के प्रयासों का केवल दीर्घकालीन नतीजा निकल सकता है। इस बीच सरकार को अन्य क्षेत्रों में कमियों पर ध्यान देना चाहिए। इनमें बड़े पैमाने पर सब्सिडाइज़्ड उर्वरकों, खासकर यूरिया का दूसरे क्षेत्रों में प्रयोग, किसानों द्वारा अत्यधिक प्रयोग तथा बड़े, अमीर व अवांछित किसानों को सब्सिडाइज़्ड सामग्री तक पहुंच के साथ ही लागत-प्लस व्यवस्था द्वारा निर्माताओं को अधिक भुगतान शामिल है। यूरिया के दूसरे क्षेत्रों में प्रयोग पर गौर करें तो पता चलेगा कि 2022-22 में कुल उपभोग 34 मिलियन का लगभग 30 प्रतिशत या 10.2 मिलियन दुरुपयोग हुआ। यह दुरुपयोग रोकने से 32,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। इसके साथ ही यदि यूरिया का उचित प्रयोग किया जाए तो इससे 10 प्रतिशत की बचत हो सकती है जिससे 7,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बचत होगी। इसी प्रकार 2 हेक्टर से अधिक जमीन वाले बड़े व मझोले किसानों को सब्सिडी न देने पर काफी बचत हो सकती है क्योंकि वे लगभग 25 प्रतिशत या 6 मिलियन टन उपभोग करते हैं। उनको योजना से बाहर रखने पर 19,000 करोड़ रुपये बचेंगे। ये सारी बचत कुल मिला कर 58,500 करोड़ रुपये होगी। निर्माताओं को भुगतान तार्किक बनाने से कम लागत वाली फर्मों को प्रोत्साहन मिलने पर वे ज्यादा सप्लाई करेंगे। इससे अधिक लागत वाली फर्मों का पता लगेगा और बचत होगी। इसके साथ ही सप्लाई व वितरण श्रृंखला के अनेक स्तरों पर क्षमता में सुधार तथा कीमत घटाने की काफी संभावना है।

उपरोक्त सभी काम किए जा सकते हैं। लेकिन इसके लिए मूल्य व सब्सिडी व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन करना होगा। सरकार को निर्माताओं के माध्यम से रूटीन सब्सिडी के बजाय किसानों को प्रति हेक्टर आधार पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी की व्यवस्था करनी चाहिए। इससे निर्माता व आयातक बाजार मूल्य पर बेचने में सक्षम होंगे। यूरिया आयात को मुक्त करना चाहिए क्योंकि गैर-यूरिया उर्वरक आयात पहले से मुक्त है। इससे सप्लायरों में उपयुक्त प्रतियोगिता सुनिश्चित होगी तथा केवल कम खर्च पर सप्लाई करने में सक्षम लोग बचेंगे। बाजार में सब्सिडाइज़्ड उर्वरक न होने पर इसका दुरुपयोग पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही एमआरपी से उर्वरक का असली मूल्य स्पष्ट होने के कारण किसान इसका उचित उपयोग करेंगे तथा मृदा व फसल की आवश्यकता का ध्यान रखेंगे। इससे उर्वरक का उचित प्रयोग बढ़ेगा तथा इसका असंतुलन दूर होगा। सरकार को कर ढांचे पर भी ध्यान देना होगा। वर्तमान समय में सारे उर्वरक 5 प्रतिशत जीएसटी में आते हैं, जबकि फास्फोरिक एसिड व अमोनिया पर 12 व 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। प्राकृतिक गैस पर उत्तर प्रदेश में 21 प्रतिशत वैट भी लगता है। उर्वरकों पर टैक्स लगा कर अतिरिक्त सब्सिडी देने का कोई अर्थ नहीं है।

गैस को भी 5 प्रतिशत जीएसटी दायरे में लाया जाना चाहिए। इसी प्रकार फास्फोरिक एसिड व अमोनिया पर भी इसे घटा कर 5 प्रतिशत करना चाहिए। डीबीटी व्यवस्था से उर्वरकों की अधिक अंतरराष्ट्रीय कीमत होने पर भी सब्सिडी घटाने में काफी सहायता मिलेगी। लेकिन इन सुधारों के लिए सीधे सांड से टकराने जैसा संघर्ष करना होगा क्योंकि वर्तमान व्यवस्था से अनुचित लाभ उठाने वाले इसका भारी विरोध करेंगे।।

# रूस-यूक्रेन युद्धः विजेता कौन?

**गुइन डायर**
(वरिष्ठ पत्रकार)



हम हाल ही में बात कर रहे थे कि यूक्रेनी कितनी चतुराई से कीव के आसपास रूसी कब्जे वाले शहरों में समस्त अत्याचारों का सामना करने से पहले ही हमलावर रूसी सैनिकों को ओर्क्स् कहने लगे थे। तब टीना ने कहा: ''अगर पुतिन के सैनिक ओर्क्स हैं, तो वह सौरोन होना चाहिए।''

आप अनुमान लगा सकते हैं कि इसके बाद क्या हुआ। हम अन्य चरित्रों को मौजूदा नाटक में 'लार्ड्स आफ द रिंग' के दूसरे किरदारों से जोड़ने की कोशिश करने लगे जिसे बहुत लोग हमारे दौर की पद्धति के रूप में देखने लग सकते हैं। फ्रोडो आसान था: जो यूक्रेन का राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की है, जो मामूली, असुरक्षित मगर बहुत साहसी भी है। हम यह नहीं जान पाए कि आरागोर्न की भूमिका में कौन है, लेकिन फ्रांस के नए चुने गए राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों, लेगोलास के लिए मृत घंटी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉन्सन, जो ज्यादा शेखचिल्ली और आत्मसेवारत बौनों में से एक हैं, जो पुतिन के दिमाग के रूप में भी जाने जाते हैं, सारूमन की भूमिका के स्वाभाविक उम्मीदवार हैं। वह क्रिश्चियन फासीवादी दार्शनिक है सौरोन/पुतिन को सलाह देता है कि पश्चिम, 'अराजकतावादियों का राज्य' को कैसे तबाह किया जाए जो 'अराजकता और भ्रष्टाचार के रसातल' में डूबे रूस के अंदर घुसना चाहता है। लेकिन मैं यहा बहुत ज्यादा तकनीकी बन रहा हूं।

जो बाइडेन ट्री बियर्ड हैं, जो एंट्स में सबसे बड़े हैं, और मैं आप पर छोड़ता हूं कि आप एलओटीआर के इस कम-बजट रीमेक में बाकी पात्रों को बाहर निकालें। लेकिन मुझे बताएं कि क्या आपको पता चलता है कि गेडाल्फ कहां है जब हमें उसकी जरूरत है। शायद देर से, हमेशा की तरह। लेकिन यहां वो बात है। यूक्रेन में युद्ध की तुलना लॉर्ड ऑफ द रिंग्स से करना रात्रिभोजन-उपरांत का एक हानिरहित खेल है, लेकिन यह नीति के लिए बहुत खराब मार्गदर्शक है। फिर भी कई पश्चिमी नेता ऐसे लगने लगे हैं जैसे जे आर आर टॉल्किन उनके भाषण-लेखक हैं। यह स्पष्ट सबूत है कि वे अपनी जगह खो रहे हैं।



यह उस युद्ध के लिए बेहद सामान्य बात है जो शुरुआती सफलता के बाद फैलना चाहता है, लेकिन यह आम तौर पर चूक है। यूक्रेन ने रूसी हमले के सामने घुटने नहीं टेके, जे कि पुतिन और पश्चिमी नेतृत्व पदों दोनों पदों पर मौजूद लोग उम्मीद पाल रहे थे। इसलिए पश्चिमी पंडित ( यहां तक कि पश्चिमी राजनेता) अब भविष्यवाणी कर रहे हैं कि यूक्रेन न केवल उस भूमि पर फ़िर से कब्जा कर लेगा, जिस पर फरवरी से रूस ने कब्जा किया था, बल्कि उस क्षेत्र को भी, जिस पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूस की तीन गुना बड़ी आबादी और दस गुना बड़ी अर्थव्यवस्था के बावजूद यह संभव हो सकता है, हालांकि मुझे इसमें संदेह है। लेकिन क्या यूक्रेनियन सुनिश्चित हैं कि वे एक परमाणु-शस्त्र संपन्न दुश्मन को धक्का देना चाहते हैं जिसने खुद को इस तरह के अपमानजनक कोने में तर्कहीन और अस्थिर दिखाया है? क्या उन्हें यकीन है कि उनके पश्चिमी समर्थक अभी भी उनका समर्थन करेंगे यदि युद्ध परमाणु प्रदर्शन के मुकाम पर पहुंचता है (जैसा कि शायद होगा)?

इसके अलावा, क्या यूक्रेनियन को यकीन है कि वे सचमुच 2014 में खोए इलाके पाना चाहते हैं? वे लोग जो वहां रहते हैं अब न केवल रूसी वक्ता हैं, बल्कि अधिकांश लोग दरअसल अब खुद को रूसी के रूप में पहचानते हैं। अगर कीव ने जबरदस्ती उन्हें विजेता यूक्रेनी राज्य में फिर से मिलाने की कोशिश की तो यह पक्के तौर पर उस राज्य को कम से कम अराजकता का क्षेत्र जरूर बना देगा।

हम प्राय: इन सभी अजीब प्रश्नों से दूर रहेंगे, क्योंकि ऐसी निर्णायक यूक्रेनी जीत नहीं होने वाली है। अधिक चिंता की बात यह है कि जिस तरह से पश्चिमी नेता इतनी आसानी से टॉल्किन वाली मानसिकता में फिसल गए हैं, जो उन्हें खुद को पश्चिम के संकटग्रस्त रक्षकों के रूप में देखने का मौका देती है, जो पूर्व में एक बड़ी बुराई से खतरनाक संकट का सामना करता है।

उस तरह की किताबें लिखने के लिए टॉल्किन के पास एक उत्कृष्ट बहाना था, क्योंकि उन्होंने 1937 और 1949 के बीच अपना 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' त्रयी लिखा था, जब पश्चिम को वास्तव में एक बड़ा खतरा था, पहले नाजी जर्मनी से और फिर सोवियत संघ से। यह अपने दौर की एक उपयुक्त कहावत था। यह हमारे लिए प्रासंगिक नहीं है। रूस को एक क्षण में इतनी कमजोर शक्ति के रूप में कैसे देखा जा सकता है कि उसे ताकत के बल पर अगले क्षण समूचे यूरोप या 'स्वतंत्रता' या 'लोकतंत्र' या जो भी हो, के लिए एक भारी खतरे के रूप में समूचे पूर्व यूक्रेनी क्षेत्र से बाहर धकेला जा सकता है?

यदि एक प्रथम श्रेणी की बुद्धि की परीक्षा, एक ही समय में दो विरोधी विचारों को मन में रखने और फिर भी कार्य करने की क्षमता को बनाए रखने की क्षमता है, तो पश्चिम का मौजूदा नेतृत्व वर्ग समूचा प्रतिभाशाली है।

रूस मोर्डर नहीं है। यह एक दूसरे दर्जे की महान शक्ति है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि इसके पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, लेकिन यह शेष यूरोप या लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए कोई गंभीर खतरा नहीं है। यूक्रेन पर इसका आक्रमण एक ज़बरदस्त लूट-और-कब्जा जमाओ वाली छापामार कार्रवाई था जिसे यूक्रेन के दोस्तों और पड़ोसियों की मदद से खदेड़ा जा रहा है।

## आप की बात

### बेहतर बने भारतीय रेल

**भारतीय** ट्रेनों की गति बढ़ाने के प्रयास निसंदेह यह स्वागत योग्य कदम है। अगले तीन साल में वन्दे भारत की 400 रैक तैयार करने की घोषणा हुई है जो कि न केवल भारतीय रेल परन्तु रेल यात्रियों के लिए भी खुशखबरी है। परन्तु यह सोचने वाली बात है कि बिना मूलभूत ढांचे को खड़े किये बगैर इतनी बड़ी संख्या में कैसे भारतीय रेल तेज रफ़्तार की रेलों को पटरी पर दौड़ा पायेगा जैसा कि लेख में साफ -साफ लिखा है कि केवल दिल्ली आगरा के बीच की पटरी में ऐसी व्यवस्था है कि रेल 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार को छू सकती है। तो ऐसे में सबसे पहले अगले 1-2 वर्षों में उन तमाम जगह तेज रफ़्तार को सहायक पटरी बिछाने की जरूरत है क्योंकि वर्षों से चली आ रही मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों की रफ़्तार भी बढ़ने की जरूरत है न कि केवल वन्दे भारत रेलों को ऐसा अवसर मिले। क्योंकि अधिकतर रेल मेल और एक्सप्रेस ही चलेंगी हमारी पटरियों पर तो अब बिना समय गंवाए भारतीय रेल को पटरियों और मूलभूत ढांचे में नयी तकनीक का उपयोग और मॉडर्नाइजेशन की जरूरत है। यात्री सुविधायें भी बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**बाल गोविंद,** नोएडा

### लोकतंत्र पर संकट

**तानाशाही**, एकतंत्रवाद एवं सर्वसत्तावाद का पूरे विश्व में तेज़ी से विस्तार हो रहा है। लोकतंत्र शब्द कानों में जब गूंजता है कितना सकून का अनुभव होता है। लेकिन इन देशों की संख्या में लगातार गिरावट आती जा रही है। उसके लिए कोई और नहीं बल्कि हम नागरिक ही जिम्मेदार है। हम ही हैं जो जुल्म सहते हैं व शासकों के फरमान का पालन करते हैं। यही वजह है कि आज सत्तावादी व्यवस्था के अंतर्गत 93 देश आते हैं । शुद्ध लोकतंत्र की अगर बात की जाय तो उनमे केवल 21 देश ही हैं। शेष देशों पर दोषपूर्ण लोकतंत्रवादियों का कब्जा है। अब फिलीपीन्स में सोमबार को हुए चुनाव में लोगों ने 1970 के दशक के तानाशाह मार्कोस के बेटे बोंगबोंग को राष्ट्रपति पद के लिए चुना, जबकि उनके पिता ने भयानक अत्याचार किए थे। इनमें न्यायिक हत्या, यातना एवं आलोचकों के लिए कारावास तो रोजमर्रा की बात हो गई थी। ऐसे में लगता यही है तानाशाही की लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही जा रही है। यह रुझान अत्यंत चिंताजनक है और इस पर अंकुश यदि नहीं लगा तो भविष्य में स्थितियां बेहतर नहीं रहेंगी।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से मंदिरों व मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से आम जनता को राहत मिली है। खुशी की बात है कि प्रदेश में सभी हिंदू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कदम का समर्थन किया है, जबकि देश के एक अन्य प्रदेश में यह सांप्रदायिक-राजनीतिक टकराव का कारण बन गया है।

यह भी खुशी की बात है कि काफी लंबे समय बाद किसी सरकार ने ध्वनि प्रदूषण तथा इसके कारण जनता के स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान पर ध्यान दिया है। इस कदम का और विस्तार करने की जरूरत है। देखने में आता है कि अक्सर लोग मोटरसाइकिलों व कारों, आदि में तेज आवाज करने वाले हार्न लगाते हैं तथा सड़कों पर इनको अनावश्यक रूप से बजा कर अपनी हनक जमाने की कोशिश करते हैं। सड़कों पर इस प्रकार का शोर घटाने का प्रयास भी होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश प्रशासन भविष्य में भी इस बारे में कठोरता बरतता रहेगा तथा सभी धार्मिक आयोजनों पर भी इसे लागू किया जाएगा।

– **अबरार अहमद**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



पिछले 75 वर्ष में किसी राजनेता की तुलना में नरेन्द्र मोदी ने ज्यादा क्षमता व दृढ़ता से काम किया है।

– **अमित शाह**
गृह मंत्री

**मैंने** प्रधानमंत्री के पद से राष्ट्रपति को इस्तीफा दे दिया है जो फौरन प्रभावी हो गया है।

– **महिंदा राजपक्षे**
श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री





**मीडिया** में सुर्खियों के बजाय अर्थव्यवस्था के प्रबंधन पर ध्यान दें।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# क्रांति दिवस पर योगी ने किया शहीदों को नमन

## मेरठ के ऐतिहासिक विक्टोरिया पार्क में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में सम्मिलित हुए सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति ज्वाला में अग्रणी भूमिका निभाने वाली बाबा औघड़नाथ की पावन धारा को नमन करते हुए, देश की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहूत देने वाले क्रांतिकारियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष बताया और कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस क्रांतिधारा का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार को मूर्त रूप देने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। योगी ने ने कहा कि देश को आजादी मिलने से 90 वर्ष पूर्व बैरकपुर में क्रांति की जो मसाल अमर बलिदानी मंगल पांडेय ने जलाई, मेरठ में कोतवाल धनसिंह गुर्जर जी के नेतृत्व में उसे नई ऊंचाई मिली। ओग बोलते हुए सीएम योगी ने क्रांतिकारियों को याद करते हुए कहा कि कहीं बंधु सिंह, कहीं लक्ष्मीबाई,



कहीं नाना साहब,कहीं तात्या टोपे तो कहीं धनसिंह गुर्जर ने जब आजादी की पहली लड़ाई की मशाल जलाई तब उन्होंने जाति, क्षेत्र,भाषा, मत, मजहब से ऊपर उठकर एकजुट होकर एक रोटी-कमल को चिन्ह मानकर सिर्फ एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा, सिर्फ देश की स्वाधीनता। इसी कारण वीर सावरकर ने इसे प्रथम स्वातंर्त्य समर कहा था।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत के किसानों नौजवानों, मजदूरों, महिलाओं सभी का सामूहिक प्रयास था कि गांव-गांव में हर एक व्यक्ति के मन में एक नया उमंग प्रकाशित होकर सैकड़ों वर्षो की गुलामी को तोड़ता भारत 90 वर्ष बाद आजादी का आनंद उठा रहा था। सीएम ने कहा कि भक्ति और शक्ति के समृद्ध इतिहास को संजोए बाबा औघड़नाथ की धरा मेरठ का अपना अलग महत्व है। यह वही मेरठ है जहां के राजा दुष्यंत के पुत्र भरत के नाम पर इस देश का नाम भारत हुआ। हमारा इतिहास सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं है। हमारा भूगोल भी हमारी समृद्ध इतिहास का द्योतक है। इसे ऐतिहासिक पहचान दिलाने का दायित्व हम सभी का है।

उन्होंने आगे बोला कि, मेरठ आज नए कलेवर में सबके सामने है। देश की पहली रैपिड रेल मेरठ और दिल्ली के बीच की दूरी को मिला देगी। 12 लेन वाला एक्सप्रेसवे पहले से इस दूरी को कम कर चुका है। मात्र 35 मिनट में मेरठ से दिल्ली की दूरी तय की जा सकती है। यहां बन रहा गंगा एक्सप्रेसवे पश्चिम से पूरब की दूरी को कम कर देगा। एयर कनेक्टिविटी, जेवर में बन रहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट,फिल्म सिटी यह सभी विकास की गति को तीव्र करेंगे। योगी ने मेरठ की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ओडीओपी से मेरठ के स्पोर्ट्स आइटम देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। मेरठ में ही हम मेजर ध्यानचंद के नाम पर एक खेल विश्वविद्यालय बना रहे हैं जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है और इसका निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि हमारे वीर सपूतों ने देश की आजादी को लेकर जो सपना देखा था,हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम सब उसमें अपनी भागीदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

# सड़कों की गुणवत्ता की जॉच के लिए टीम करे औचक निरीक्षणः जितिन प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोक** निर्माण विभाग मंत्री तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जितिन प्रसाद ने बैठक में राज्य सड़क निधि प्रबन्धन समिति के सदस्यों के सुझावों को प्राप्त करने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्व की सर्वश्रेष्ठ तकनिक का प्रयोग करते हुये सड़कों का निर्माण कराया जाय। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये निर्धारित समय-सीमा में मानकों का शतप्रतिशत पालन करते हुये कराया जाय। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। सड़कों की गुणवत्ता की जॉच हेतु मुख्यालय स्तर पर गठित टीम द्वारा निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण कराया जाय तथा गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाय। जितिन प्रसाद ने निर्देश दिया कि शहरी सड़कों पर एक छोर से दूसरे छोर तक पटरियों का निर्माण कराया जाय। उन्होंने बैठक में माननीय सदस्यगणों द्वारा ओवरलोडिंग की वजह से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की समस्या उठाये जाने पर खनन विभाग तथा परिवहन विभाग के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ओवरलोडिंग पर तत्काल रोक लगायी जाय। सड़कों के निर्माण के दौरान ड्रेनेज व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाय।

## सीएम से मिले बांग्लादेश के उच्चायुक्त

# प्रदेश में निवेश और रोजगार की व्यापक संभावनाएंः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद इमरान ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बांग्लादेश और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य सम्बन्धों को और प्रगाढ़ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के मध्य इतिहास, भाषा, संस्कृति और अन्य अनेक समानताओं के प्रगाढ़ सम्बन्ध हैं। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है तथा भारत बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। 24 करोड़ की जनसंख्या का उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है। प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न उत्तर प्रदेश देश में खाद्यान्न एवं दुग्ध का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गेहूं, चीनी, डेयरी से सम्बन्धित मशीनरी और सूती धागे निर्यात किये जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश भारत को परिधान एवं वस्त्रों के सामान के निर्यात में प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस क्षेत्र में प्रोद्यौगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत का तीसरा सबसे बड़ा फैब्रिक उत्पादक राज्य है। बांग्लादेश के निवेशकों के लिए प्रदेश में फैब्रिक उत्पादन, बुनाई, कताई तथा डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग आदि क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध हैं।

प्रदेश में निवेश एवं रोजगार की व्यापक सम्भावनाएं हैं। बांग्लादेश उत्तर प्रदेश का एक स्वाभाविक भागीदार बन सकता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत बांग्लादेश हरित प्रोद्यौगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा आईटी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे नये क्षेत्रों में सहयोग का इच्छुक है। इसके अतिरिक्त दोनों देश सीईपीए के अन्तर्गत निवेश के सम्भावित क्षेत्रों की खोज के साथ-साथ रक्षा उपकरणों, वैक्सीन एवं अन्य औषधियों के संयुक्त उत्पादन पर भी ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विगत 05 वर्षों से आर्थिक रूप से उभरता हुआ अग्रणी राज्य है। प्रदेश में बांग्लादेश के निर्यातकों एवं निवेशकों के लिए अनेक अवसर हैं। बांग्लादेश के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने में प्रदेश को अत्यन्त प्रसन्नता होगी, जिससे दोनों देशों को द्विपक्षीय व्यापार सम्बन्धों को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश देश में कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तथा आईटी/आईटीईएस क्षेत्र का बड़ा केन्द्र है। नोएडा में सैमसंग इण्डिया ने विश्व का सबसे बड़ा डिस्प्ले यूनिट प्लाण्ट स्थापित किया है, जो क्रियाशील हो चुका है। उत्तर प्रदेश डाटा सेण्टर के निवेश के हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में व्यापक पैमाने पर विश्वस्तरीय आधारभूत अवसंरचना के विकास के कार्य क्रियान्वित किये जा रहे हैं। प्रदेश में आगरा, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झांसी एवं चित्रकूट में उत्तर प्रदेश डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग पार्क, टॉय पार्क, लॉजिस्टिक हब एवं हेरिटेज सिटी तथा फिल्म सिटी, उन्नाव में देश का पहला मेगा लेदर पार्क, बरेली में मेगा फूड पार्क, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क के कार्य विभिन्न चरणों में सम्पादित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज स्टेट के रूप में स्थापित हो चुका है।

# विवाद में न उलझें निवेशक और कंपनियांः नन्दी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा की जिसमें उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हुए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में जुट जाने और लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 3 जून को प्रधानमंत्री द्वारा इस प्रोग्राम का टाइम ले लिया गया है और इस प्रोग्राम में बड़े-बड़े उद्योगपति जाएंगे। औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग में निवेश का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे हासिल किया जाए। औद्योगिक विकास में जो भी बाधाएं आ रही हैं या फिर कमियां हों, उसे दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी या फिर विदेशी निवेशक यहां उद्योग धंधे लगाने के बाद विवादों में उलझ कर न रह जाएं, खुद को ठगा हुआ महसूस न करेंए इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने, रोजगार को बढ़ावा देने के लिए जो भी बेहतर नीतियां लागू की गई हैं, उसे अपने प्रदेश में भी अपनाया जाए। क्योंकि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के जरिये रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है।

# यूपी-112 का रिस्पांस टाइम घटेगा

● गृह विभाग ने कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध ढंग से शुरू की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपराध** और कानून-व्यवस्था संबंधी किसी भी शिकायत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचने वाली यूपी पुलिस की यूपी-112 का रिस्पांस टाइम और सुधारने की कवायद तेज हो गई है। गृह विभाग की मंशा है कि यूपी-112 के मौजूदा 12 मिनट के रिस्पांस टाइम को घटाकर 10 मिनट से कम पर लाया जाए। इसके लिए गृह विभाग ने कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

पिछले दिनों हुए मुख्यमंत्री के समक्ष हुए गृह विभाग के प्रस्तुतीकरण के दौरान सीएम योगी ने भी यूपी-112 के रिस्पांस टाइम क ो घटाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद गृह विभाग ने पूरे सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 36 सौ करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। गृह विभाग के सूत्रों ने बताया कि आने वाले समय में एनएचआईए, यूपीडा 1033, यीडा 1070 और आपदा हेल्प लाइन 1070 हेल्पलाइन को भी यूपी-112 से जोड़ा जाएगा। यूपी-112 की मौजूदा फ्लीट में 13 सौ चार पहिया और पांच सौ दुपहिया पीआरवी को जोड़ा जाएगा और पुराने पीआरवी को बदला जाएगा। इसके अलावा इन वाहनों में जीपीएस डिवाइस और फ्लीट के अन्य उपकरण भी दिए जाएंगे। प्रदेश में यूपी-112 की सुविधा लोगों को देने के लिए संसाधनों में इजाफ ा किया जाएगा और अधिक से अधिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए करीब 65 हजार और पुलिस कर्मियों की जरूरत होगी। यूपी-112 में स्वचालित तकनीकी का उपयोग कर चैट बोट के माध्यम से सोशल मीडिया और एसएमएस में लगने वाले मानव संसाधन को कम किया जाएगा। लोगों का फीडबैक भी आटोमेटिक होगा। जिससे कम से कम मानव संसाधन होगा।

# उपभोक्ताओं को मिले समय पर सही बिलः ऊर्जा मंत्री

● बिलिंग एजेंसियों के लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर होगी जवाबदेही



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सही रीडिंग एवं बिलिंग के लिए बिलिंग एजेंसियों की व्यवस्थाओं, मैनपावर, जरूरी उपकरणों एवं तैयारियों की जमीनी स्तर पर परख की जाए। गलत बिल बनाये जाने की शिकायतें आ रही हैं। इस पर तुरन्त कार्रवाई कर रोका जाए। उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल मिले, अधिकारी यह सुनिश्चित करें और ज्यादा से ज्यादा बिलिंग, रीडिंग एवं राजस्व वसूली पर जोर दिया जाए।

शक्ति भवन में समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी हालात में गलत बिल न बनने पाए, मौके पर जाकर बिलिंग करें और भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित भी करें। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिलिंग करने में सावधानी बरती जाए। जो भी बिलिंग एजेंसी लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य नही करेंगी, उसकी जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बहुत से उपभोक्ताओं के पास समय से बिल नहीं पहुंच रहा है जिसके कारण लोग बिलों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक उपभोक्ता के मीटर तक पहुंचने के लिए मीटर रीडर को उपलब्ध हो रही सुविधाओं, जरूरी उपकरणों आदि से संबंधित व्यवस्था की भी निगरानी करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक मीटर रीडर एवं एजेंसी को बिलिंग करने का लक्ष्य निर्धारित हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रत्येक मीटर रीडर के वालेट में पर्याप्त धनराशि रखने पर भी बल दियाए जिससे कि उपभोक्ता परिसर पर ही बिल जमा किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक डिस्काम एवं बिलिंग एजेंसी को शत.प्रतिशत बिलिंग करने के निर्देश दिए और कहा कि हम जितनी बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रहे हैं, उसके सापेक्ष ही राजस्व भी मिलना चाहिएए इस पर सभी मिलकर कार्य करें। प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष पावर कारपोरेशन एम देवराज ने ऊर्जा मंत्री को आश्वस्त किया किकिसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों एवं बिलिंग एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रबन्ध निदेशक यूपीपीसीएल पंकज कुमार एवं सभी डिस्काम के एमडी के साथ सभी बिलिंग कम्पनियों के प्रमुख उपस्थित थे।

# किसानों की आय का बड़ा स्रोत बनेगी बागवानी

● अगले पांच वर्षों में बागवानी फसलों के क्षेत्रफल में 4.95 लाख हेक्टेयर वृद्धि की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार बागवानी को किसानों के आय के बड़े स्रोत के रूप में विकसित कर रही है। प्रदेश सरकार अगले पांच वर्षों में बागवानी फसलों के क्षेत्रफल में 4.95 लाख हेक्टेयर की वृद्धि कराएगी ताकि उत्पादन में वृद्धि हो और किसानों की आय बढ़े। इससे फलों के निर्यात में बढ़ोतरी होगी, साथ ही खाद्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

योगी सरकार ने अगले पांच वर्षों में बागवानी फसलों के क्षेत्रफल को 4.95 लाख हेक्टेयर बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार कर ली है। बागवानी फसलों का क्षेत्रफल 11.6 फीसदी से बढ़ाकर 16 फीसदी किया जाएगा। प्रदेश में फल, शाकभाजी और मसाला फसलों को बढ़ावा देकर बागवानी फसलों के क्षेत्रों का विस्तार किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में सिंचाई के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर का उपयोग 2.64 फीसदी से बढ़ाकर 9 फीसदी किया जाएगा। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई के क्षेत्रफल में 10 लाख हेक्टेयर का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए लगभग 8 लाख किसानों को अनुदान दिया जाएगा। साथ ही 50 हजार किसानों को फल व सब्जी, मशरूम आदि के उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बागवानी का क्षेत्रफल बढ़ने से फल-सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे आम जैसी फसल का निर्यात बढ़ेगा। साथ ही सरकार खाद्य प्रसंस्करण के स्तर को 06 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करेगी। इसके लिए मेगा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जाएगा और अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके जरिए सरकार बागवानी को किसानों के आय के बड़े स्रोत के रूप में विकसित करेगी। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

# संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन पर गर्वनर और सीएम दुःखी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रख्यात** संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरल स्वभाव और आत्मा को सम्मोहित करने वाले संगीत कला के पारंगत पंडित शिवकुमार जी माँ सरस्वती के अनन्य साधक थे। कला-संगीत के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से अलंकृत किया था। आज उनके निधन से संगीत जगत में एक विराट शून्य उत्पन्न हुआ है। शोकाकुल परिजनों और शिष्यों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने शिवकुमार जी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# सरकार करेगी काशी में 75 अमृत सरोवरों विकास

● राष्ट्रीय पर्वो पर अमृत सरोवर के पास होगा तिरंगा झंडा रोहण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** के आज़ादी के 75 वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत सभी लोकसभा क्षेत्रों में अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक अनूठी योजना बनाई गई है। जिसमे काशी में 75 अमृत सरोवरों का विकास किया जायेगा।

राजा महाराजाओं ने कुंड और तालाबों के महत्व को समझते हुए अपने राज्य में न सिर्फ इनको खुदवाया बल्कि इनकी देखरेख पर भी विशेष ध्यान दिया था। इन शासकों को सरोवरों से होने वाले भूजल प्रबंधन के गुणों की भी बखूबी जानकारी थी। उनको पता था, तालाब व कुंड में संचित जल की भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सरोवर पर्यावरण, भूजल प्रबंधन, और राष्ट्रीयता के प्रतीक होंगे। सरकार सरोवरों का सौंदर्यीकरण और हरियाली कराकर रमणीय स्थल बनाएगी। अमृत सरोवर के विकास के लिए सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के गांव को प्राथमिकता देगी। राष्ट्रीय पर्वो पर अमृत सरोवर के पास तिरंगा झंडा रोहण की व्यवस्था भी होगी। 15 अगस्त 2022 तक अमृत सरोवरों के विकास का काम पूरा होना है। पूर्व की सरकारों के ध्यान न देने से ,समय के साथ या तो तालाब पटते चले गए या इनकी दशा ख़राब होती चली गई।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि अमृत सरोवर को ग्राम पंचायत के द्वारा एक रमणीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। अंतत: प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अमृत सरोवर का विकास होगा। सरोवरों में पूरे साल भरा स्वच्छ जल जाए और सिर्फ बारिश का पानी जाए, इसके लिए भी विशेष व्यवस्था की जायेगी। एक एकड़ में बनने वाले अमृत सरोवर के आस-पास जरुरत मुताबिक़ नीम, पीपल, कटहल , जामुन, बरगद, सहजन, पाकड़ , महुआ आदि के पौधे लगाए जाएंगे। अमृत सरोवर के विकास के लिए उन गॉव को वरीयता दी जाएगी जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शहीदों के गांव हैं। सरोवरों के भूमि पूजन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ,वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया जायेगा। सरोवर के पास तिरंगा झंडा रोहण की व्यवस्था भी होगी जिससे राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर गांव के लोग झंडारोहण का कार्यक्रम कर सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सरोवर में वाकिंग पथ और बेंच लगाया जाएगा जिससे राहगीर और स्थानीय लोग आराम कर सके। सरोवर में साफ़ पानी ही एकत्र हो इसके लिए प्रत्येक अमृत सरोवर के इनलेट में सिल्ट चैम्बर बनाया जाएगा। ज़रूरत के मुताबिक सरोवरों को करीब 2 मीटर गहरा करना होगा। यहां रोशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी जिससे रात में लोग सरोवर के किनारे बैठ कर आनंद उठा सके। सौंदर्यीकरण का काम सीएसआर फंड से करने की योजना है। 15 अगस्त 2022 तक अमृत सरोवर के विकास का काम पूरा होना है।

# स्वास्थ्य चिंतन शिविर से लौटे बृजेश पाठक ने साझा किए अनुभव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंत्रिमंडल** की बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 5 से 7 मई तक गुजरात के केवड़िया में आयोजित केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 14वें सम्मेलन स्वास्थ्य चिंतन शिविर के अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि शिविर में इंसेफेलाइटिस उन्मूलन और कालाजार की समाप्ति सहित संचारी रोगों के निदान के यूपी मॉडल पर एक प्रस्तुतिकरण किया गया तो प्रदेश में एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज सहित हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के लिए जारी प्रयासों और कोविड के शानदार प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सहित विभिन्न राज्यों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मंत्रिमंडल की इस बैठक में मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने भी एक प्रस्तुतिकरण दिया।

# किसानों के बजाए सरकार ने दिया मंत्री का साथः प्रियंका

## लखीमपुर मामला



**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी हिंसा के मामले को लेकर उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ द्वारा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के एक भाषण का उल्लेख किए जाने के बाद कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि ्भरतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों के पक्ष में खड़े होने के बजाए अपने मंत्री का साथ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। प्रियंका ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि ्लखीमपुर किसान नरसंहार मामले में सबसे अहम पहलू था गृह राज्य मंत्री का 'किसानों को देख लेने की' धमकी वाला भाषण भाजपा सरकार ने किसानों के पक्ष में खड़े होने की बजाय अपने मंत्री की लाठी मजबूत की। प्रियंका गांधी ने जोर देकर कहा कि 'न्याय के लिए संघर्ष जारी है, पीड़ित किसान परिवार और हम सब मिलकर न्याय की लौ बुझने नहीं देंगे।' उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा के चार आरोपियों. लवकुश, अंकित दास, सुमित जायसवाल और शिशुपाल की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी थी। लखीमपुर हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू कथित तौर पर संलिप्त हैं।

# महिलाओं और बेटियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

● वन स्टॉप सेंटर के तहत 26 जिलों में कुल 252 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

## लखनऊ में 100-100 बेड की क्षमता के 2 गृहों का होगा संचालन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ,

**प्रदेश** की महिलाओं और बेटियों को बेहतर सुविधाएं देने और उनकी समस्याओं का तेजी से निराकरण करने के लिए अब वन स्टॉप सेंटर और महिला शक्ति केन्द्र समन्वय के साथ काम करेंगे। ऐसे में योगी सरकार की ओर से प्रदेश की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के लिए जो संकल्प लिया गया है वो सभी वादे समय सीमा से पहले पूरे हो सकेंगे। वन स्टॉप सेन्टरों का महिलाओं से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के हब के रूप में विकास किया जाएगा। उनको सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए एक ही छत के नीचे समस्त सेवाएं मिलेंगी। महिलाओं और बेटियों को आर्थिक सहायता, रोजगार/स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी समस्त योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सम्बन्धित विभाग और अधिकारी से समन्वय स्थापित कर काम करेंगे।



महिला कल्याण विभाग की ओर से 100 दिवसों की कार्ययोजना को तैयार किया गया है। जिसके तहत हर 15 दिवसों में ब्लॉक स्तर पर भव्य स्वावलंबन कैम्पों का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के फार्म भरवाएं और स्वीकृत कराए जाएंगे। इसके साथ ही मानसिक मंदित महिलाओं के लिए गृह की स्थापना की जाएगी। जिसके तहत स्वयंसेवी संस्थाओं के जरिए लखनऊ में 100-100 बेड की क्षमता के 02 गृहों का संचालन किया जाएगा। जिसकी कुल लागत 4.57 करोड़ है। बता दें कि सामान्य महिलाओं के लिए संचालित विभागीय संस्थाओं में 203 मानसिक मंदित महिलाओं को आश्रय दिया गया है।

विभाग की ओर से आने वाले 6 माह की कार्ययोजना को तैयार कर लिया गया है। महिला संरक्षण तथा बाल देखरेख संस्थाओं में निवासित बच्चों व महिलाओं का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थाओं में आवासित महिलाओं और 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप कौशल विकास प्रशिक्षण से जोड़ने हेतु उनकी अभिरूचि की मैपिंग व मैपिंग उपरांत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही संविदा तथा सेवा प्रदाता के जरिए से भरे जाने वाले पदों में से रिक्त पदों पर कार्मिकों का चयन किया जाएगा। जिसमें मिशन वात्सल्य के तहत कुल 136 रिक्त पद और वन स्टॉप सेंटर के तहत 26 जिलों में कुल 252 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

वार्तालाप ग्रामीण मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

# विकास में मीडिया की भूमिका अहम : डीएम

● राष्ट्रहित में पत्रकारिता की योगदान बड़ाःअतुल कपूर

● कार्यशाला में दिखाई ग्रामीण विकास की तस्वीर

संवाददाता। सीतापुर




**जिलाधिकारी अनुज** सिंह व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर ग्रामीण मीडिया कार्यशाला का शुभारंभ किया। पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन जिला पंचायत स्थित नेहरू हाल में मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के सभी क्षेत्रों से आये पत्रकार बन्धुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री का अल्पसंख्यकों के लिये 15 सूत्रीय कार्यक्रम आदि से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह व मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव की मौजूदगी में सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व समाज के विकास में मीडिया की अहम भूमिका है। गांवों के विकास के लिए सभी को जुटना है, इसके लिए सभी तैयार रहें। उन्होंने कहा कि सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। ग्रामीण मीडिया कार्यशाला वार्तालाप में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लखनऊ मंडल के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में मीडिया एक सेतु का काम करती है। अपने समाज पर समाचार पत्रों का विशेष प्रभाव है। पत्रकारों को चाहिए कि वे राष्ट्रहित व समाज कल्याण में सकारात्मक पत्रकारिता को बल दें। इसके लिये आवश्यक है कि पी.आई.बी. की पहुंच दिल्ली या राज्य की राजधानियों के पत्रकारों तक सीमित न रहे, बल्कि जिले और निचले स्तर तक काम करने वाले पत्रकारों तक इसका विस्तार किया जाये। इस मौके पर मोहित मिश्रा, नीरज शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, मणिकांत त्रिपाठी, बी0के0 सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकार मौजूद रहे। वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर, डॉक्टर अल अहमद, पी.आई.बी. के निदेशक आर.पी. सरोज, डॉक्टर योगेंद्र सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# महिला मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान



संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय जनता** पार्टी महिला मोर्चा सीतापुर नगर अध्यक्ष कुसुम सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को स्वच्छता एवं जगरूकता का अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है जिसके क्रम में को शहर के आनंदी देवी विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लगभग 250 किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर जहाँ एक ओर अपने आस-पास स्वच्छता रखने के सम्बंध में जानकारी दी गयी वही षारीरिक स्वच्छता के बारे में विस्तार से चर्चा कर सिनेटरी पैड का वितरण किया। इस मौके पर आगबाडी कार्यकत्री गीता मिश्रा ने किशोरियों को पौश्टिक आहार खाने नियमित व्यायाम करने अथवा खेलो के माध्यमों से अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढाने के गुण सिखाये। जागरूक कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापिकाओं सहित महिला मोर्चा नगर उपाध्यक्ष अंजू भटनागर, अनीता जायसवाल, कामिनी अग्रवाल, मधू जायसवाल आदि ने किशोरियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** जंगल में जा रहे मंदबुद्धि बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हुई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव हरेला निवासी 50 वर्षीय संतोष पुत्र लालाराम कि आज सुबह तड़के पास के गांव हरेली के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि लगभग 3 वर्ष पूर्व संतोष एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था तब से सिर में चोट लगने के कारण मंदबुद्धि था और इलाज के बावजूद उसे कोई फायदा नहीं हो रहा था आज सुबह वह रोजाना की तरह जंगल में जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा तब घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश की इसी दौरान उसकी लाश हरेली गांव के पास रेलवे लाइन पर मिली दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

### आधा दर्जन फरार वारंटी गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे छह वारंटीओं को आज गिरफ्तार कर जेल भेजा सिरौली थाने के गांव शिवनगर चंदूपुरा निवासी राम दास पुत्र छेदा लाल, नई बस्ती निवासी सदाकत पुत्र नजाकत, प्यास मोहल्ला निवासी फैयाज पुत्र इजाजुद्दीन, नन्नू खा पुत्र दिलावर खान, अलीम खां पुत्र कादिर खा और उसके भाई कयूम खान को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों पर सिरौली थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहे थे और अदालत ने उनके विरुद्ध वारंट जारी किया था और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया था तब आज पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### बिजली लाइन की चपेट में आने से ट्रक में लगी आग

**मोहम्मदी खीरी।** ताजपुर चौकी क्षेत्र में बचगावां के मजरा तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय के पास एक कंटेनर जा रहा था। तभी कंटेनर को ड्राइवर ने मोड़ने का प्रयास किया बिजली के 11000 लाइन से जैसे ही कंटेनर को बिजली के तारों में छुआ। वैसे ही पूरे ट्रक में करंट दौड़ गया जिससे कंटेनर के पहिऐ धूं-धूं कर कर जलने लगे। मौके पर ही ड्राइवर उस्मान की मृत्यु हो गई तथा उसका भतीजा मुस्कान 16वर्ष जिस को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। परंतु उसने भी दम तोड़ दिया। गांव वालों ने बताया कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता घटना होने के बाद तक मौके पर नहीं आए। वही कोतवाली पसगवां के क्राइम इंस्पेक्टर ने मौका मुआयना किया । परंतु मानवता और इतने बडे हादसे को ताक पर रखते हुए सरकारी गाड़ी से नीचे नही उतरे। पुलिस ने पचनामा भर दोनो शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### पानी की टंकी का किया निरीक्षण

**मोहम्मदी खीरी।** बिकास खण्ड के गांव गुलौली में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। जो 27 किलो वाट सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। इससे गांव के सभी आवासो को पानी की आपूर्ति घर घर तक की जाएगी। इस मौके पर जल जीवन मिशन के अवर अभियंता भी मौजूद रहे।


### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में मध्यस्थ पैनल के लिए आवेदन 20 मई तक

**लखीमपुर खीरी।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखीमपुर-खीरी में मध्यस्थ पैनल में शामिल होने के लिए जिला उपभोक्ता आयोग में 20 मई तक आवेदन मांगे गए है। उक्त आशय की जानकारी जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष शिवमणि शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थ पैनल में नियुक्त के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 20 मई की शाम 05 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योग्यता एवं आवेदन पत्र का प्रारूप मा. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखनऊ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखीमपुर खीरी कार्यालय से भी जानकारी ली जा सकती है।

### महिला पत्रकार ने एसएसपी से वकील पर छेड़छाड़ और मारपीट करने का लगाया आरोप

**बरेली।** एसएसपी ऑफिस पहुंचकर एक महिला पत्रकार ने अधिवक्ता के खिलाफप्रार्थना पत्र दिया है महिला पत्रकार ने अधिवक्ता पर छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।महिला पत्रकार ने बताया कि वह बीती 19 अप्रैल को दोपहर 12रू00 बजे बहेड़ी तहसील खबर हेतु गई थी। महिला पत्रकार का आरोप है कि उससे फर्जी पत्रकार कहा और कहा कि तू यहां पर आकर लोगों को गुमराह करती है। आरोप है कि जब फर्जी कहने पर उसने इसका विरोध किया तो अधिवक्ताओं ने उसे गाली गलौज की और शोर-शराबा सुनकर वहां पर एक और अधिवक्ता आ गए अधिवक्ता ने उसके ऊपर सरिया से बाहर किया।

# कान्हां उपवन सेवा में मन



सीतापुर-सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह बट्सगंज स्थित कान्हा उपवन पहुंचे, निरीक्षण के दौरान डीएम अनुज सिंह ने एक नवजात गौवंश को बैठे देखा, डीएम ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए गौवंशाला की व्यवस्था की जानकारी ली।

## 27 वर्षीय युवक की चाकू भोंक कर हत्या

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**कोतवाली लखीमपुर** क्षेत्र में बीती रात साढ़े दस बजे आनंद टाकीज रोड पर पान की दुकान पर खड़े जय प्रकाश मिश्रा पुत्र राज कुमार मिश्र (होम गार्ड) निवासी निघासन रोड निकट दुर्बल आश्रम की चाकू से गोंद कर हत्या कर दी गयी। मृतक की हार्डवेयर की दुकान लालपुर बैरियर के तिराहे पर है। शंका के घेरे में दुकान का नौकर भी आ रहा है। मृतक ने इस नौकर को रात करीब 10 बजे फोन किया कि एक शादी में चलना है। नौकर ने ही संभवतः हमलावरों को बुला लिया। अभियुक्तों से मृतक की कुछ दिन पहले कहा सुनी भी हुई थी। सीसीटीवी में हत्या का सीन रिकार्ड है। सूत्रों के अनुसार एसपी ने खुद फुटेज खंगाले है। पता चला है कुछ संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# स्कूल चलो अभियान को लेकर निकली रैली



संवाददाता। सीतापुर

● नुक्कड़ नाटक कर बच्चों ने किया जागरूक

**महिला शिक्षक** संघ सीतापुर की जिला अध्यक्ष भावना पाल के नेतृत्व मे और उपाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, शीबा नाज, शबनम अंसारी व मीडिया प्रभारी राधा प्रजापति के सहयोग से तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार की प्रेरणा से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग के रोकथाम के तहत सीतापुर जिले के खैराबाद ब्लॉक मे विद्यालय के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अन्तर्गत अभिभावकों को जागरुक कर विद्यालय में नामांकन बढ़ाना है।

# सीएमओ ने परखीं चिकित्सालय की व्यवस्थाएं

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**200 शैय्या** चिकित्सालय मोतीपुर ओयल को शक्ति भवन से 24 घंटे लाइट की स्वीकृति मिल गई है, इसके लिए अलग से फीडर बना है और वर्तमान समय में सप्लाई भी चालू है। सांसद निधि से 20 फीट रोड का निर्माण भी शुरू होने वाला है। इसी के साथ जल्द ही जिला पुरुष चिकित्सालय को शिफ्ट करने के लिए तैयारियों का जायजा मंगलवार को सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने लिया। इस दौरान उनके साथ सीएमएस डॉ. एसी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

200 शैय्या चिकित्सालय मोतीपुर ओयल के अधीक्षक डॉ. एसी श्रीवास्तव ने बताया कि सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर द्वारा अस्पताल का भौतिक व स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल सुरेश खन्ना के दौरे व जिला चिकित्सालय की शिफ्टिंग को लेकर सारी सेवाओं के लिए निर्धारित किए गए कमरों का निरीक्षण भी किया है। यह पूरा अस्पताल एनएबीएच (नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल) के मानकों के आधार पर बना है जो एक गुणवत्ता का राष्ट्रीय मानक है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि अस्पताल को शक्ति भवन से 24 घंटे लाइट की स्वीकृति मिल गई है अलग से फीडर बनाया गया है और अभी वर्तमान समय में 24 घंटे सप्लाई चालू है। दो स्टैंडबाई जनरेटर भी चालू है। इसी के साथ लिंक रोड से अस्पताल तक जाने वाली 220 मीटर कच्ची रोड का निर्माण सांसद निधि से जल्द ही शुरू होने वाला है। यह रोड 20 फिट की बनाई जाएगी। वहीं मुख्य मार्ग से अस्पताल तक 60 फीट रोड का प्रपोजल पीडब्ल्यूडी द्वारा शासन को भेजा गया है। जिसकी लागत 3.69 करो? है जिसके जल्द मंजूर होने की पूरी संभावनाएं हैं। इसके लिए उच्चाधिकारियों से बात की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों में सड़क बिजली व अन्य अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर जो भी शंकाएं हैं उन सभी का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। जिससे जल्द ही समस्त चिकित्सीय सेवाएं 200 शैय्या चिकित्सालय में शुरू हो सके।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि प्रभारी मंत्री जी के दौरे को लेकर की गई तैयारियों का जायजा उन्होंने लिया है और जिला पुरुष चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. मदन लाल को दूरभाष पर वार्ता कर नाक, कान, गला, व त्वचा रोग सहित मानसिक चिकित्सा की ओपीडी को तत्काल 200 शैय्या चिकित्सालय में शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं जिला चिकित्सालय की शिफ्टिंग को लेकर सीएमएस एवं समस्त एसीएमओ की बैठक बुधवार सुबह 9 बजे सीएमओ कैंप कार्यालय में आहूत की गई है यूपीआरएनएन के प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर आरके गुप्ता को तत्काल चिकित्सालय की फर्श की घिसाई करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसडीएम ने बच्चों को बांटे जोमेट्री बॉक्स, खिले चेहरे

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की गोद लेने की पहल अब रंग लाने लगी। मोहम्मदी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बोधनिया को डीएम के निर्देश पर एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने गोद लेकर निखारने व सवांरने का जिम्मा उठाया।मंगलवार को एसडीएम पंकज श्रीवास्तव अपनी गोद लिए विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बोधनिया पहुंचे, जहां उन्होंने सभी नामांकित बच्चों को पेंसिल-रबड़ युक्त जमेट्री बॉक्स बाटे जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने मिशन कायाकल्प के तहत कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय अनुश्रवण एवं पर्वेक्षण किया। विद्यालय में बन रही बाउंड्री वाल एवं शौचालय व किचन को गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध ढंग से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में रचनात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ संस्कारपरक शिक्षा दी जाए।एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने गोद लिए विद्यालय में करीब एक घंटे तक शिक्षक की भूमिका अदा की। उन्होंने न सिर्फ बच्चों को पढ़ाया बल्कि उनके शैक्षिक स्तर को भी जांचा। बच्चों से कहा कि वह समय-समय पर सभी को पढ़ाने अवश्य आएंगे और पूर्व में ली गई क्लास का टेस्ट भी लेंगे। एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय के सभी बच्चों को मिड डे मील योजना के तहत तय रोस्टर के मुताबिक पौष्टिक और गुणवत्ता युक्त भोजन परोसा जाए। इस दौरान उन्होंने मिड डे मील भोजन की गुणवत्ता को भी देखा।

## डीएम ने दृष्टिबाधित फरियादी को प्रदान की स्मार्ट स्टिक

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के जनता दर्शन में दृष्टिबाधित फरियादी जैतूननिशा पहुँची, जहां डीएम ने फरियादी जैतूननिशा को पूरी समस्या जानी और निस्तारण के लिए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल को बुलवाया।

दृष्टिबाधित फरियादी जैतून निशा को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल की मौजूदगी में स्मार्ट स्टिक प्रदान की। डीएम ने फरियादी जैतून निशा से कहा कि उन्हें कभी भी किसी प्रकार की कोई असुविधा हो वह तत्काल उनसे संपर्क करें, उनकी हर समस्या का तुरंत समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल, एसडीएम अनुराग सिंह, रेनू एवं विनीत उपाध्याय मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### श्रीलंका में...

सहमति के माध्यम से राजनीतिक स्थिरता बहाल करने और आर्थिक संकट को दूर करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। हिंसा के दौरान कई पूर्व मंत्रियों व नेताओं के घरों को आग लगा दी गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रक्षा मंत्रालय ने थल सेना, वायुसेना और नौसेना कर्मियों को सार्वजनिक संपत्ति को लूटने या आम लोगों को चोट पहुंचाने वाले किसी भी दंगाई को गोली मारने का आदेश दिया। देश में हिंसा के बीच चीन ने मंगलवार को कहा कि वह श्रीलंका में घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। चीन ने द्वीपीय राष्ट्र में खासा निवेश किया है और उसने वहां काम कर रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने और जोखिमों से बचने के लिए कहा है। बीजिंग ने श्रीलंका में तेजी से हो रही घटनाओं को देखते हुए, प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, जिन्होंने अपने गृहनगर हंबनटोटा के बंदरगाह सहित बड़े पैमाने पर चीनी निवेश का मार्ग प्रशस्त किया था। चीन ने एक ऋण के बदले हंबनटोटा बंदरगाह को 99 साल के लिए पट्टे पर ले लिए था। देश में आर्थिक संकट के बीच सोमवार को महिंदा राजपक्षे (76) ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस घटनाक्रम से कुछ घंटे पहले महिंदा राजपक्षे के समर्थकों द्वारा राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के बाद राजधानी कोलंबो में सेना के जवानों को तैनात किया गया था और राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगा दिया गया था। हमले के बाद राजपक्षे समर्थक नेताओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। महिंदा ने अपनी पत्नी व परिवार के साथ आधिकारिक निवास-टेंपल ट्रीज- छोड़ दिया और श्रीलंका के पूर्वोत्तर तट पर स्थित बंदरगाह शहर ट्रिंकोमाली के नौसैनिक अड्डे पर शरण ली है। टेंपल ट्रीज में घुसने की कोशिश कर रही भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने सोमवार की रात आंसू गैस के गोले छोड़े। मंगलवार सुबह महिंदा और उनके परिवार को आधिकारिक आवास से निकालने के दौरान भीड़ को पीछे रखने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े तथा चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलानी पड़ीं। महिंदा राजपक्षे और उनके परिवार के कुछ सदस्यों के वहां पहुंचने की खबरों के बाद त्रिंकोमाली नौसैनिक अड्डे के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। सोमवार को, प्रदर्शनकारियों ने हंबनटोटा में राजपक्षे के पैतृक घर, 14 पूर्व मंत्रियों, 18 सांसदों और राजपक्षे परिवार के प्रति वफादार नेताओं के घरों पर हमला किया। वीडियो फुटेज में हंबनटोटा शहर के मेदामुलाना में महिंदा राजपक्षे और उनके छोटे भाई एवं राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का आवास जलता दिखाई दे रहा है। कुरुनेगला स्थित महिंदा राजपक्षे के आवास में भी प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी और भीड़ ने हंबनटोटा के मेदामुलाना में महिंदा और गोटबाया के पिता की स्मृति में निर्मित डी ए राजपक्षे मेमोरियल को भी नष्ट कर दिया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक इस बीच हाल की झड़पों में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 249 हो गई है जबकि आठ लोगों की मौत हुई है। श्रीलंकाई पुलिस ने मंगलवार को कहा कि कुल 47 वाहनों को आग लगाई गई जबकि 38 घरों में आगजनी की गई। इसके अलावा 41 वाहनों व 65 घरों में तोड़फोड़ भी की गई। श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने राजपक्षे परिवार के वफादारों को देश से भागने से रोकने के लिए कोलंबो में भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (बीआईए) की ओर जाने वाली सड़क पर एक जांच चौकी स्थापित की। श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धना ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से कहा कि वे मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए जल्द से जल्द सदन का सत्र बुलाएं। संसदीय अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति को 17 मई की निर्धारित तिथि से पहले संसद सत्र फिर से बुलाना होगा क्योंकि वर्तमान में कोई प्रधानमंत्री और सरकार नहीं है।

### श्रीलंका के...

मदद के लिए श्रीलंका के लोगों को 3.5 अरब डालर से अधिक का सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत के लोगों ने वहां खाद्य, दवा जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी को दूर करने के लिए मदद दी है। बागची ने कहा कि ऐतिहासिक संबंधों के साथ श्रीलंका के करीबी पड़ोसी देश के रूप में भारत वहां लोकतंत्र, स्थिरता एवं आर्थिक स्थिति के पटरी पर आने का पूरा समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा श्रीलंका के लोगों के सर्वश्रेष्ठ हित में काम करेगा।

### जल्द घर...

से शराब एकत्र करेंगे और होम डिलीवरी करने के लिए चुनी गई एजेंसी द्वारा प्राप्त आदेश के माध्यम से संबंधित इलाकों में वितरित करेंगे। दस्तावेज के मुताबिक, कैबिनेट द्वारा होम डिलीवरी प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद आबकारी विभाग एल-13 लाइसेंस देने के लिए विस्तृत नियम और संदर्भ तैयार करेगा। वह देश के अन्य राज्यों द्वारा अपनाए गए विभिन्न मॉडलों का अध्ययन करेगा। पैनल में शामिल चुनी गई एजेंसियों के पास एल-13एल-13 एफ लाइसेंस होगा, जिससे ऐसी इकाइयां होम डिलीवरी कर सकेंगी।

### शत्रु संपत्ति...

जमानत याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि जमानत किसी भी आरोपी का अधिकार है और जेल अपवाद है, इसलिए मानवीय आधार पर यह अदालत याचिकाकर्ता के खराब होते स्वास्थ्य, बढ़ती आयु और जेल में बिताई अवधि को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्तों के साथ जमानत की अर्जी मंजूर करती है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी रिहाई के दिन संबद्ध अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट जमा करेगा और उसका भविष्य मुकदमा खत्म होने पर तय होगा। वह इस बात का शपथपत्र देगा कि वह साक्ष्य के लिए तय दिन पर सुनवाई टालने की मांग नहीं करेगा खासकर तब जब जब गवाह अदालत में मौजूद होंगे। अदालत ने कहा कि निचली अदालत याचिकाकर्ता की रिहाई के बाद एक साल के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगी। किसी भी शर्त का उल्लंघन जमानत रद्द करने का आधार होगा। अदालत ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता मोहम्मद आजम खान करीब ढाई साल से जेल में हैं, उन्हें एक लाख रुपए का निजी मुचलका भरने और इतनी ही राशि की दो प्रतिभूतियां जमा करने पर अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आजम खान और अन्य लोगों पर कथित तौर पर शत्रु संपत्ति हड़पने और सैकड़ों करोड़ रुपए से अधिक के सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लिए रामपुर के आजम नगर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 201, 409, 447, 420, 467, 468, 471 के साथ ही लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 के तहत दर्ज कराई गई थी।

### यूपी में...

6,000 से अधिक चिकित्सकों और 10,000 पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक लाइफ सपोर्ट सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की संख्या को दोगुना करने, हर जिले में डायलिसिस सेंटर की उपलब्धता और वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य के लक्ष्य को सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि इसके साथ जन औषधि केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करने और सस्ती आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर भी काम किया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय पदक...

इन खिलाड़ियों की नियुक्ति होगी, उनमें ग्रामीण विकास, माध्यमिक शिक्षा, बुनियादी शिक्षा, गृह विभाग, पंचायती राज विभाग, युवा कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पदक विजेता, जो उप्र के निवासी हैं और ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व कप में पदक जीते हैं, वे इसके लिए पात्र हैं। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा, इससे राज्य में खेलों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी और खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। पदक विजेता पैरालंपिक खेलों को भी इसके अंतर्गत शामिल किया गया है। इसी तरह की योजना वर्तमान में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार के अन्य राज्यों में लागू है। निर्णय के संबंध में समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, "इस (घोषणा) के लिए चुनी गई समय सीमा एक सितंबर, 2020 है। उप्र सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक नौ विभागों में 24 राजपत्रित पदों को कार्मिक विभाग द्वारा लोक सेवा आयोग के दायरे से बाहर रखा गया है। मंत्रिपरिषद में मंगलवार को कुल 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्री ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र 23 मई से शुरू होगा। यह पूछे जाने पर कि सत्र की अवधि क्या होगी, खन्ना ने कहा कि इसका फैसला कार्य मंत्रणा समिति करेगी। खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विकसित किए जा रहे छोटे हवाई अड्डों अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट एवं

# धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा चक्रवात असानी

भाषा। भुवनेश्वर



**बंगाल की** खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान असानी पूर्वी तट के पास पहुंच गया है और इसके मंगलवार को धीरे-धीरे कमजोर पड़ने की संभावना है। हालांकि, चक्रवात के कारण 105 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवात की गति सुबह पांच बजे किलोमीटर प्रति घंटा थी जो बाद में 25 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई। यह दोपहर बाद करीब 4.30 बजे आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से करीब 210 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में और ओडिशा के गोपालपुर से 510 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मंगलवार शाम तक इसके फिर जोर पकड़ने और उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में तट के समानांतर चलने की उम्मीद है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात पहले ही तीव्रता के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है और अब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा, "शाम को आंध्र प्रदेश तट के पास पहुंचने के बाद, तूफान अपना रास्ता बदल देगा और ओडिशा तट के साथ-साथ आगे बढ़ेगा। महापात्र ने कहा कि प्रचंड चक्रवाती तूफान बुधवार को कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और बृहस्पतिवार को गहरे दबाव में बदल जाएगा।भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एच. आर. विश्वास ने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान कमजोर पड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि तेज हवाओं की गति मंगलवार रात तक घटकर 80 से 90 किलोमीटर और बुधवार शाम तक 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाएगी।मौसम विज्ञान विभाग ने मछुआरों को बृहस्पतिवार तक गहरे समुद्र में न जाने को लेकर आगाह किया है, क्योंकि ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना है। ओडिशा के खुर्दा, गंजाम और पुरी में मंगलवार को सुबह भी बारिश हुई थी। विशेष राहत आयुक्त पी. के. जेना ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को आगाह कर दिया गया है कि भारी बारिश और उसके कारण जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा चार तटीय जिलों के 15 ब्लॉक से लोगों को निकालने के लिए भी कहा गया है।गंजाम जिला प्रशासन ने गोपालपुर सहित सभी समुद्र तटों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया है ताकि लोग, मछुआरे तथा सैलानी वहां न जा सकें।समुद्र में मंगलवार को काफी हलचल रहने की संभावना है और 12 मई को स्थिति बेहतर होने से पहले बेहद खराब भी हो सकती है। चक्रवात के कारण ओडिशा और पश्चिम बंगाल में सोमवार को भारी से मध्यम बारिश हुई थी। इस बीच, पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने चक्रवात के कारण भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर अपने अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा है। इसने भुवनेश्वर में अपने मुख्यालय और विशाखापत्तनम, खुर्दा रोड तथा संबलपुर में डिविजनल मुख्यालयों में 24 घंटे आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ खोले हैं। रेलवे ने चक्रवात के मद्देनजर विभिन्न एहतियाती कदम उठाए हैं और राज्य सरकार तथा आईएमडी के साथ समन्वय बनाए हुए है। राज्य सरकार ने घोषणा की कि आईएमडी की चेतावनी की अनदेखी कर गहरे समुद्र में जाने वाले मछुआरों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्वाई की जाएगी। इससे पहले गंजाम जिले के छतरपुर के पास समुद्र में मछली पकड़ने वाली पांच नौकाओं के पलट जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। इन हादसों में सभी 65 मछुआरे तैरकर किनारे आ गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पांच मछुआरों को ले जा रही एक नाव पलट गई और उसने चार अन्य नौकाओं को टक्कर मार दी जिनमें कुल 60 लोग सवार थे। इस हादसे में सभी नौकाएं डूब गईं।

## क्विक न्यूज

### गुजरात के पंचमहल में सांप्रदायिक झड़प, सात लोग हिरासत में लिए गए

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहल जिले के कालोल कस्बे में दो अलग-अलग समुदायों के कुछ सदस्यों के बीच एक छोटी-सी बात को लेकर सांप्रदायिक झड़प हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, घटना सोमवार देर रात हुई और इसकी सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए तथा स्थिति को नियंत्रित किया। सोलंकी ने बताया कि झड़प की शुरुआत तब हुई, जब बारात में नाच रहे दो लोगों में एक छोटी-सी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई। उन्होंने कहा, इलाके में हिंदू और मुसलमान, दोनों रहते हैं। दोनों ही समुदायों के कुछ सदस्य बारात का हिस्सा थे। दो लोगों के बीच एक छोटी-सी बात को लेकर हुई कहा-सुनी के बाद दोनों समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। कालोल पुलिस थाने के उप-निरीक्षक एम. के. मालवीय ने बताया कि झड़प के सिलसिले में सात लोगों को मौके से हिरासत में ले लिया गया। मालवीय के मुताबिक, दोनों समुदायों के सदस्य एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। हालांकि, झड़प में कोई घायल नही हुआ। हम घटनास्थल पर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### रेलवे ने शिशुओं के साथ सफर कर रहे यात्रियों के लिए बेबी बर्थ पेश की

**नई दिल्ली।** शिशुओं के साथ सफर कर रहे यात्रियों के लिए रेल यात्रा को आरामदेह बनाने के मकसद से रेलवे ने प्रायोगिक तौर पर लखनऊमेल की निचली बर्थ में मुड़ने योग्य बेबी बर्थ लगाई है। अधिकारियों के मुताबिक, बेबी बर्थ पर यात्रियों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर इसे अन्य ट्रेन में भी उपलब्ध कराने की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बेबी बर्थ निचली बर्थ से जुड़ी होगी, जिसे उपयोग में न होने के दौरान नीचे की तरफ मोड़कर रखा जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, बेबी बर्थ 770 मिलीमीटर लंबी और 255 मिलीमीटर चौड़ी होगी, जबकि इसकी मोटाई 76.2 मिलीमीटर रखी गई है। लखनऊमेल में 27 अप्रैल को द्वितीय केबिन की निचली बर्थ संख्या 12 और 60 में बेबी बर्थ लगाई गई थी। उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, यह प्रयोग के आधार पर किया गया है और जब हमें यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी, तब इसका विस्तार किया जाएगा। कुछ और ट्रेन में इसे लगाने तथा लोगों की प्रतिक्रियाएं जानने के बाद हम रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र में जरूरी विवरण डालेंगे, जहां इसे बुक करने का अनुरोध किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, बुकिंग व्यवस्था वैसे ही होगी, जैसे हम फिलहाल वरिष्ठ नागरिकों के लिए निचले बर्थ की पेशकश करते है। यात्री के यह बताने पर कि वह बच्चे के साथ यात्रा करेगा, हम उसे यह बर्थ दे देंगे। हालांकि, यह योजना अभी शुरुआती दौर में है। फिलहाल उन महिलाओं के लिए निचली बर्थ को बुक कराने की कोई व्यवस्था नही है, जो शिशुओं के साथ सफर करती हैं।

### कर्नाटक सरकार ने लाउडस्पीकर को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में अजान बनाम हनुमान चालीसा विवाद के बाद राज्य सरकार ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए है, जिनमें कहा गया है कि जिन लाउडस्पीकरों के लिए संबंधित प्राधिकारी से इजाजत नही ली गई हो, उन्हें उतारा जाए। राज्य के मुख्य सचिव पी. रवि की ओर से अतिरिक्त मुख्य सचिव जावेद अख्तर को जारी नोट में कहा गया है कि वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण विभाग ने भी संबंधित प्राधिकारी को परिभाषित किया है। दरअसल, श्रीराम सेना, बजरंग दल और हिंदू जनजागृति जैसे कुछ हिंदू समूहों द्वारा सुबह के समय अजान की तरह भजन कीर्तन आयोजित किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। विवाद बढ़ता देख मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को एक बैठक बुलाई, जिसके बाद मुख्य सचिव ने अख्तर को पत्र लिखा। मुख्य सचिव ने ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के कार्यान्वयन के संबंध में उच्चतम न्यायालय के 18 जुलाई 2005 और 28 अक्टूबर 2006 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि लाउडस्पीकर या जन संबोधन प्रणाली का इस्तेमाल संबंधित प्राधिकारी की अनुमति के बिना न किया जाए। कुमार ने पत्र में कहा, लाउडस्पीकर या जन संबोधन प्रणाली का इस्तेमाल करने वालों को 15 दिन के अंदर संबंधित प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिनके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी, उन्हें स्वेच्छा से या फिर संबंधित प्राधिकारी द्वारा हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि लाउडस्पीकर या जन संबोधन प्रणाली के इस्तेमाल से संबंधित आवेदन पर निर्णय लेने के लिए विभिन्न स्तरों पर एक समिति का गठन किया जाए।

## लाउडस्पीकर विवादः राज ठाकरे का उद्धव ठाकरे को पत्र, कहा- हमारे धैर्य की परीक्षा न लें

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र नवनिर्माण** सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना की और आगाह किया कि सरकार उनकी पार्टी के धैर्य की परीक्षा न ले। राज ने मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में शायद पहली बार अपने चचेरे भाई को उद्धव ठाकरे कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 28,000 से अधिक मनसे कार्यकर्ताओं को प्रतिबंधात्मक नोटिस दिए गए हैं, जबकि हजारों कार्यकर्ताओं को तड़ीपार किया गया है। उन्होंने पूछा यह (पुलिस कार्वाई) किस लिए है? ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली मस्जिदों से लाउडस्पीकर नहीं हटाने के लिए?

उन्होंने कहा कि पुलिस महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेताओं की ऐसे तलाश कर रही है जैसे कि वे पाकिस्तानी आतंकवादी या तत्कालीन निजाम शासन के रजाकार हों। मनसे प्रमुख ने हैरानी जताते हुए कहा, यह मुझे सोचने पर मजबूर करता है कि क्या पुलिस ने आतंकवादियों या मस्जिदों में छिपे हथियारों का पता लगाने के लिए वही सख्ती दिखाई। उन्होंने कहा कि मराठी लोग और हिंदू राज्य सरकार के इस रुख को देख रहे हैं। राज ठाकरे ने इससे पहले राज्य सरकार को 4 मई तक मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का अल्टीमेटम दिया था और चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो मस्जिदों के बाहर तेज आवाज में हनुमान चालीसा बजाया जाएगा। राज ने कहा, मैं राज्य सरकार से बस यही कहना चाहता हूं कि हमारे धैर्य की परीक्षा न लें। सत्ता का ताम्रपत्र लेकर कोई नहीं आया है। आप भी नहीं, उद्धव ठाकरे। राज ठाकरे के अल्टीमेटम पर राज्य सरकार ने कहा था कि केंद्र सरकार को जन संबोधन प्रणाली के इस्तेमाल को लेकर नीति बनानी चाहिए।

## नफरत फैलाने वाला भाषण देने के मामले में पी सी जॉर्ज पर एक और मामला दर्ज

**कोच्चि।** मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कथित विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार किए जाने और जमानत पर छोड़े जाने के एक सप्ताह बाद वरिष्ठ नेता पी सी जॉर्ज के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को नफरत फैलाने वाला भाषण देने के आरोप में एक और मामला दर्ज किया है। पलारिवत्तोम पुलिस ने आठ मई को यहां वेन्नाला स्थित एक मंदिर में उत्सव के मौके पर दिए गए भाषण के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के सिलसिले में पूर्व विधायक पर मामला दर्ज किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ाना) और 295 ए (किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर किया गया दुर्भावनापूर्ण कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

राज्य में कांग्रेस नीत यूडीएफ की सरकार के समय मुख्य सचेतक रहे 70 वर्षीय जॉर्ज ने केरल के गैर-मुस्लिमों को मुसलमानों के रेस्तरांओं में नहीं जाने की सलाह देकर विवाद खड़ा कर दिया था। केरल कांग्रेस के पूर्व नेता ने पिछले महीने यहां अनंतपुरी हिंदू महा सम्मेलन के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में आरोप लगाया था कि मुसलमानों के रेस्तरांओं में चाय में नपुंसक बनाने वाला पदार्थ मिलाया जाता है।

## हिंदुत्व पर आपत्तिजनक सवाल तैयार करने वाले सहायक प्रोफेसर ने इस्तीफा दिया

भाषा। ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)

**विश्वविद्यालय अनुदान** आयोग (यूजीसी) ने सोमवार को शारदा विश्वविद्यालय से एक परीक्षा में हिंदुत्व और फासीवाद के बीच समानता पर पूछे गए आपत्तिजनक प्रश्न को लेकर जवाब मांगा। वहीं, प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर ने इस्तीफा दे दिया है। उच्च शिक्षा नियामक ने ग्रेटर नोएडा स्थित निजी विश्वविद्यालय को विस्तृत कार्वाई रिपोर्ट में यह बताने को कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। हालांकि, मामले में विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर वकास फारूक ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। यूजीसी ने शारदा विश्वविद्यालय को भेजे एक पत्र में कहा, संज्ञान में आया है कि छात्रों ने सवाल पर आपत्ति जताई और विश्वविद्यालय के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। कहने की जरूरत नहीं है कि छात्रों से इस तरह का सवाल पूछना हमारे देश की भावना और लोकाचार के खिलाफ है, जो समावेशिता और एकरूपता के लिए जाना जाता है तथा इस तरह का सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए था। बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा में राजनीति विज्ञान (ऑनर्स) के प्रश्नपत्र में छात्रों से हिंदुत्व-फासीवाद के बारे में पूछा गया। सात अंकों के इस प्रश्न में पूछा गया, क्या आप फासीवादानाजीवाद और हिंदू दक्षिणपंथी (हिंदुत्व) के बीच कोई समानता पाते हैं? तर्कों के साथ बताएं।

सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय ने प्रश्नों में पूर्वाग्रह की संभावना को देखने के लिए तीन सदस्ईय समिति का गठन किया। समिति मामले में अन्य प्रोफेसर, विद्यार्थियों से बयान लेगी, जिसके आधार पर वह अपना निर्णय देगी। विश्वविद्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि समिति ने प्रश्न को आपत्तिजनक पाया है और मूल्यांकन के उद्देश्य से मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा इसे अनदेखा किया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने प्रश्न पत्र तैयार करने वाले संकाय सदस्य को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिबाराम खारा ने बताया कि यूजीसी ने पत्र भेजकर पूछा है कि इस मामले में विश्वविद्यालय ने क्या कार्वाई की है।

## उच्चतम न्यायालय ने नोएडा की सीईओ के खिलाफ जारी वारंट पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत भूमि अधिग्रहण से जुड़े अवमानना के एक मामले में नोएडा की सीईओ एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ऋतु माहेश्वरी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली माहेश्वरी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। माहेश्वरी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, यह एक गंभीर मामला है, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक महिला पेश हुई, उसका वकील भी साथ में मौजूद था और उसने सुनवाई बाद में करने का अनुरोध किया। उच्च न्यायालय ने महिला को पेश होने और हिरासत में लेने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, मामले को कल के लिए सूचीबद्ध किया जाए। आदेश पर रोक लगाई जाए। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि उत्तर प्रदेश के अधिकारी नियमित तौर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने आ रहे हैं और वे अदालत के फैसले का सम्मान नहीं करते।

भूमि अधिग्रण से जुड़े अवमानना के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किए जाने के विरोध में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माहेश्वरी ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। माहेश्वरी समय पर अदालत के सामने पेश नहीं हुई थीं, इसलिए उच्च न्यायालय ने वारंट जारी करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने सोमवार को कहा, माहेश्वरी को पेश होने दिया जाए। उन्हें समझने दिया जाए। पीठ ने कहा था, आप एक आईएएस अधिकारी हैं, आपको नियम-कायदे पता हैं। हर दिन हम देखते हैं कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन हो रहा है। यह आदत बन गई है। हर दिन कोई न कोई अधिकारी अनुमति लेने आ जाता है।

## केरल के मुस्लिम विद्वान ने मंच पर छात्रा को आमंत्रित करने पर आयोजकों को डांट लगाई

**मलाप्पुरम (केरल)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक मुस्लिम विद्वान को जिले में एक कार्यक्रम के आयोजकों को मंच पर एक छात्रा को आमंत्रित करने के लिए कथित तौर पर फटकारते हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर उनके इस कदम का जमकर विरोध हो रहा है।इस वीडियो का कुछ समाचार चैनलों द्वारा भी प्रसारण किया गया। मुस्लिम विद्वानों के निकाय समस्थ केरल जेम-इय्यातुल उलेमा के वरिष्ठ पदाधिकारी एम. टी. अब्दुल्ला मुसलियार आयोजकों में से एक को दसवीं कक्षा की छात्रा को पुरस्कृत करने के लिए मंच पर बुलाने को लेकर डांटते हुए दिख रहे हैं। यह घटना हाल ही में जिले में एक मदरसा भवन के उद्घाटन के मौके पर हुई जहां छात्रों को सम्मानित किया गया था। छात्रा को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता पनक्कड़ सैयद अब्बास अली शिहाब थंगल ने सम्मानित किया था। पुरस्कार दिए जाने के तुरंत बाद मुसलियार ने आयोजकों से सवाल किया कि छात्रा को मंच पर क्यों आमंत्रित किया गया था। नाराज दिख रहे मुसलियार ने आयोजकों से कहा, 10वीं कक्षा की एक लड़की को मंच पर किसने बुलाया... अगर आप फिर से ऐसा करते हैं... ऐसी लड़कियों को यहां मत बुलाइए... क्या आप समस्थ के नियमों को नहीं जानते?... पुरस्कार लेने के लिए उसके माता-पिता को मंच पर आने के लिए कहें। जब हम यहां बैठे हैं तो ऐसी चीजें नहीं करें। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन (एमएसएफ) की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फातिमा ताहिलिया ने फेसबुक पर कहा कि लड़कियों को मंच से हटाने और उनके अपमान के समाज में दूरगामी परिणाम होंगे।

## सोरेन ने नोटिस का जवाब देने को निर्वाचन आयोग से चार सप्ताह का समय मांगा

भाषा। रांची

**झारखंड के** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि खनन पट्टे को लेकर एक नोटिस का जवाब देने के लिए उन्होंने निर्वाचन आयोग से चार सप्ताह का समय मांगा है। आयोग ने सोरेन को खनन पट्टा अपने पक्ष में आवंटित किए जाने के आरोपों को लेकर दो मई को नोटिस जारी किया था और उनसे 10 मई तक जवाब देने को कहा था। सोरेन ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने अपने नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग से कम से कम चार सप्ताह का समय मांगा है।

उन्होंने कहा, मैंने निर्वाचन आयोग से यह भी अनुरोध किया है कि संविधान के अनुच्छेद 192 (2) के तहत झारखंड के राज्यपाल को भेजने के लिए आयोग द्वारा अपनी राय तय करने से पहले मुझे अपने कानूनी वकील के जरिए व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग को मुख्यमंत्री द्वारा पद के दुरुपयोग के मुद्दे पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस से एक अभ्यावेदन मिला है और वह उन्हें अपनी राय भेजेगा। यदि आरोप साबित हो जाते हैं, तो वह (सोरेन) राज्य विधानसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य हो सकते हैं। सोरेन ने निर्वाचन आयोग को भेजे पत्र में अपनी मां की गंभीर बीमारी का हवाला देते हुए कहा है कि वे लगातार उपचार के सिलसिले में हैदराबाद में थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस का वह अध्ययन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह 30 अप्रैल को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों और भारत के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में कुछ समय के लिए शामिल हुए थे और इसके अलावा वह ज्यादातर समय हैदराबाद में ही रहे क्योंकि उनकी 67 वर्षीय मां लगभग आठ महीने से गंभीर रूप से बीमार हैं और और उन्हें बेहतर इलाज के लिए 28 अप्रैल, 2022 को रांची से हैदराबाद ले जाया गया था।निर्वाचन आयोग को पांच मई को भेजे पत्र में सोरेन ने कहा, उनका फिलहाल हैदराबाद के एआईजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। उनका उचित चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने के लिए, मुझे भी हैदराबाद में रहना पड़ा। उन्होंने नौ मई को फिर से निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर उनसे अपना जवाब देने के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था।




असम पुलिस के एक कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह व सीएम हेमंत विस्वसरमा

## देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,637 हुई

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 2,288 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,07,689 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,637 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 10 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,103 हो गई है। वहीं, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,637 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.05 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 766 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है।



अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.47 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.79 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,25,63,949 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 190.50 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 10 मामले सामने आए, जिनमें केरल में छह, दिल्ली में तीन और कर्नाटक में एक मामला सामने आया।

## पाकिस्तान की एमबीबीएस सीटें बेचने पर हुर्रियत नेता, सात अन्य के खिलाफ आरोप तय

भाषा। श्रीनगर

**श्रीनगर की** एक विशेष अदालत ने सोमवार को हुर्रियत के एक प्रमुख नेता समेत आठ लोगों के खिलाफ जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान की एमबीबीएस सीटों को आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए बेचने के संबंध में आरोप तय किए। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत, श्रीनगर के विशेष न्यायाधीश मनजीत सिंह मन्हास ने हुर्रियत नेता और साल्वेशन मूवमेंट के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर भट उर्फ जफर अकबर भट तथा कश्मीर के सात अन्य निवासियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए। अधिकारियों ने कहा कि 27 जुलाई, 2020 को राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) द्वारा गैर कानूनी काम करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पाकिस्तान के विश्वविद्यालयों और संस्थानों में एमबीबीएस और विभिन्न कॉलेजों में अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जम्मू कश्मीर के निवासियों के दाखिले की व्यवस्था के लिए कुछ शैक्षिक परामर्शदाताओं के साथ आरोपियों की मिलीभगत थी।

उन्होंने बताया कि अकबर भट के अलावा मामले में अन्य आरोपी फातिमा शाह, अल्ताफ अहमद भट (वर्तमान में पाकिस्तान में), काजी यासिर (फरार), मोहम्मद अब्दुल्ला शाह, सबजार अहमद शेख, मंजूर अहमद शाह (वर्तमान में पाकिस्तान में) और मोहम्मद इकबाल मीर हैं। मीर को जमानत पर रिहा कर दिया गया क्योंकि वह एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित है।एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने बचाव पक्ष और एसआईए की दलीलें सुनने के बाद आरोप तय किए। एसआईए का प्रतिनिधित्व एक विशेष लोक अभियोजक ने किया। मामले में पांच महीने तक 11 बार सुनवाई हुई।उन्होंने कहा कि छात्रों के अभिभावकों से इस तरह के दाखिले के एवज में बड़ी राशि प्राप्त हुई थी और इसे जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का समर्थन करने के लिए लगाया गया। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान एसआईए के अधिकारियों ने अदालत से वारंट हासिल करने के बाद आरोपियों के घरों और अन्य जगहों पर तलाशी ली।उन्होंने कहा कि तलाश के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों और अन्य सामग्री का विश्लेषण किया गया और यह पाया गया कि एमबीबीएस सहित पाकिस्तान में विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिला कराने के लिए आरोपी व्यक्तियों के खातों में रकम का भुगतान हुआ था।अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान ठोस सबूत सामने आए कि प्राप्त धन को अवैध और आतंकवादी गतिविधियों के लिए आतंकवादियों, पथराव करने वालों और आतंकियों के सहयोगियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान गवाहों के बयान दर्ज किए गए और यह सामने आया कि पाकिस्तान में एमबीबीएस और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिला उन छात्रों को दिया जाता था जो हुर्रियत सदस्यों की सिफारिशों पर मारे गए आतंकवादियों के करीबी परिवार के सदस्य या रिश्तेदार थे।उन्होंने कहा कि हुर्रियत की सिफारिशों पर पाकिस्तान में अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादी के परिजनों को पेशेवर कॉलेजों में दाखिला दिलाया। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान आगे यह पता चला कि कि एक बड़ी साजिश के तहत आरोपी घाटी-आधारित विभिन्न परामर्शदाताओं के माध्यम से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, विशेष रूप से एमबीबीएस के इच्छुक छात्रों के आवेदन के लिए उनके माता-पिता को प्रोत्साहित करते थे।

# रूस ने ओडेसा तट पर हमला किया

भाषा। जेपोरीजिया (यूक्रेन)

**रूस के** बलों ने यूक्रेन में आपूर्ति मार्गों और आयुध परिवहन को बाधित करने के प्रयास में ओडेसा के महत्वपूर्ण तट पर धावा बोल दिया, वहीं दक्षिणी तट पर उन्होंने उस इस्पात संयंत्र पर हमला जारी रखा जहां यूक्रेन के लड़ाके रूस को एक और महत्वपूर्ण बंदरगाह का नियंत्रण नहीं लेने दे रहे हैं। मारियुपोल में स्थित इस्पात संयंत्र मे फंसे नागरिकों के आखिरी जत्थे को बचाने के कुछ दिन बाद अधिकारियों ने कहा कि करीब 100 लोग अब भी भूमिगत सुरंगों में फंसे हो सकते हैं। युद्ध में मृतकों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने कुछ सप्ताह पहले तबाह हुई उत्तर पूर्व की एक इमारत के मलबे से 44 लोगों के शव निकाले। यूक्रेनी सेना ने मंगलवार को कहा कि रूस के बलों ने एक दिन पहले ओडेसा स्थित ब्लैक सी पोर्ट पर हवा से सात मिसाइलें दागी थीं और वहां एक शॉपिंग केंद्र तथा एक गोदाम को निशाना बनाया। इस हमले में एक व्यक्ति मारा गया और पांच घायल हो गए। यूक्रेन का दावा है कि सोवियत काल के कुछ हथियारों का इस्तेमाल किया गया और उनका निशाना प्रामाणिक नहीं था। यूक्रेन के संस्थान सेंटर फॉर डिफेंस स्ट्रेटेजीस ने कहा कि मॉस्को ने ओडेसा के खिलाफ कुछ सटीक निशाना लगाने वाले हथियारों का भी इस्तेमाल किया। यूक्रेन, ब्रिटेन और अमेरिका के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि रूस अपने सटीक निशाने वाले हथियारों का भंडार बढ़ा रहा है। पुतिन की सेना जंग के शुरुआती दिनों में कीव पर कब्जा करने में विफल रही और पुतिन ने कहा कि उनकी सेना देश के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र डोनबास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एक जनरल ने यह भी कहा कि रूस का मकसद यूक्रेन को पूरे ब्लैक सागर तटीय क्षेत्र से काटना भी है।



कुरगन में रूस के सुरक्षा बल ने आयुध परिवहन व महत्वपूर्ण बंदरगाह को किया ध्वस्त।

## इजियम में रूसी हमले में नष्ट हुई एक इमारत के मलबे से 44 नागरिकों के शव मिलेः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के अधिकारियों ने खारकीव क्षेत्र के इजियम शहर में मार्च में रूसी हमले में नष्ट हुई एक इमारत के मलबे से 44 नागरिकों के शव मिलने का दावा किया है। खारकीव क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनेहुबोव ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी कर यह घोषणा की। इजियम खारकीव क्षेत्र का एक शहर है। सिनेहुबोव ने कहा कि मार्च में रूसी सेना के हमले में पांच मंजिला इमारत पूरी तरह से तबाह हो गई थी और हमले के समय इमारत में लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा, यह आम नागरिकों के खिलाफ रूसी सेना और उसके समर्थकों द्वारा किया गया एक और भयानक युद्ध अपराध है।

## बाइडन ने यूक्रेन को 40 अरब डॉलर की सहायता देने वाले पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को 40 अरब डॉलर की सहायता देने वाले प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर उसे मंजूरी प्रदान कर दी है। अमेरिका यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका की ऋण देने की इसी नीति के कारण द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी को हराने में मदद मिली थी। यूक्रेन को दी जाने वाली इस आर्थिक मदद को अमेरिका की रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। अमेरिकी कांग्रेस ने रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को 40 अरब डॉलर की सैन्य और मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि, राष्ट्रपति बाइडन ने कांग्रेस से 33 अरब डॉलर की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।



सियोल में दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक एओल राष्ट्रीय विधानसभा के बाहर उपस्थित जनसमूह।

## द. कोरिया के नए राष्ट्रपति ने परमाणु निरस्त्रीकरण की स्थिति में उ. कोरिया को सहयोग की पेशकश की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक एओल ने मंगलवार को उत्तर कोरिया से परमाणु निरस्त्रीकरण की अपील की। अगर उत्तर कोरिया परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए तैयार हो जाता है तो वह उसकी अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए एक मजबूत योजना पेश करेंगे। दक्षिण कोरिया के रूढ़िवादी नेता यून ने मंगलवार को देश के नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला। वह ऐसे समय में पांच साल के कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं जब दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सुरक्षा संबंधी, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना कर रही है। उत्तर कोरिया द्वारा यून के प्रस्ताव पर विचार करने को लेकर संशय की स्थिति है। यून ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर कोरिया पर सख्त रुख अपनाने का वादा किया था लेकिन शपथ ग्रहण के दौरान अपने भाषण में किसी तरह की कड़ी बात नहीं कही। इस तरह की चिंताजनक खबरें हैं कि उत्तर कोरिया करीब पांच साल में अपने पहले परमाणु बम परीक्षण की तैयारी कर रहा है।

# क्यूबाः हवाना में हुए विस्फोट में मृतक संख्या बढ़कर 40 हुई

**हवाना।** क्यूबा की राजधानी हवाना में एक आलीशान होटल के मलबे से सोमवार को कुछ और शवों को निकाला गया और इसी के साथ होटल में हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। हवाना के 96 कमरों वाले पांच सितारा होटल साराटोगा में गत शुक्रवार को विस्फोट हुआ था। उन्नीसवीं सदी का यह होटल ओल्ड हवाना में स्थित है। विस्फोट के समय वहां मरम्मत का काम चल रहा था। होटल को मंगलवार को खोले जाने की योजना थी। होटल के आसपास की कई इमारतें भी विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय में अस्पताल सेवा प्रमुख डॉ. जुलियो गुएरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले कुछ घंटों में मलबे से और शवों को निकाला गया। गुएरा ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए 18 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

## पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में पचास से अधिक लोगों की मौत

**किंशासा।** पूर्वी कांगो के इटुरी प्रांत में एक खदान के नजदीक स्थित एक गांव पर विद्रोहियों के हमले में कम से कम 52 लोग मारे गए। सरकारी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोंगवालू के महापौर ज्यां-पियरे बिकिलिसेंडे ने बताया कि सीओडीईसीओ नाम के एक समूह के लड़ाकों ने रविवार को कबलांगेटे कस्बे पर हमला किया। मारे गए लोगों के अलावा 100 से अधिक नागरिक लापता हैं। कांगो के सूचना मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कांगो सरकार सीओडीईसीओ के आतंकवादियों द्वारा मासूम नागरिकों पर किए गए बर्बर एवं कायरतापूर्ण हमले की निंदा करती है।

## महारानी की अनुपस्थिति मे शुरू हुआ ब्रिटिश संसद का सत्र

**लंदन।** ब्रिटेन की कंजर्वेटिव सरकार ने मंगलवार को शुरू हुए संसद के सत्र के दौरान अपराध की घटनाओं में कमी, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के व्यापक वादे किए। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय स्वास्थ्य कारणों के चलते मंगलवार को संसद के उद्घाटन सत्र में अभिभाषण नहीं पढ़ सकीं। उनके बेटे एवं उत्तराधिकारी प्रिंस चार्ल्स ने अभिभाषण पढ़ा। अभिभाषण के दौरान सरकार द्वारा 38 विधेयकों को पेश किए जाने की योजना के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा लिखे गए अभिभाषण में वादा किया गया कि पीएम बोरिस जॉनसन का प्रशासन अर्थव्यवस्था को विकसित और मजबूत करेगा और महंगाई को कम करेगा। सरकार ने घरेलू ईंधन और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे परिवारों को राहत देने के लिए कुछ उपायों की भी घोषणा की। जॉनसन ने अभिभाषण से पहले कहा था कि सरकार द्वारा किए गए उपायों से देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा।

# फिनलैंड और स्वीडन इस हफ्ते नाटो सदस्यता पर अहम फैसला ले सकते है

**स्टॉकहोम।** फिनलैंड और स्वीडन इस हफ्ते यह फैसला कर सकते हैं कि पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो में शामिल होना है या नहीं। यूक्रेन पर रूस के हमले से इन दोनों देशों का यह पुराना विश्वास टूट गया है कि ताकतवर पड़ोसी से टकराव टालने का सबसे अच्छा तरीका किसी भी सैन्य संगठन से बाहर रहना है। यदि फिनलैंड के राष्ट्रपति और दोनों देशों में सत्ताधारी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी अगले कुछ दिनों के अंदर शामिल होने का समर्थन करती है, तो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में जल्द ही रूस की दहलीज पर स्थित दो देश शामिल हो सकते हैं। दोनों नार्डिक देशों के लिए यह एक ऐतिहासिक घटनाक्रम होगा। स्वीडन 200 से अधिक सालों से सैन्य गठजोड़ में शामिल होने से बचता रहा है, तो द्वितीय विश्व युद्ध में रूस के हाथों पराजय के बाद से फिनलैंड ने भी तटस्थ रुख अख्तियार कर रखा है। यूक्रेन पर 24 फरवरी को रूसी हमले के पहले स्टॉकहोम और हेलसिंकी में नाटो सदस्यता पर कभी गंभीरता से विचार तक नहीं किया गया था। लेकिन रातों-रात दोनों राजधानियों में चर्चा का विषय बदल गया है। पहले चर्चा होती थी कि हमें क्यों शामिल होना चाहिए? अब चर्चा है कि इसमें कितना समय लगेगा?

## यूक्रेन संकट ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया : पेलोसी

**मियामी बीच ( अमेरिका )।** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने कहा है कि यूक्रेन संकट ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। दक्षिण फ्लोरिडा के मियामी बीच पर आयोजित एक जलवायु सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान यह बात कही। प्रतिनिधि सभा ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पहले ही एक कानून पारित कर दिया है और वह इसे सीनेट की मंजूरी दिलाने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों ही दलों के नेताओं के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

## कोविड-19 के खिलाफ जंग में शंघाई ने सभी सबवे मार्ग बंद किए

**बीजिंग।** चीन की सख्त जीरो-कोविड रणनीति के तहत सार्स-कोव-2 वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के प्रसार पर लगाम लगाने की कोशिशों में जुटे शंघाई में रक्षात्मक सूट पहनी टीमें कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के घर पहुंचकर रोगाणुनाशकों का छिड़काव कर रही हैं। शहर के एक अधिकारी जिन चेन ने मंगलवार को बताया कि पुराने इलाके, जहां साझा किचन और बाथरूम हैं, वहां उन सुविधाओं का इस्तेमाल करने वाले लोगों के घरों में भी रोगाणुनाशक का छिड़काव किया जाएगा। कपड़ों और कीमती वस्तुओं को नुकसान पहुंचने की आशंकाओं को लेकर चेन ने कहा कि लोग रोगाणुनाशक का छिड़काव करने पहुंची टीमों को उन वस्तुओं के बारे में बता सकते हैं, जिन्हें लेकर एहतियात बरतने की जरूरत है। शंघाई प्रशासन ने मंगलवार को उन दो सबवे लाइन पर भी सेवाएं निलंबित कर दीं, जो अभी तक संचालन में थीं। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब उसकी सभी प्रणालियों को बंद करना पड़ा है।

## क्विक न्यूज

### दिवंगत दानिश सहित चार भारतीय पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** दिवंगत फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी सहित चार भारतीयों को फीचर फोटोग्राफी श्रेणी में प्रतिष्ठित पुलित्ज़र पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। द पुलित्ज़र प्राइज़ की वेबसाइट के अनुसार, समाचार एजेंसी रॉयटर्स के सिद्दीकी और उनके सहयोगियों अदनान आबिदी, सना इरशाद मट्टू और अमित दवे को इस पुरस्कार से नवाजा गया है, जिसकी घोषणा सोमवार को की गई। भारत में कोविड-19 से जुड़ी तस्वीरों के लिए उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### इक्वाडोर की जेल में हुई हिंसक झड़प में 44 कैदियों की मौत

**क्विटो (इक्वाडोर)।** इक्वाडोर की एक जेल में प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच हिंसक झड़प में 44 कैदियों की मौत हो गई। करीब एक महीने से कुछ समय पहले एक अन्य जेल में हुए दंगे में 20 लोगों की मौत हो गई थी। गृह मंत्री पेट्रीसियो कैरिलो ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सैंटो डोमिंगो स्थित बेलाविस्टा जेल में कुछ कैदी अन्य कैदियों पर हमला करने के इरादे से अपनी-अपनी कोठरी से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा, इस बात के सबूत मिले हैं कि जिन लोगों की जान गई उन पर चाकू से हमला किया गया था। अधिकतर शवों पर चाकू से गोदे जाने के निशान हैं।

### मार्कोस जूनियर फिलीपीन के नए राष्ट्रपति होंगे, ड्यूटर्टे उप राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के पूर्व तानाशाह शासक फर्डिनांड मार्कोस के बेटे मार्कोस जूनियर देश के नए राष्ट्रपति और निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो ड्यूटर्टे की पुत्री सारा देश की नई उपराष्ट्रपति होंगी। छह साल के इस नए कार्यकाल की शुरुआत को लेकर कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई है।

### श्रीलंका संसद के अध्यक्ष ने राष्ट्रपति से इस हफ्ते सत्र बुलाने को कहा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धना ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से कहा कि वे अभूतपूर्व हिंसा और कई दशक में देश के सर्वाधिक खराब आर्थिक संकट को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बीच मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए जल्द से जल्द सदन का सत्र बुलाएं। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## गारंटीड रिटर्न प्लान में निवेश से अधिक रिटर्न

**मुंबई।** समय है ऐसे उत्पादों में निवेश करने का जो वित्तीय स्थिरता और निश्चितता की गारंटी देते हैं। स्टॉक और कमोडिटी बाजारों की अत्यधिक अस्थिरता के बावजूद निवेश पर रिटर्न की गारंटीए एक ऐसी चीज है जिसकी भारतीय निवेशकों को अक्सर तलाश रहती है। यही कारण है कि फिक्स्ड डिपॉजिट और भविष्य निधि फ ंड योजनाएं भारतीय निवेशकों के बीच काफ ी लोकप्रिय हैं। गारंटीड रिटर्न प्लान पर विवेक जैन, हेड इन्वेस्टमेंट पॉलिसीबाजार डॉट कॉम का कहना है कि यह योजनाएं बीमा कंपनियों द्वारा पेश की जाती हैं। जिसमें आपको केवल योजना की अवधि के दौरान मासिक या वार्षिक आधार पर एक निश्चित प्रीमियम का भुगतान करना होता है। पॉलिसी मैच्योर होने के बाद आपको अपने निवेश पर 100 प्रतिशत गारंटीड रिटर्न मिलना शुरू हो जाता है। आप अपने भुगतान के लिए एक मुश्त लाभ या आवर्ती आय का विकल्प चुन सकते हैं। भुगतान राशि आपके द्वारा भरे गए प्रीमियमए चुने गए बीमा कवरेज और प्रीमियम भुगतान की अवधि पर निर्भर करता है। इन योजनाओं के तहत आप निश्चित वर्षों के लिए भुगतान प्राप्ति या आजीवन आय प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावाए आपको इसमें मासिक आधार के बजाय वार्षिक आधार पर आय प्राप्त करने का विकल्प चुनने की सुविधा भी मिलती है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 106 अंक और टूटा, टाटा स्टील में 6.95 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और सेंसेक्स 106 अंक और टूट गया। हालांकि, वैश्विक बाजारों की स्थिति कुछ सुधरी है, लेकिन इसका लाभ यहां नजर नहीं आया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए ने भी एक दिन पहले की रिकॉर्ड गिरावट से उबरते हुए वापसी की, लेकिन कारोबारी धारणा मोटे तौर पर जोखिम से बचने की रही। विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी घरेलू बाजारों पर दबाव देखा गया। बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी और दोपहर के सत्र में इसने मजबूती भी पकड़ी। मुनाफावसूली के दबाव में अंतिम घंटे में बिकवाली का जोर रहा। अंत में सेंसेक्स 105.82 अंक यानी 0.19 प्रतिशत के नुकसान से 54,364.85 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 61.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,240.05 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 6.95 प्रतिशत के नुकसान में रही। सन फार्मा, एनटीपीसी, टाइटन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर भी नीचे आए। इसके उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के शेयर 3.24 प्रतिशत तक की बढ़त पर रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार ने वैश्विक बाजारों के अनुरूप चलना शुरू कर दिया है। घरेलू संस्थागत निवेशकों और खुदरा निवेशकों से मिलने वाला समर्थन घट रहा है। वित्तीय तरलता कम होने से अर्थव्यवस्था के सुस्त पड़ने और शेयर की कीमत घटने का अंदेशा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी दिन के ऊंचे स्तर पर टिक नहीं पाया और लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय शेयर बाजार बढ़त पर रहे क्योंकि निचले स्तर पर खरीद के लिए निवेशक सामने आए। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 2.11 प्रतिशत और मिडकैप 1.98 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और द. कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त पर रहा। यूरोप के शेयर बाजारों में दोपहर के सत्र में मजबूती का रुख देखा गया। सोमवार को अमेरिका के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी।




## टाटा मोटर्स ने नए एस ईवी के साथ ई-कार्गो में बढ़ावा देगा

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक वाहन निर्माता टाटा मोटर्स ने नए क्रांतिकारी एस ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) के लॉन्च के साथ स्थायी परिवहन को बढ़ावा देने के अपने अभियान में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। एस ईवी कंपनी के बेहद लोकप्रिय वाहन, एस का इलेक्ट्रिक वर्जन है। कंपनी वास्तव में 17 साल के लंबे अंतराल के बाद फ्रेट मूवमेंट यानी माल की आवाजाही को पुनर्परिभाषित कर रही है। नई एस ईवी भारत का सबसे उन्नत जीरो उत्सर्जन वाला चौपहिया छोटा वाणिज्यिक वाहन है। यह एक हरित एवं स्मार्ट परिवहन समाधान है जो शहर के भीतर तरह-तरह के इस्तेमाल के लिए अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार है। एस ईवी की पेशकश पर एन चंद्रशेखरन चेयरमैनए टाटा संस एवं टाटा मोटर्स ने कहा कि ई-परिवहन एक ऐसा विचार है जिसका समय अब आ गया है। टाटा मोटर्स में, हम यात्री कारों, वाणिज्यिक वाहनों और जगुआर लैंड रोवर में इस बदलाव को बढ़ावा देने के लिए तेजी से और व्यापक पैमाने के साथ बढ़ रहे हैं।

## डालमिया भारत लिमिटेड का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 6.10 प्रतिशत घटकर 600 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सीमेंट विनिर्माता डालमिया भारत लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि मार्च 2022 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 6.10 प्रतिशत घटकर 600 करोड़ रुपए रह गया। डालमिया भारत ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में उसने 639 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 7.26 प्रतिशत बढ़कर 3,380 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,151 करोड़ रुपए थी। डालमिया भारत का कुल खर्च इस दौरान 3,077 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 2,770 करोड़ रुपए था। बीते वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री 3.12 प्रतिशत बढ़कर 66 लाख टन पर पहुंच गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 64 लाख टन थी।

## एशियन पेंट्स का चौथी तिमाही का मुनाफा मामूली बढ़त के साथ 874 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स का 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली बढ़त के साथ 874.05 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। एशियन पेंट्स ने वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 869.89 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 20.60 प्रतिशत बढ़कर 7,889.94 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में यह 6,541.94 करोड़ रुपए थी। चौथी तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 6,677.11 करोड़ रुपए रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5,576.38 करोड़ रुपए रहा था। एशियन पेंट्स का मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष का एकीकृत शुद्ध लाभ 3.80 प्रतिशत घटकर 3,084.81 करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 3,206.75 करोड़ रुपए रहा था।

## महिंद्रा ने लोडर रेंज पर अधिकतम उत्पादकता का अभियान शुरू किया

**पुणे।** महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी महिंद्रा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन ने बैकहो लोडर्स महिंद्रा अर्थमास्टर के अपने बीएस-4 रेंज के लिए प्रति लीटर अधिकतम उत्पादकता पाएं या मशीन वापस लौटाएं गारंटी के अपने विशिष्ट और बेजोड़ ग्राहक मूल्य प्रस्ताव की घोषणा की। नई रेंज में प्रामाणिक और विश्वसनीय 74 एचपी सीआरआई महिंद्रा इंजन और कई अन्य उन्नत तकनीकों के साथ-साथ अत्याधुनिक आई-मैक्स टेलीमैटिक्स समाधान का प्रयोग किया गया है, जो साथ मिलकर गारंटीशुदा रूप में कम ईंधन खपत सुनिश्चित करते हैं। ईंधन, परिचालन लागत लगभग 50 प्रतिशत का एक प्रमुख घटक है, अर्थमास्टर रेंज में विशिष्ट फीचर्स का उपयोग किया गया है जैसे बनाना बूमए जॉयस्टिक लीवर, दमदार डिजाइन और बड़े बकेट्स।

# भारत को आने वाले वर्षों में एक लाख ड्रोन पायलटों की जरूरत होगीः सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत को आगामी वर्षों में करीब एक लाख ड्रोन पायलटों की जरूरत होगी। सिंधिया ने नीति आयोग के एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार के 12 मंत्रालय फिलहाल देश में ड्रोन सेवाओं की मांग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम ड्रोन क्षेत्र को तीन चक्कों पर आगे ले जाने कर प्रयास कर रहे हैं। इनमें पहला नीति है। आप देख रहे हैं कि हम कितनी तेजी से नीति का क्रियान्वयन कर रहे हैं। दूसरा पहिया या चक्का प्रोत्साहन है। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश में ड्रोन विनिर्माण एवं सेवाओं को और आगे बढ़ाने में मदद करेगी। इस क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना सितंबर, 2021 में लाई गई थी। सिंधिया ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र की प्रगति का तीसरा चक्का घरेलू मांग पैदा करना है। केंद्र सरकार के 12 मंत्रालय ड्रोन सेवाओं के लिए मांग पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

## पीएंडजी इंडिया महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को देगी 500 करोड़ रुपए का समर्थन

**नई दिल्ली।** दैनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने के लिए वर्ष 2025 तक 500 करोड़ रुपए खर्च करेगी। कंपनी ने भारत में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता को मजबूती देने के अपने प्रयासों के तहत मंगलवार को यह घोषणा की। घरेलू बाजार में एरियल, टाइड, व्हिस्पर, जिलेट, ओरल बी, हेड एंड शोल्डर्स और विक्स जैसे उत्पादों की बिक्री करने वाली पीएंडजी इंडिया ने एक बयान में कहा, इस पहल के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने के लिए कंपनी अब वर्ष 2025 तक 500 करोड़ रुपए का खर्च करेगी। 200 करोड़ की रुपए की वृद्धि की गई है। पीएनजी इंडिया ने 2021-25 के दौरान महिलाओं के स्वामित्व और नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने के लिए 300 करोड़ रुपए की मदद की घोषणा की थी।

## सरकार ने कैब कंपनियों को चेताया, प्रणाली में सुधार नही किया तो सख्त कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने ओला और उबर सहित ऐप आधारित कैब सेवाएं देने वाली कंपनियों को चेताया है कि यदि वे अपनी प्रणाली में सुधार नहीं करती हैं और उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों का निवारण नहीं करती हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने मंगलवार को इन कंपनियों के साथ एक बैठक की। बैठक में उनके द्वारा कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार की शिकायतों पर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने ऐसी शिकायतें की हैं, जिसमें कैब ड्राइवर बुकिंग को स्वीकार करने के बाद उसे रद्द करने के लिए उपभोक्ताओं पर दबाव डालते हैं। इसकी वजह से उपभोक्ताओं पर रद्दीकरण के लिए जुर्माना लगाया जाता है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बैठक के बाद कहा, हमने उन्हें उनके मंच के खिलाफ बढ़ती उपभोक्ता शिकायतों के बारे में बताया। हमने उन्हें आंकड़े भी दिए। हमने उन्हें अपनी प्रणाली में सुधार करने और उपभोक्ता शिकायतों का निवारण करने के लिए कहा है, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

## सेबी ने इनविट के लिए आरंभिक पेशकश को मसौदा दाखिल करने के शुल्क में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** सेबी ने इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) की आरंभिक पेशकश और राइट्स निर्गम के लिए विवरण का मसौदा दाखिल करने के शुल्क में संशोधन किया है। नए नियमों के तहत अब इनविट को आरंभिक पेशकश के मामले में 0.1 प्रतिशत दाखिला शुल्क देना होगा। इस शुल्क की वापसी नहीं होगी। राइट्स निर्गम के मामले में कुल निर्गम आकार का 0.05 प्रतिशत शुल्क देना होगा। इसमें ग्रीन शू विकल्प भी शामिल है। सेबी की वेबसाइट पर मंगलवार को डाली गई एक अधिसूचना में कहा गया है कि यह शुल्क मसौदा नियोजन ज्ञापन या पेशकश पत्र दाखिल करते समय देना होगा। इनविट को कुल निर्गम आकार का 0.1 प्रतिशत गैर-वापसी योग्य दाखिला शुल्क देना पड़ता था। इसमें निर्गम के प्रकार से कोई लेना-देना नहीं होता था।

## भारतपे ने कर्मचारियों, वेंडरों को निकाला, ग्रोवर से प्रतिबंधित शेयर वापस लेने की कार्रवाई शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतपे ने मंगलवार को कहा कि उसने कई कर्मचारियों और विक्रेताओं (वेंडर) को बर्खास्त कर दिया है तथा उनके खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए हैं। भुगतान स्टार्टअप ने अपने संस्थापक अशनीर ग्रोवर से कंपनी के प्रतिबंधित शेयरों को वापस लेने की कार्वाई भी शुरू की है। ये ऐसे शेयर होते हैं जिनका स्वामित्व कुछ शर्तों को पूरा किए बिना स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक के रूप में ग्रोवर के कार्यकाल के दौरान कथित चूक और कदाचार के खिलाफ एक विस्तृत जांच के बाद ए कदम उठाए हैं। भारतपे ने ग्रोवर का नाम लिए बिना कहा कि पूर्व संस्थापक से प्रतिबंधित शेयरों को वापस लेने के लिए जरूरी कार्वाई शुरू की गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह कानून के तहत अपने अधिकार को पाने के लिए सभी कदम उठाएगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

चिरंजी लाल चौहान पुत्र स्वर्गीय श्री बंशी धर चौहान निवासी J 221 Sri Ram J J Camp Near Satya Niketan New Delhi 110021 मैं घोषणा कर रहा हूं कि मेरा नाम चिरंजी लाल चौहान के स्थान पर गलती से चिरंजी लाल खतीफ के रूप में दर्ज हो गया है कि ऊपर वर्णित तथ्य इस प्रकार है मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है।

PD(9093)A

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सूचित करना है कि भवन संख्या-111 सी, ब्लाक-बी-10, उदयगिरि-2, सेक्टर-34, नोएडा जिसका मूल आंवटी मैसर्स स्टार पैकेजिंग एण्ड कोरोगेटिड इण्डस्टीज साझेदार सुर्या कान्त सिंघानिया पुत्र श्री पुरन चन्द सिंघानिया पता डी-95, सेक्टर-26, नोएडा है आंवटी के द्वारा उक्त सम्पत्ति निम्नलिखित व्यक्ति को मुख्तारनामा खास के आधार पर बेचा गया था। 1. दीपक शर्मा पुत्र स्व0 श्री राज कुमार शर्मा निवासी बी-221, सेक्टर-12, नोएडा के पक्ष में दिनांक 31.12.1996 (बुक संख्या 4 जिल्द संख्या 2, एडिशनल बुक संख्या 4 जिल्द संख्या 80 पेज-341-346 दस्तावेज संख्या 3215 दिनांक 31.12.1996) को मुख्तारनामा आम नोएडा में निष्पादित किया गया जिसका इकरारनामा अपंजीकृत है। 2. अब उक्त सम्पत्ति का अंतरण आवेदन पत्र श्रीमती अंजना शर्मा पत्नी श्री दीपक शर्मा निवासी बी-221, सेक्टर-12, नोएडा के पक्ष में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर दाखिल कर दें।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sunil Kumar & Mrs. Rashmi Agrawal** who are the joint-owners of Entire Second Floor, without roof/ terrace rights of Property No.5/6, built on Plot No.6, area admeasuring 373 Sq. Yds., on Road No.5, situated at Jaidev Park, near East Punjabi Bagh, New Delhi, vide Sale Deed dated 19.12.2020, which is registered as Doc. No. 5188 in the office of Sub Registrar-IIA, Punjabi Bagh, New Delhi and intend to mortgage against the financial assistance from **IDFC First Bank Limited.** That, Surviving Member Certificate of Late Mrs. Imarti Devi & Probate Order (of WILL dated 18.11.2017) are/is Not Available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि **ज्योति मित्तल/संतोष मित्तल** (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या **एलबीएनओडी00002135179** तथा पता **अपार्टमेंट नंबर बी-105 टीएफ, तृतीय तल पेडस्टल, /70 ए सेक्टर-70 तथा 70 ए, गुरुग्राम, हरियाणा-122001** के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित **06 मइ, 2022** के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि **बीपीटीपी लिमिटेड** ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 11 मई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
हस्ता./-

## राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का जोरदार विरोध

# ब्रजभूषण ने खोला मोर्चा

भाषा। गोंडा



**महाराष्ट्र** नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के पांच जून को अयोध्या के प्रस्तावित दौरे के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन करते हुए रोड शो किया।

सिंह ने ठाकरे के विरोध को भाजपा से इतर अपना निजी मामला बताते हुए ऐलान किया कि मैं स्पष्ट कर दूं, मेरे इस विरोध का मेरी पार्टी से कोई लेना देना नहीं है, मैं पहले राम का वंशज हूं, फिर उत्तर भारतीय और सबसे बाद में भारतीय जनता पार्टी का सांसद। राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे के विरोध में लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से कैसरगंज के भाजपा सांसद सिंह ने मंगलवार को विश्नोहरपुर स्थित अपने पैतृक आवास से नंदिनी नगर महाविद्यालय तक शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विशाल काफिले के साथ रोड शो किया। बाद में नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित तैयारी बैठक में उन्होंने लोगों से राज ठाकरे के अयोध्या आगमन पर डटकर विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने ऐलान किया कि अब उत्तर भारतीयों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सांसद ने कहा, राज ठाकरे दबंग नहीं हैं, वह चूहा हैं चूहा। सांसद ने दावा किया कि उन्हें मराठों का समर्थन प्राप्त है और वह छत्रपति शिवाजी महराज को अपना आदर्श मानता हैं। ब्रजभूषण ने कहा कि मराठा आएं, तो वह उनके स्वागत में अपनी जान तक दे देंगे, लेकिन उनका विरोध केवल एक व्यक्ति (राज ठाकरे) से है, सम्पूर्ण मराठा समुदाय से नहीं। इसके पहले बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि वह मोदी जी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत तथा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के अनुयाई हैं। उन्होंने कहा कि वह राज ठाकरे से पूछना चाहता हैं कि महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का उत्पीड़न क्यों हैउन्होंने दावा किया कि राज ठाकरे यदि उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांगेंगे तो आज की बात तो छोड़िए, अपने पूरे जीवन काल में कभी भी यदि राज ठाकरे यूपी, बिहार और झारखंड की धरती पर उतरना चाहेंगे तो उत्तर भारतीय उनका पुरजोर विरोध करेगा।इसके पहले पांच मई को ब्रजभूषण शरण सिंह ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे के पांच जून को प्रस्तावित अयोध्या दौरे का विरोध करते हुए ट्वीट किया, जब तक वह उत्तर भारतीयों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते तब तक उन्हें अयोध्या की सीमा में घुसने नहीं देंगे।

**रोड शो कर किया शक्ति प्रदर्शन, कहा-मै स्पष्ट कर दूं, मेरे इस विरोध का मेरी पार्टी से कोई लेना-देना नही, मैं पहले राम का वंशज हूं, फिर उत्तर भारतीय और सबसे बाद में भारतीय जनता पार्टी का सांसद**

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक ब्रजभूषण शरण सिंह ने ट्वीट किया, उत्तर भारतीयों को अपमानित करने वाले राज ठाकरे को अयोध्या की सीमा में घुसने नहीं दूंगा। इसी ट्वीट में आगे उन्होंने कहा, अयोध्या आने से पहले सभी उत्तर भारतीयों से हाथ जोडकर माफी मांगें राज ठाकरे। छह बार के सांसद ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया था, जब तक राज ठाकरे सार्वजनिक रूप से उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांग लेते, मेरा आग्रह है तब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को राज ठाकरे से नहीं मिलना चाहिए। राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से लेकर मंदिर निर्माण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और आमजन की ही भूमिका रही है, ठाकरे परिवार का इससे कोई लेना देना नहीं। उल्लेखनीय है कि पिछले 17 अप्रैल को राज ठाकरे ने पुणे में कहा था कि वह भगवान राम के दर्शन करने के लिए पांच जून को अयोध्या जाएंगे।



प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को कोरोनो के मामलों में वृद्धि के बीच एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कोविड-19 परीक्षण के लिए एक यात्री से नमूना एकत्र करता हुआ

# दो बार निरस्त हो चुके हैं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के टेंडर

## लापरवाह विभाग नहीं कर पा रहा है निविदा का चयन

**रायबरेली।** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग रायबरेली में टेंडरों का गड़बड़झाला है। एक ही टेंडर दूसरी बार निरस्त कर दिया गया ठेकेदार बार.बार निविदा भर कर परेशान हैं तो विभाग अपनी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है। अभियंत्रण विभाग की यह लापरवाही ठेकेदारों को रास नहीं आ रही है वह बार.बार निविदा को भर रहे हैं लेकिन दो बार से टेंडरों को निरस्त किया गया है इसके खिलाफ ठेकेदारों ने का कहना है कि ग्राम ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में हो रहा टेंडरों में भ्रष्टाचार रायबरेली पत्रांक संख्या 2668 की निविदा आमंत्रण 2021.22 की 11व3व2022 को पहला टेंडर निरस्त हुआ था जबकि दूसरा टेंडर 09व05 व2022 को खुलना था निविदा खुलने के पहले ही बिना कोई कारण बताए हुए टेंडर दोबारा निरस्त कर दिया गया है ठेकेदारों की माने तो इसमें विभागीय अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत लाभ देने के लिए बार.बार टेंडर निरस्त किए जा रहे हैं जिससे कि ठेकेदार बहुत आहत हैं टेंडर प्रक्रिया में एक टेंडर डालने का खर्च लगभग ?3000 होता है और 108 टेंडर डाले गए थे जोकिंग निरस्त कर दिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऑनलाइन और पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया को बनाया गया है लेकिन लेकिन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मंसूबों को फेल करने में लगे हुए हैं इस संबंध में जब अधिशासी अभियंता नूर आलम के मोबाइल पर फोन मिलाकर जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल से बात नहीं हो सकी यहां तक कि प्रतिभागी में से कुछ ने भ्रष्टाचार की आहट की भी बात की है। उनका आरोप है कि टेंडर मैनेज ना हो पाने की वजह से टेंडर को निरस्त किया जा रहा है। ठेकेदारों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के दबाव में टेंडर मैनेज ना होने की स्थिति में टेंडरों को बार.बार निरस्त किया जा रहा है जबकि समस्त ठेकेदारों को बताया गया था कि दिनांक 9 मई को निविदा खुलेगी परंतु 9 मई को बिना कारण बताए टेंडर को निरस्त कर दिया गया। ऐसे में प्रतिभागी ठेकेदारों में गहरी नाराजगी प्रतिभाग कर रहे ठेकेदारों ने बताया कि इस ठेके को त्वरित कार्य से टेंडरिंग की जानी थी और यह ठेका ई टेंडर के माध्यम से होना है। ऐसे में अधिशासी अभियंता पर लग रहे आरोप गंभीर।

# अमेठी की बेटी को इसरो ले जाएंगी स्मृति

भाषा। अमेठी



**जिले के** एक स्कूल की छात्रा की भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जाने की इच्छा पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तुरंत कहा कि वह खुद उसे अगले महीने इसरो लेकर जाएंगी।गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के दुर्गन भवानी धाम के निकट एक निजी शिक्षण संस्थान का उद्घाटन करने मंगलवार को पहुंचीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जब संजय गांधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर की छात्रा नीतू मौर्या को टैबलेट देते हुए पूछा, तुम आगे क्या करना चाहती हो? तो नीतू ने कहा, मैं इसरो जाना चाहती हूं और वैज्ञानिक बनना चाहती हूं। इस पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह छात्रा इसरो जाना चाहती है, वैज्ञानिक बनना चाहती है। इस छात्रा को मैं अगले महीने स्वयं इसरो लेकर जाऊंगी। उन्होंने कहा कि अमेठी के लिए यह गर्व की बात होगी कि यहां की एक छात्रा इसरो जाना चाहती है और वैज्ञानिक बनना चाहती है। एक दिन नीतू जरूर अमेठी का नाम रोशन करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं छात्र-छात्राओं से अपील करना चाहती हूं, वह जो कुछ करना चाहते हैं, मैं उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं। ईरानी ने कहा, अमेठी जिला में अब तक 11672 छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण किया गया है, मैं इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद करती हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध करा कर शिक्षा में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने का काम किया है।

**तालाब की भूमि में कब्जा,एसडीएम से शिकायत:** मौदहा (हमीरपुर) तहसील क्षेत्र के उमरी गांव निवासी महिला ने उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह मौदहा को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया तालाब की भूमि में कुछ दबंग जबरन कब्जा कर भवन निर्माण करा रहे हैं सुशीला पत्नी लक्ष्मी उमरी गांव निवासी ने उप जिलाधिकारी को अवगत कराया है 19अक्टूबर 2017 को मत्स्य पालन के लिए मदन तालाब का पट्टा आवंटित कराया गया था जो अधिकारियों की हीला हवाली के चलते पट्टे का नवीनीकरण नहीं हो सका इसी का लाभ उठाते हुए लेखपाल की मिलीभगत से गांव के दबंग तालाब की भूमि में गांव के ही कल्लू उर्फहेतराम व तेजवा पुत्र समलिया कोरी ने अवैध कब्जा कर भवन निर्माण करा रहे हैं।

# दलितों के खेत में प्रवेश पर जूतों से पिटाई की मुनादी कराने के आरोपी गिरफ्तार

भाषा। मुजफ्फरनगर

**मुजफ्फरनगर जिले** के चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव में गेंहू की फसल काटने से इनकार करने पर दलितों की जूतों से पिटाई करने और जुर्माना वसूलने की मुनादी करने के आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना सोमवार को चरथावल क्षेत्र के पावती खुर्द गांव में हुई। पूर्व प्रधान राजबीर त्यागी की ओर से मुनादी करते एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। व्यक्ति ढोल पीटते हुए यह घोषणा कर रहा था कि अगर कोई (दलित) उनके खेत और ट्यूबवेल में प्रवेश करेगा तो उसे पांच बार जूतों से पीटा जाएगा और पांच हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा।

राजवीर त्यागी गैंगस्टर विक्की त्यागी का पिता है। विक्रांत त्यागी उर्फ विक्की त्यागी की 2015 में अदालत में पेशी के दौरान हत्या कर दी गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि इस तरह की मुनादी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी राजबीर त्यागी और कुंवरपाल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी उपनिरीक्षक उमेंद्र सिंह ने दर्ज कराई है। ग्रामीणों के अनुसार त्यागी ने दलितों को अपने खेतों में प्रतिबंधित करने की घोषणा तब की जब दलितों ने त्यागी के खेतों में गेहूं की फसल काटने से इनकार कर दिया।

### मेरठ में विवाह समारोह में रोटी बनाते समय उस पर थूकने का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ (उत्तर प्रदेश)।** मेरठ के अतरौली गांव में एक विवाह समारोह में नान रोटी बनाते वक्त उस पर थूकने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। खरखौदा पुलिस के अनुसार, सोमवार को मेरठ के अतरौली गांव के निवासी नरेश कुमार की बेटी की शादी थी। शादी में उन्होंने नान रोटी बनाने का काम हापुड़ के फिरोज नामक युवक को दिया था। रोटी बनाने के दौरान उस पर कथित रूप से थूकते हुए फिरोज का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर आया। नरेश के किसी परिचित ने यह वीडियो उनके मोबाइल पर भी भेज दिया। नरेश ने वीडियो क्लिप पुलिस को सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। खरखौदा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मामला मेरठ के अतरौली गांव का है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

## बलरामपुर में दो बाइक भिड़े दो लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**बलरामपुर (उप्र)।** जिले के उतरौला कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सोमवार की देर रात बस्ती-उतरौला मार्ग पर हाशिमपारा गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से अखिलेश गुप्ता (25), परमजीत यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गुरुदेव त्रिपाठी, अरुण पांडेय और प्रमोद निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उतरौला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लखीमपुर में चाकू मारकर युवक की हत्या

**लखीमपुर खीरी (उप्र)।** लखीमपुर खीरी शहर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात को तीन हथियारबंद युवकों ने चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) संदीप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जय प्रकाश मिश्रा (32) सोमवार की रात हाथीपुर-मेला मैदान मार्ग पर आनंद टॉकीज के सामने एक पान की दुकान पर खड़े थे तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां आए। एक युवक ने मिश्रा पर पीछे से हमला किया और उनके शरीर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट करने के बाद हमलावर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। गंभीर हालत में मिश्रा को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भदोही में ईंट भट्ठे पर छापा 55 बंधुआ मजदूर मुक्त कराए

**भदोही (उप्र)।** भदोही जिला प्रशासन, श्रम विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक ईंट भट्ठा पर छापा मारकर बाल श्रमिकों सहित 55 बंधुआ मजदूरों को मंगलवार को मुक्त कराया। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रतिमा मौर्या ने बताया कि सभी मुक्त कराए गए श्रमिक छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले के श्रम विभाग द्वारा सोमवार को यहां एक पत्र भेजकर श्रमिकों को बंधक बनाकर काम कराने की बात कही गई थी। मौर्या ने बताया कि इस कड़ी में मंगलवार को उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर और कोतवाली पुलिस को साथ लेकर श्रम विभाग की टीम ने शहर कोतवाली इलाके के नई बाजार के अमिरौना गांव स्थित एक ईंट भट्ठा पर आज दोपहर छापा मारा। उन्होंने बताया कि छापेमारी में भट्टे पर 13 महिलाएं, पांच बाल श्रमिक और 18 पुरुष काम करते हुए पाए गए। इसके अलावा इनके परिवार के 25 अन्य लोग जिसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं, एक अलग कमरे से मिले। इस तरह कुल 55 श्रमिक मुक्त कराए गए। उन्होंने दावा किया कि सभी को वहां पर बंधक बना कर उनसे काम कराया जा रहा था। सभी 55 को मुक्त कराने के बाद उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर के समक्ष बयान दर्ज कराया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मौर्या ने बताया मौके से ईंट भट्ठा मालिक जमील खान और हयात खान फरार हो गए। दोनों के विरुद्ध शहर कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है।

## गंगा नदी में नहाते समय 10 साल का बच्चा डूबा

**गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)।** गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र के पोस्ताघाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक बच्चे की डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। गाजीपुर नगर के मछली बाज़ार मोहल्ला निवासी तनवीर का पुत्र अब्बास (10) सोमवार की शाम नहाते समय अचानक डूब गया। काफी खोजबीन के बाद उसका शव मिला। पुलिस ने बताया कि परिवार वालों के अनुरोध पर पंचनामा के बाद बिना पोस्टमार्टम किए शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे मामले की सुनवाई के दौरान मंगलवार को कोर्ट के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी

## क्विक न्यूज

### डिप्टी सीएम का फरमान भी नहीं मानता सीएचसी नवाबगंज

**नवाबगंज** उन्नाव। सरकारी अस्पताल सीएससी नवाबगंज की सेवाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। डिप्टी सीएम लगातार निरीक्षण कर मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके निर्देश देते रहते हैं। लेकिन अगर नवाबगंज सीएचसी की बात करें तो यहां स्वास्थ्य सुविधाएं तो दूर अच्छा व्यवहार भी चिकित्सक और कर्मी इस भीषण गर्मी में दूर दराज से आने वाले मरीजों से नहीं करते हैं। सुविधा के नाम पर यहां मरीजों को इस कमरे से उस कमरे तक दौड़ाया जाता है। ताज्जुब की बात यह हैए मरीज एक कमरे से दूसरे कमरे दौड़ता रहता है लेकिन उसे सुविधा नसीब नहीं होती है।मंगलवार सीएचसी पहुंचे एक तीमारदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया एक मरीज़ अपनी पत्नी को रैबीज का इजेक्शन लगवाने गया था। जिस कमरे में यह यह सुविधा बताई गई उस कमरे में कोई था ही नही मरीज़ काफ़ी देर इंतजार करने के बाद जब अन्य सहकर्मियों से जानकारी की तो इधर से उधर दौड़ाया जाता रहा अंत मे तीमारदार अधीक्षक के कमरे में गया जहां वह भी मौजूद नही थे। पता किया तो बगल के कमरे में मीटिंग बताई गईए मरीज़ जब अधीक्षक से मिला और विरोध जताया उसके बाद सारा स्टॉप मैनेज करने में लगा और केंद्रीय टीम की दुहाई दी। जिसपर मरीज़ ने कहा कोई भी टीम स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने आती हैं और यहां मरीजों से यह बर्ताव किया जा रहा है। इस बारे में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ अरुण कुमार से उनका पक्ष जानने को फोन किया गया तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कह कर फोन काट दिया।

### मुजफ्फरनगर में डीजे के विवाद में दूल्हे ने चलाई गोली, एक की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में एक विवाह समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुई गोलीबारी में दुल्हन पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि घटना सोमवार को उस समय हुई जब शाहपुर क्षेत्र के बसिकला गांव में डीजे बजाने के विवाद में दूल्हे इफ्तिखार ने दुल्हन पक्ष के जफर अली को गोली मार दी। अली को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर इफ्तिखार को गिरफ्तार कर लिया है और जफर अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कौशांबी में पिता ने पुत्र को गोली मारी, मौत

**कौशांबी (उप्र)।** कौशांबी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक व्यक्ति ने अपने ही बेटे को गोली मार दी जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के फतेहपुर सहाबपुर गांव निवासी शिवनारायण पटेल ने आज दोपहर अपने बेटे बृजेश (40) को अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक से गोली मार दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल बेटे को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी पिता पर पिपरी थाना क्षेत्र में चार अपराधिक मामले दर्ज हैं। पटेल के खिलाफ आखिरी मामला वर्ष 1986 में दर्ज हुआ था और उसी आधार पर थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट भी खोली गई थी।

### फिरोजाबाद में अवैध खनन को संरक्षण देने वाले चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

**फिरोजाबाद (उप्र)।** फिरोजाबाद में अवैध खनन की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को कोटला रोड चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष तिवारी ने कोतवाली उत्तर की चौकी कोटला रोड के चौकी प्रभारी दो मुख्य आरक्षी (हेड कांस्टेबल) व एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। तिवारी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से कोटला रोड चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायतें आ रही थी कि वह अवैध खनन करने वाले लोगों को संरक्षण दे रहा है जिसकी जांच कराने पर मामला सही पाया गया। इसके चलते उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह चौकी प्रभारी कोटला रोड एवं दो हेड कांस्टेबल व एक कॉन्स्टेबल सहित पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इन पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

### बहराइच में छह तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ रुपए का गांजा बरामद

**बहराइच (उप्र)।** बहराइच जिले की दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र की पुलिस ने छह तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 153 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजे की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपए बताई है। बहराइच के पुलिस अधीक्षक (एसपी) केशव कुमार चौधरी ने बताया कि सोमवार को थाना दरगाह शरीफ अंतर्गत बख्शीपुरा क्षेत्र में पुलिस की जांच के दौरान चार बाइक पर सवार छह लोगों के कब्जे से 153 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तस्करों के कब्जे से तस्करी कर ले जाया जा रहा गांजा के अलावा आठ मोबाइल, चार मोटरसाइकिल, तीन इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटे समेत अन्य सामान पुलिस ने जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजकुमार, बौरा, राजू वर्मा, विनोद, रामू सोनी और मुकेश निषाद के रूप में हुई है। यह सभी बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े कानून (एनडीपीएस एक्ट) की धारा में मामला दर्ज कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

# सुपरजाइंट्स को ढेर कर टाइटंस प्ले आफ में

● गुजरात की टीम ने लखनऊ की टीम को 62 रनों से हराया

भाषा। पुणे

**एक अहम** आईपीएल मुकाबले में लखनऊ को गुजरात ने 62 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात ने प्ले आफ के लिए क्वालीफाई किया।
गुजरात के 144 रन कर पीछा करने उतरी लखनऊ की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 82 रन बना सकी। राशिद ने 4 जबकि किशोर व दयाल ने 2-2 विकेट लिए। दीपक हुडा ने सबसे अधिक 22 रन बनाए।
सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के जुझारू अर्धशतक के बावजूद आवेश खान की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार विकेट पर 144 रन के स्कोर पर रोक दिया। आवेश सुपर जाइंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 26 रन देकर दो विकेट चटकाए। मोहसिन खान ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर एक विकेट हासिल किया। कृणाल पंड्या ने चार ओवर में 24 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जेसन होल्डर महंगे साबित हुए जिन्होंने चार ओवर में 41 रन देकर दो विकेट लिए। टाइटंस की ओर से गिल शीर्ष स्कोरर रहे।
उन्होंने 49 गेंद की अपनी पारी में सात चौकों की मदद से नाबाद 63 रन बनाए। गिल ने डेविड मिलर (26) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 और राहुल तेवतिया (16 गेंद में नाबाद 22, चार चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 रन की अटूट साझेदारी की। लखनऊ के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि टाइटंस की पूरी पारी में 16 बाउंड्री लगी जिसमें सिर्फ एक छक्का शामिल था। टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने तीसरे ओवर में रिद्धिमान साहा (05) को आवेश खान के हाथों कैच कराया जबकि टीम का स्कोर सिर्फ आठ रन था। मैथ्यू वेड (10) ने दुष्मंता चमीरा पर लगातार दो चौके मारे लेकिन आवेश की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। टाइटंस की टीम पावर प्ले में दो विकेट पर 35 रन ही बना सकी जो शुरुआती छह ओवरों में उसका सबसे कम स्कोर है। सलामी बल्लेबाज गिल ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने तीनों तेज गेंदबाजों मोहसिन, चमीरा और आवेश पर चौके मारे। उन्होंने हार्दिक के साथ मिलकर नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। लोकेश राहुल ने अगले ओवर में गेंद आवेश को थमाई और उन्होंने पहली गेंद पर ही हार्दिक (11) को पवेलियन भेज दिया जिन्होंने आफ साइड से बाहर की गेंद पर कड़ा प्रहार करने की कोशिश में विकेटकीपर को कैच थमाया। गिल ने आवेश पर चौके के साथ 26 गेंद में बाउंड्री के सूखे को खत्म किया और फिर कृणाल पंड्या पर भी चौका मारा। टाइटंस के बल्लेबाजों के बीच के ओवरों में बाउंड्री जड़ने के लिए जूझना पड़ा जिससे लखनऊ की टीम रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रही। डेविड मिलर जैसे आक्रामक बल्लेबाज अपनी शुरुआती 21 गेंद पर सिर्फ एक बाउंड्री लगा पाए। मिलर ने होल्डर पर छक्के के साथ 16वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में डीप थर्ड मैन पर आयुष बडोनी को कैच दे बैठे। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में एक चौका और एक छक्का मारा। गिल ने चमीरा की गेंद पर एक रन के साथ 42 गेंद में सत्र का चौथा अर्धशतक पूरा किया और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। तेवतिया ने अंतिम ओवर में होल्डर पर तीन चौके जड़कर टीम का स्कोर 140 रन के पार पहुंचाया।


गिल का अर्धशतक

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस:** साहा का आवेश बो मोहसिन 05, गिल नाबाद 63,वेड का डिकॉक बो आवेश 10,पंड्या का डिकॉक बो आवेश 11, मिलर का बडोनी बो होल्डर 26, तेवतिया नाबाद 22,**अतिरिक्त:** 07,**कुल:**20 ओवर में चार विकेट पर: 144 रन, **विकेट पतन:** I-8, 2-24, 3-51, 4-103,**गेंदबाजी:** मोहसिन 4-0-18-I,चमीरा 4-0-34-0,आवेश 4-0-26-2,कृणाल 4-0-24-0, होल्डर 4-0-41-I।

# बाहर काफी शोर होता है लेकिन मुझ पर उसका असर नहीं होता : बुमराह

भाषा। नवी मुंबई

**मुंबई इंडियंस के** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मौजूदा सत्र में अपनी लय से वह खुश हैं और बाहर के शोर का निजी तौर पर उन पर असर नहीं होता। बुमराह ने केकेआर के खिलाफ आईपीएल में पहली बार पारी के पांच विकेट लिए। वह अभी तक 11 मैचों में दस ही विकेट ले सके हैं। उन्होंने मुंबई की 52 रन से हार के बाद कहा , हम टूर्नामेंट की तैयारी करते हैं और हमारी अपनी प्रक्रिया होती है। हम अंतिम नतीजे की तरफ ही नहीं



देखते। बुमराह ने कहा , अगर आप खेल को समझते हैं तो आपको पता होता है कि क्या हो रहा है। आप किस तरह के हालात में गेंदबाजी कर रहे हैं और मैं टूर्नामेंट में अपनी लय से खुश हूं। मुझे पता है कि बाहर बहुत शोर हो रहा है लेकिन मुझे उससे फर्क नहीं पड़ता। मैं दूसरों की सोच के हिसाब से अपने प्रदर्शन का आकलन नहीं करता या यह नहीं सोचता कि विशेषज्ञ या लोग क्या कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम के लिए योगदान उनके लिए सबसे अहम है। उन्होंने कहा , मैं प्रक्रिया पर ध्यान देता हूं और यह देखता हूं कि टीम के लिए योगदान कैसे दे सकता हूं। कई बार एक अच्छा ओवर डालने से भी टीम की मदद हो जाती है। मैं इसी तरह से खेलता हूं और आगे भी खेलता रहूंगा।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी में ओडिशा , हिमाचल जीते

**भोपाल।** ओडिशा और हिमाचल प्रदेश ने 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे मंगलवार को पूल एच में अपने अपने मुकाबले जीते। पहले मैच मे ओडिशा ने केरल को 11-0 से हराया जबकि हिमाचल ने तेलंगाना हॉकी को 8-0 से मात दी। सोमवार को झारखंड ने पूल ई मे आंध्र प्रदेश को 10-0 से हराया था।

## एशियाई क्वालीफायर के लिए पूरी तरह से फिट हैं छेत्री : स्टिमक

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को यकीन है कि भारत अगले महीने होने वाला एशियाई कप क्वालीफायर जीतकर अगले साल चीन में होने वाले टूर्नामेंट में जगह पक्की करेगा और करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री भी फिट होकर टीम में वापसी कर रहे है। 37 वर्ष के छेत्री छह महीने बाद टीम मे लौटेंगे। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर मे सैफ चैम्पियनशिप फाइनल मे नेपाल के खिलाफ खेला था जब भारत ने 3 . 0 से जीत दर्ज की थी। स्टिमक ने कहा कि छेत्री पूरी तरह से फिट है और टीम की ताकत रहेंगे।

## विश्व-10 के के मुख्य आकर्षण होंगे तानुई

**बेंगलुरू।** रियो ओलंपिक मे 10,000 मीटर दौड़ मे रजत पदक जीतने वाले कीनियाई धावक पॉल तानुई रविवार को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के (10 किलोमीटर) बेंगलुरू के मुख्य आकर्षण होंगे। तोक्यो ओलंपिक मे 5000 मीटर में चौथे स्थान पर रहे एक अन्य कीनियाई धावक किपकोरिर किमेली भी खिताब के दावेदार के रूप मे दौड़ मे भाग लेंगे। तानुई ने रियो खेलों मे रजत पदक के अलावा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे 10,000 मीटर मे तीन कांस्य पदक और विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता है।

## माने, संधू फुकेट में संयुक्त सातवें स्थान पर

**फुकेट।** भारत के उदयन माने अंतिम दौर मे बोगी रहित सात अंडर 63 जबकि युवराज संधू चार अंडर 66 के स्कोर के साथ मंगलवार को यहां 75 हजार डॉलर इनामी लागुना फुकेट कप गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त सातवे स्थान पर रहे। भारत के10 खिलाड़ियो मे से सिर्फ दो ही कट हासिल कर पाए थे। माने ने सात बर्डी की जबकि उनके नाम एक भी बोगी नही रही। संधू ने भी छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। सारून सिरिथोन अंतिम दौर मे पांच अंडर 65 के स्कोर से कल तक शीर्ष पर चल रहे मलेशिया के शरीफुद्दीन अरीफिन (70) के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे और फिर प्लेऑफ मे उन्हे पछाड़कर खिताब जीतने मे सफल रहे।

## दीक्षा बधिर ओलंपिक की गोल्फ प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में

**कैक्सियास डो सुल (ब्राजील)।** भारत की दीक्षा डागर ने बधिर ओलंपिक की महिला गोल्फ प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे पहुंचकर इन खेलो मे दूसरा पदक हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। महिला यूरोपीय टूर में दो बार की विजेता दीक्षा ने जर्मनी की अमेलिया पालोमा गोंजालेज पॉडबिकैनिन को 6 और 5 से हराया। वह मैच प्ले स्पर्धा में छह अंक की बढ़त पर थी।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के साथ वापसी करना चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स

● मुकाबला आज

भाषा। नवी मुंबई

**पिछले मैच में** मिली हार को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए बुधवार को राजस्थान रॉयल्स को हराने के इरादे से उतरेगी जबकि रॉयल्स जीत की लय को कायम रखना चाहेंगे। दिल्ली ने 11 में से छह मैच गंवाए हैं और अंकतालिका में पांचवें स्थान पर होने के बावजूद उनकी प्लेआफ की राह उतनी आसान नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के इतने ही मैचों में दस अंक है। दिल्ली का नेट रनरेट प्लस 0.150 है लेकिन उसे अगले तीनों मैच जीतने होंगे। दूसरी ओर राजस्थान 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और उसे क्वालीफाई करने के लिए दो ही अंक की जरूरत है। उसका रनरेट भी प्लस 0.326 है जो आखिरी गणना में उपयोगी साबित हो सकता है। इस सत्र में दिल्ली की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रही है। सनराइजर्स को हराने के बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स से 91 रन से हार गई। डेवोन कोंवे के खिलाफ उसके गेंदबाज बेबस नजर आए और चेन्नई ने चौकों छक्कों की बौछार लगाकर 200 से अधिक रन बना डाले। दिल्ली के गेंदबाजों में कुलदीप यादव ने विकेट लिए हैं लेकिन पिछले दो मैचों में वह काफी महंगे रहे। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की वापसी से बहुत फर्क नहीं पड़ा क्योंकि वह पिछले सत्रों का प्रदर्शन दोहरा नहीं सके। खलील अहमद जरूर किफायती रहे और अक्षर पटेल ने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में डेविड वॉर्नर के बल्ले से रन निकले लेकिन उन्हें सलामी जोड़ीदारों से मदद नहीं मिली। दिल्ली पृथ्वी साव से लेकर मनदीप सिंह और श्रीकर भरत को आजमा चुकी है लेकिन वॉर्नर का सही सलामी जोड़ीदार उसे नहीं मिला। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म है। उसने अपने फॉर्म की झलक दिखाई लेकिन टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। रॉयल्स के पास टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है। युजवेंद्र चहल 14 . 50 की औसत से 22 विकेट ले चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन , ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। रॉयल्स के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जोस बटलर पर अति निर्भरता नहीं रही है।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर में तीन टी20 की मेजबानी करेगा भारत

भाषा। मेलबर्न

**भारतीय क्रिकेट** टीम सितंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की घरेलू श्रृंखला खेलेगी। फॉक्स स्पोटर्स डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार , आस्ट्रेलिया टीम जिम्बाब्वे, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज , इंग्लैंड और भारत के खिलाफ तीन तीन टी20 मैच खेलेगी। यह श्रृंखला अक्टूबर नवंबर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए होगी। अगले साल आस्ट्रेलिया को चार टेस्ट मैचों के लिए फरवरी मार्च में भारत का दौरा करना है। भारतीय टीम को नौ से 19 जून तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलनी है। भारतीय टीम एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टेस्ट खेलेगी जो पिछले साल कोरोना महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैच भी खेलने हैं।

# गेंदबाज की परवाह किए बिना रसेल की तरह बल्लेबाजी करनी चाहिए पंत को : शास्त्री

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के पूर्व** कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऋषभ पंत को टी20 प्रारूप में आंद्रे रसेल की शैली में बल्लेबाजी करनी चाहिए और एक बार प्रवाह में आने के बाद उसे नहीं बदलना चाहिए ताकि वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए अधिक मैच जीत सकें। बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अब तक 11 मैचों में 152.71 के स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं, लेकिन वह अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। इस 24 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने आक्रामक तेवरों की झलक तो दिखाई है लेकिन वह अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका नहीं निभा पाएं हैं। शास्त्री ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, मुझे लगता है कि एक बार जब वह प्रवाह में आ जाता है तो उसे उसमें बदलाव नहीं करना चाहिए। उसे खेल के इस प्रारूप में रसेल की शैली में



बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कहा, आपकी निगाहें जम जाती हैं, आप अच्छी तरह से शॉट मार रहे हो तो ज्यादा मत सोचो। यह मायने नहीं रखता कि गेंदबाज कौन है, यदि आपको करारा शॉट लगाना है तो लगाओ। कौन जानता है कि ऐसा करने से आप लोगों की अपेक्षा से अधिक मैच जितवा सकते हो। शास्त्री का मानना है टी20 क्रिकेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक रसेल को उनका स्पष्ट रवैया अन्य बल्लेबाजों से अलग करता है। ऐसा रवैया पंत के लिए कारगर साबित होगा, जो आक्रामक पारी खेलने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, रसेल का रवैया अपने खेल को लेकर स्पष्ट है। जब वह लय में होता है तो उसे रोकना मुश्किल होता है। कोई उसे नहीं रोक सकता। उसके दिमाग में तब कोई नकारात्मक विचार नहीं आता है। शास्त्री ने कहा, ऋषभ भी इस तरह से बल्लेबाजी करने में सक्षम है और मुझे लगता कि वह इस तरह से सोचता है क्योंकि आप टी20 क्रिकेट में उससे कुछ विशेष पारियां देखोगे। उन्होंने कहा, वह अच्छी शुरुआत करता है और फिर इस अंदाज में आउट होता है जो उसे पसंद नहीं है। मेरा मानना है कि जब वह प्रवाह में होता है तो उसे उसमें बदलाव नहीं करना चाहिए। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी ने कहा कि पंत जब बेखौफ होकर विरोधी गेंदबाजों पर हावी होकर खेलता है तो तब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। विटोरी ने कहा, ऋषभ पंत जब बेखौफ होकर खेलता है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। जब वह विरोधी टीम पर हावी होकर खेलता है तो हमने उसे कई सर्वश्रेष्ठ पारियां खेलते हुए देखा है।

# भारत को तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक मिला

● एशिया कप तीरंदाजी

भाषा। सुलेमानिया (इराक)

**भारतीय तीरंदाजों** ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां एशिया कप चरण दो में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। परनीत कौर, अदिति स्वामी और साक्षी चौधरी की तिकड़ी ने कजाखस्तान को 204-201 से हराकर महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और जावकर समाधान की भारतीय पुरुष टीम ने एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश को 224-218 से हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। समाधान ने कांस्य पदक के प्ले आफ मुकाबले में सर्जेई ख्रिस्टीच को 147-145 से हराकर दूसरा पदक जीता। समाधान के कांस्य पदक के साथ भारत ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया जहां प्रथमेश और ऋषभ बुधवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में भिड़ेंगे। भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में तीसरा स्वर्ण पदक जीता जब प्रथमेश और परनीत की जोड़ी ने आदिल झेशेनबिनोवा और ख्रिस्टीच की कजाखस्तान की जोड़ी को 158-151 से हराया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को भारतीय तीरंदाज सात स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# शापालोव की इटालियन ओपन में जीत

● संहिता का उल्लंघन भी किया

भाषा। रोम



**डेनिस** शापोवालोव ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में संहिता का उल्लंघन किया लेकिन लोरेंजो सोनेगो को 7-6, 3-6, 6 -3 से हराने में कामयाब रहे। दूसरे सेट में चेयर अंपायर को लाल क्लेकोर्ट पर विरोधी खिलाड़ी की साइड दिखाने के लिए वह नेट के ऊपर से कूद गए थे जो खेलभावना के विपरीत आचरण माना जाता है। अंपायर ने शापोवालोव की सर्विस को बाहर करार दिया था जिससे उनके डबलफाल्ट पर सोनेगो को ब्रेक प्वाइंट मिला। शापोवालोव वह सेट हार गए। उन्होंने हालांकि बाद में अपने आचरण के लिए अंपायर से माफी मांगी। अब उनका सामना जॉर्जिया के निकोलोज बासिलाश्विली से होगा जिन्होंने डेनियल इवांस को 7-6, 6 -2 से हराया। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका ने रीली ओपेलका को 3-6, 7- 5, 6-2 से मात दी। डोमिनिक थिएम को इटली के फेबियो फोगनिनी ने 6- 4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना हमवतन जानिक सिनेर से हो सकता है। महिला वर्ग में 2020 की चैम्पियन सिमोना हालेप ने एलिजे कोर्नेत को 6- 4, 6- 4 से हराया जबकि विक्टोरिया अजारेंका ने विक्टोरिया गोलुबिच को 6- 3, 6- 0 से मात दी। कोको गॉ ने एंजेलिक कर्बर को 6- I, 6-4 से हराया। यूक्रेन की अनहेलिना कालिनिना ने मेडिसन की को 6-4, 6-4 से मात दी।

# अमेरिका को हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में

● उबेर कप फाइनल

● सिंधू ने गेइ को 21-10, 21 -11 से हराकर जीत के साथ शुरूआत दिलाई



भाषा। बैंकॉक

**भारतीय महिला** टीम ने ग्रुप डी के एकतरफा मुकाबले में अमेरिका को 4-1 से हराकर उबेर कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में कनाडा को 4-। से हराने वाली भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे ग्रुप में उसका शीर्ष दो में रहना तय हो गया है। पी वी सिंधू ने जेनी गेइ को 21-10, 21 -11 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरूआत दिलाई। उसके बाद युगल वर्ग में तनीषा क्रास्टो और त्रिसा जॉली ने फ्रांसिस्का कॉर्बेट और एलिसन ली को 21-19, 21-10 से हराया। आकृषि कश्यप ने एस्थेर शि को 21-18, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 की विजई बढ़त दिला दी। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर की युवा जोड़ी लौरेन लाम और कोडी तांग ली से 12-21, 21-17, 13-21 से हार गई। आखिरी मैच में अश्मिता चालिहा ने नताली चि को 21-18, 21-13 से हराया। भारतीय महिला टीम का सामना आखिरी ग्रुप मैच में बुधवार को कोरिया से होगा।

## कहां है ऐश्वर्या मिश्रा? फर्राटा धाविका की तलाश में जुटे हैं डोप परीक्षक

भाषा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** की धाविका ऐश्वर्या मिश्रा पिछले महीने फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद डोप परीक्षण एजेंसियों को गच्चा देकर गायब हो गई और अधिकारियों को अब भी उनके ठिकाने की तलाश है। ऐश्वर्या ने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है लेकिन उन्होंने दो से छह अप्रैल के बीच कोझीकोड में फेडरेशन कप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 51.18 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता था। इस दौरान वह इस दौड़ में तीसरा सबसे तेज समय निकालने वाली धाविका भी बनी। ऐश्वर्या ने जुलाई में अमेरिका में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाई थी।

## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प गंभीर रूप से बीमार, अस्पताल में भर्ती

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज और कोच ग्राहम थोर्प को गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के खिलाड़ी खिलाड़ी यूनियन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।थोर्प ने जनवरी में एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड की हार के बाद कोचिंग स्टाफ में अपनी भूमिका छोड़ दी थी और 52 साल का यह पूर्व खिलाड़ी इसके बाद अफगानिस्तान की टीम से मुख्य कोच के रूप में जुड़ गया। थोर्प के परिवार के आग्रह पर पेशेवर क्रिकेटर्स संघ द्वारा जारी बयान के अनुसार, ग्राहम थोर्प हाल में गंभीर रूप से बीमार हो गए और अभी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। वह कब तक ठीक होंगे इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है और इस समय में उनके और उनके परिवार की निजता का ध्यान रखने की अपील करते हैं।

## जितेश ने विविध शॉट खेलने की क्षमता पर कहा, हर साल एक नया शॉट सीखने का प्रयास करता हूं

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में सफल पदार्पण करने वाले जितेश शर्मा ने अपने विविध शॉट खेलने की क्षमता का श्रेय प्रत्एक साल एक नया शॉट सीखने की आदत को दिया है। विदर्भ के लिए 2014 से सीमित ओवरों का क्रिकेट खेल रहे 28 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने पंजाब किंग्स की ओर से अपने विविध शॉट खेलने की क्षमता से प्रभावित किया है। आईपीएल में पदार्पण के बाद जितेश ने ना सिर्फ अंतिम एकादश में अपनी जगह स्थापित की है बल्कि पंजाब किंग्स की टीम उन पर और लियाम लिविंगस्टोन पर फिनिशर के रूप में निर्भर है।

## सीएसए ने मार्क बाउचर के खिलाफ दुर्व्यवहार के सारे आरोप वापिस लिए

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने राष्ट्रीय कोच मार्क बाउचर के खिलाफ नस्लवाद समेत दुर्व्यवहार के सारे आरोप वापिस ले लिए है। एक सप्ताह बाद ही बाउचर को अनुशासनात्मक कार्वाई में अपना पक्ष रखना था। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बाउचर पर नस्लवादी बर्ताव का आरोप लगाया गया था जिसकी वजह से उन्हें कोच के पद से भी हटाया जा सकता था।

## प्रबंधन के अनावश्यक दखल से क्या केकेआर का प्रदर्शन ग्राफ गिरा ?

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 2022 सत्र से बाहर होने की कगार पर खड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के मुंबई इंडियंस के खिलाफ 52 रन से मिली जीत के बाद आए बयान से सवाल उठने लगे हैं कि क्या प्रबंधन के अत्यधिक दखल से प्रदर्शन ग्राफ गिरा है। अभी तक 12 मैचों में 20 खिलाड़ियों को मौका दिया गया है और एक भी मैच ऐसा नहीं रहा जब समान एकादश रखी गई हो। इससे टीम में स्थिरता ही नहीं आ सकी। मुंबई के खिलाफ मैच के बाद अय्यर से पूछा गया कि टीम में बार बार बदलाव से खिलाड़ियों की क्या प्रतिक्रिया रहती है, उन्होंने कहा , यह काफी कठिन है।